डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

16 अप्रैल 2025

बुधवार




बोले तेजस्वी यादव... इस बार बिहार में हमारी सरकार बनना तय है, सीटों के बंटवारा जल्द

2



# फिरौती नहीं मिलने पर 10वीं के छात्र की हत्या

## अपराधी बेखौफ

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के बेतिया में एक दसवीं की छात्रा की निर्मम हत्या कर दी गई है। छात्र की पहले अपहरण की गई, फिर 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई। डिमांड पूरी नहीं करने पर उसकी हत्या कर दी गई है। बताया जाता है कि अपहरण के 72 घंटे बाद दसवीं के छात्र की हत्या हुई है। मृतक की पहचान शिकारपुर थाना क्षेत्र के मल्दहिया गांव निवासी छात्र इम्तियाज (15) वर्षीय के रूप में की गई है। उसका शव मंगलवार सुबह मनगर टौलाहा के पास रेलवे लाइन के किनारे से बरामद हुआ। देखने से प्रतीत होता है कि अपराधियों ने चाकू गोदकर उसकी हत्या की है।

मृतक की मां ने मिसरून खातून ने बताया, इम्तियाज 9वीं पास किया था और 10वीं में एडमिशन लेने वाला था। 12 अप्रैल यानी शनिवार



को स्कूल गया था, लेकिन वह घर नहीं लौटा। इसके बाद कॉल किया गया तो मोबाइल स्विच ऑफ था। इसके बाद उसकी खोजबीन की जा रही थी। इसी दौरान मेरे फोन पर एक मैसेज आया, जिसमें लिखा था तुम्हारा लड़का हमारे कब्जे में है। 10 लाख रुपये का इंतजाम करो। ज्यादा होशियारी करोगे तो जान से मार देंगे। इधर, शव मिलने की सूचना पाकर एसपी शौर्य सुमन खुद मौके पर पहुंचे और परिजनों से बातचीत की। एसपी ने बताया, 'पीड़ित परिवार के बयान पर एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी में जुट गई है।

पीड़ित परिवार के लोगों ने बताया कि वे लोग शिकारपुर थाने में शिकायत दर्ज कराए। इस दौरान थाने में मौजूद पुलिस ने कहा था कि चिंता करने की जरूरत नहीं है। लड़का मिल जाएगा। छात्र का अपहरण करने के बाद बदमाशों ने वॉट्सएप पर परिजनों से 10 लाख रुपये की डिमांड की थी। शव मिलने के बाद इम्तियाज के घर पर मातम पसरा है। वहीं, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों और स्थानीय लोगों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की और हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। वहीं, एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह ने बताया कि इम्तियाज की हत्या घरेलू और जमीन विवाद में होने की आशंका है। पुलिस इस एंगल से जांच शुरू कर दी है। इम्तियाज की मां ने अपनी सास पर संदेह जताया था।

बता दें की बेतिया एसपी डॉ. शौर्य सुमन खुद इस मामले की मॉनीटरिंग कर रहे थे। लगातार पुलिस जिले में छापेमारी कर रही थी। उसके बावजूद इम्तियाज की जान नहीं बच पाई।

# पुणे के स्क्रैप कारोबारी की बिहार बुलाकर हत्या

## गिरोह का पर्दाफाश

**केटी न्यूज/पटना**

पुणे के बड़े कारोबारी के अपहरण और हत्याकांड मामले में बिहार पुलिस ने 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस अपहरण और हत्याकांड की कई परतें खुल गई हैं और इस गिरोह के बड़े गिरोह का पदार्फाश किया गया है। पुलिस ने यह भी बताया है कि व्यवसायी की हत्या नालंदा में की गई थी और वहां से इनके शव को लाकर जहानाबाद में फेंक दिया गया था। पुलिस ने इस मामले में जो खुलासे किये हैं वह काफी हैरान करने वाला है क्योंकि यह गिरोह अपना पूरा नेटवर्क चलाता है और यह बड़े व्यापारियों को झांसे में लेने के लिए बड़े ही शातिर तरीके से काम करता था। पटना के एसएसपी अवकाश कुमार के अनुसार, अपराधियों का यह बड़ा नेटवर्क बड़े ही शातिराना तरीके से क्राइम को अंजाम देता है। बीते 3 महीने में ही 6



बड़े कारोबारियों का अपहरण किया जा चुका है और 700000 से 4000000 लाख रुपए तक की वसूली इस गिरोह के लोग करते थे। जानकारी के अनुसार, यह गिरोह जाल बिछाता था और जीमेल के बाद माध्यम से स्क्रैप की नीलामी का झांसा देकर व्यवसायियों को अपने चंगुल में फंसाता था और फिर डील होती थी। जब व्यवसायी ट्रैप में आ जाते तो इसके बाद उनको ठेका दिलाने या स्क्रैप का माल देने के बहाने बिहार बुलाया जाता है और फिर उसका अपहरण कर वसूली की जाती।

अपराधियों ने पुणे के व्यवसायी को झांसे में लेकर बिहार बुला लिया। फिर 11 अप्रैल की दोपहर पटना एयरपोर्ट से अपहरण कर लिया गया और वसूली की कोशिश की गई। लेकिन, जब इस मामले में अपराधी सफल नहीं हो पाए तो 12 अप्रैल को लक्ष्मण साधु शिंदे बेरहमी से हत्या कर दी गई।

बता दें कि बीते शनिवार को जहानाबाद जिले के घोसी थाना क्षेत्र के झुनकी और मननपुर के बीच पुणे के व्यवसायी लक्ष्मण साधु शिंदे का शव मिला था। इस हाईप्रोफाइल अपहरण और फिर हत्या के मामले के सामने आने के बाद बिहार पुलिस में हड़कंप मच गया था। पटना पुलिस के साथ नालंदा और जहानाबाद की पुलिस टीम जांच कर रही थी। मंगलवार को मामले का खुलासा हो गया और पुणे के व्यापारी के परिजन शव लेकर पुणे रवाना हो गए। पटना एसएसपी अवकाश कुमार ने भी माना है कि इस तरह के अपराध को रोकना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती है, लेकिन पुलिस ऐसे नेटवर्क को ध्वस्त कर करने के लिए दृढ़संकल्पित है।

## हरदोई के कार्यक्रम में उप्र के सीएम ने बंगाल की सीएम पर बोला हमला

# बंगाल जल रहा है और वहां की मुख्यमंत्री चुप हैं, दंगाइयों का उपचार डंडा ही है: योगी

### वक्फ कानून पर खरी-खरी

- बोले- जिन लोगों को बांग्लादेश अच्छा लगता हो उन्हें वहीं चले जाना चाहिए
- जमीन कब्जा करने के लिए गुंडागर्दी की नहीं मिलेगी छूट

**एजेंसी/लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बंगाल जल रहा है और वहां की मुख्यमंत्री चुप हैं। दंगाइयों को शांतिदूत कहती हैं। इन दंगाइयों का उपचार डंडा ही है। उन्होंने कहा कि लातों के भूत बातों से कहां मानने वाले हैं। सेकुलरिज्म के नाम पर दंगा करने वालों को बंगाल में पूरी छूट दे रखी है। उन्होंने यह भी कहा कि जिन लोगों को बांग्लादेश अच्छा लगता हो उन्हें वहीं चले जाना चाहिए। यहां क्यों बोझ बने हैं। मुख्यमंत्री मंगलवार को हरदोई में अमर सेनानी नरपति सिंह रैकवाड़ के विजयोत्सव में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल का मुर्शिदाबाद पिछले एक सप्ताह से जल रहा है। वहां के दंगों पर कांग्रेस, टीएमसी और सपा चुप है। इस अराजकता पर लगाम लगनी चाहिए। उन्होंने न्यायालय को धन्यवाद कहा, जिसके निर्देश पर केंद्रीय बलों की तैनाती कर वहां के अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा की गई। कहा कि कुछ लोग बांग्लादेश में जो हुआ उसका समर्थन बेशर्मी के साथ कर रहे हैं।



### वक्फ की जमीनों पर अस्पताल व गरीबों के लिए मकान बनेंगे

मुख्यमंत्री ने वक्फ संशोधन अधिनियम का जिक्र करते हुए कहा कि इससे गरीबों की जमीनों पर पड़ने वाली डकैती पर लगाम लगेगी। अधिनियम के जरिए जो जमीनें वापस आएंगी, उन पर अस्पताल बनेंगे। गरीबों के लिए मकान बनेंगे, स्कूल, विश्वविद्यालय बनेंगे और निवेश के लिए लैंड बैंक बनेंगे। जमीन कब्जा करने के लिए गुंडागर्दी की छूट नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि विपक्षी इसलिए परेशान हैं कि अब गुर्गे खाली हो जाएंगे। खाली गुर्गे कहीं भस्मासुर न बन जाएं और उनको ही न लूटने लगें इसलिए भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। लोकतंत्र का संचालन बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के बनाए संविधान के आधार पर होता है। हमें संविधान पर विश्वास है। विरासत भी सहेजनी है और विकास भी करना है।

### लूट मचाने वाली फौज पर सर्जिकल स्ट्राइक है वक्फ कानून : नकवी

नई दिल्ली। वक्फ संशोधन कानून को लेकर हो रहे विरोध प्रदर्शन पर पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने करारा हमला बोला है। नकवी ने वक्फ कानून को लेकर कहा कि ये कानून अंधाधुंध लूट मचाने वाली फौज पर सर्जिकल स्ट्राइक है। पत्रकारों से बात करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि जो लोग लूट में लगे हुए थे, उन्हें बाहर किया जा रहा है। जो लोग तुष्टिकरण में माहिर हैं वहीं लोग इस कानून से रो रहे हैं। नरेंद्र मोदी सरकार में अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री रहे नकवी ने कहा कि एक तरफ जो लोग लूट की व्यवस्था में लगे थे वो अब असहाय हो गए हैं। जबकि तुष्टिकरण में माहिर लोग घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि ये कानून वक्फ प्रणाली के सुधार के लिए महत्वपूर्ण है। नकवी ने आगे कहा कि आम लोगों के कंधों पर छल की बंदूक रखकर भय और भ्रम का जाल बुन कर डरा रहे हैं। ये लोग सांप्रदायिक साजिश का टोकरा रखकर घूम रहे हैं। वहीं नकवी ने वक्फ कानून से होने वाले लाभों पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन अधिनियम कानून का राज स्थापित करेगा और लूट की होड़ को खत्म करेगा। ये कानून वक्फ के मौजूदा व्यवस्था के भ्रम, विरोधाभासों को ठीक करते हुए सुधार का मार्ग प्रशस्त करेगा। विपक्ष द्वारा किए जा रहे हमले को लेकर नकवी ने कहा कि जो लोग संसद में वक्फ संशोधन पर चर्चा के दौरान तर्कों के अभाव और तर्कों की कमी- तथ्यों के अभाव में जूझ रहे थे। वो अब सड़कों पर हंगामा कर रहे हैं। इन लोगों ने संवैधानिक सुधार पर सांप्रदायिक हमला किया है।

### वक्फ की संपत्तियों का कोई नुकसान नहीं होगा : सूफी संत चिश्ती

**अजमेर।** वक्फ कानून को लेकर कई संगठन विरोध कर रहे हैं। वहीं, इस मुद्दे पर पश्चिम बंगाल में हिंसा भी हुई। इस बीच अजमेर में सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह में दीवान सैयद जैनुअल आबेद्दीन के उत्तराधिकारी और ऑल इंडिया सूफी सज्जादानशीन काउंसिल के चेयरमैन सैयद नसीरुद्दीन चिश्ती ने बयान जारी किया है। उन्होंने बिल की हिमायत करते हुए देश के मुसलमानों से शांति बनाए रखने की अपील की है। चिश्ती ने कहा कि हिंसा किसी मसले का हल नहीं है और इसकी निंदा की जानी चाहिए। सैयद नसीरुद्दीन चिश्ती ने कहा कि वक्फ बिल को लेकर हिंसा हो रही है जो देश और समाज के हित मे नहीं है। हिंसा की निंदा सभी करते हैं। चिश्ती ने लोगों से अपील की है कि वह शांति बनाए रखें। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन बिल को लेकर बने कानून में ऐसी कोई बात नहीं है, जिससे लोगों के मामले को किसी तरह का कोई नुकसान हो रहा है या वक्फ संपत्ति को किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हो रहा है। सरकार आधिकारिक तौर पर बार-बार यह कह चुकी है बिल से वक्फ की संपत्तियों को किसी तरह का कोई नुकसान नहीं होगा।

# सोनिया गांधी और राहुल पर चार्जशीट दाखिल

### नेशनल हेराल्ड केस

**एजेंसी/नई दिल्ली**

नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर शिकंजा कसते हुए मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपपत्र दायर किया है। जांच एजेंसी की ओर दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में आरोपपत्र दाखिल किया गया है। ईडी ने दोनों नेताओं को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी बनाया है। आरोपपत्र में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सैम पित्रोदा, सुमन दुबे समेत कई नेताओं के नाम भी शामिल हैं। ईडी की ओर से दाखिल किए गए आरोपपत्र पर राउज एवेन्यू कोर्ट में 25 अप्रैल को सुनवाई होगी। यह पहली बार है जब कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ किसी मामले में चार्जशीट दाखिल की गई है। बता दें कि, ईडी ने साल 2014 में एजेएल और यंग इंडिया के खिलाफ पीएमएलए के तहत जांच शुरू हुई थी। ईडी ने एजेएल और यंग इंडिया की अभी तक करीब 751.9 करोड़ रुपये कीमत की प्रॉपर्टी जब्त की है।

### क्या है नेशनल हेराल्ड मामला

नेशनल हेराल्ड समाचार पत्र की स्थापना 1938 में पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने की थी। साल 2008 में वित्तीय संकट के बाद समाचार पत्र बंद हो गया और यहीं से इस विवाद की शुरूआत हुई। इसके बाद 2010 में यंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी बनीं, जिसमें सोनिया गांधी और राहुल की 38-38 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इस मामले में भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने 2012 में आरोप लगाया कि वाईआईएल ने एजेएल की 2000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियों को मात्र 50 लाख रुपये में हासिल कर लिया। यह धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग का मामला है।

### सड़क हादसे में जदयू नेता समेत दो की मौत

**अरवल।** बिहार के अरवल में सड़क हादसे में जदयू नेता समेत दो लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जदयू नेता की कार एक कंटेनर से टकरा गई, वे लोग झारखंड के रजरप्पा मंदिर से दर्शन कर लौट रहे थे। इस भीषण टक्कर में जदयू जिला उपाध्यक्ष सह जिला बीस सूत्री सदस्य जीतन शर्मा समेत दो अन्य लोगों ने अपनी जिंदगी गंवा दी है। वहीं, इसके अलावा कुल तीन लोग घायल हुए हैं। जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुल 5 लोग इस कार में सवार थे। ये सभी लोग अरवल के ही रहने वाले थे। दुर्घटना नेशनल हाइवे 139 पर बुलाकी बिगहा गांव के पास घटित हुई है। हादसे से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# अयोध्या के राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी, मचा हड़कंप

**एजेंसी/अयोध्या**

अयोध्या के राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी मिली है. ईमेल के जरिए धमकी भेजी गई है। धमकी भेजने वाले ने कहा कि मंदिर की सुरक्षा कितनी भी बढ़ा लो, लेकिन इसे आईइडी ब्लास्ट से उड़ाने से कोई नहीं रोक सकता है। यह धमकी भरा मेल तमिलनाडु से आया है। अयोध्या पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही मंदिर की सुरक्षा बढ़ाते हुए जवानों की तैनाती बढ़ा दी है।

जानकारी के मुताबिक, यह धमकी भरा मेल बीते सोमवार राम जन्मभूमि ट्रस्ट आया था। इसमें लिखा था, 'बढ़ा लो मंदिर की सुरक्षा'। जिसके बाद ट्रस्ट ने अयोध्या साइबर थाने में जाकर एफआईआर दर्ज कराई है। साइबर सेल की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह धमकी भरा ई-मेल तमिलनाडु से आया था। तमिलनाडु में किस जगह से किया गया इसकी जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि धमकी भरा यह मेल श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अकाउंट ऑफिसर महेश कुमार को आया था। उन्होंने इसकी जानकारी मंदिर प्रबंधन को दी. हालांकि, इस धमकी में कोई दम नहीं बताया जा रहा है। ऐसा लग रहा है कि किसी ने शरारत करने के लिए ऐसा काम किया है।

# अस्पताल से बच्चा गायब हो तो रद्द करें लाइसेंस

### सुप्रीम कोर्ट का सख्त निर्देश

**एजेंसी/नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बाल तस्करी को लेकर सख्त आदेश जारी किया। कोर्ट ने कहा कि अगर अस्पताल से नवजात गायब होते हैं तो अस्पताल का लाइसेंस रद्द कर दिया जाए। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने सभी निचली अदालतों को बाल तस्करी से जुड़े मामलों की सुनवाई छह महीने में पूरी करने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने बाल तस्करी के मामलों से निपटने के तरीके को लेकर भी उत्तर प्रदेश सरकार की आलोचना की। ऐसे अपराध रोकने के लिए राज्यों को सख्त दिशा-निर्देश दिए। न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि देशभर के हाईकोर्ट में बाल तस्करी के कितने मामले लंबित हैं, इसकी जानकारी दी जाए। इसके बाद छह महीने में मुकदमे को पूरा करने और दिन-प्रतिदिन सुनवाई करने के निर्देश जारी किए जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने बाल तस्करी के मामलों से निपटने के लिए सख्त निर्देश जारी किए। कोर्ट ने कहा कि अगर कोई नवजात शिशु चोरी होता है तो अस्पतालों का लाइसेंस रद्द कर दिया जाना चाहिए। यदि कोई महिला अस्पताल में बच्चे को जन्म देने आती है और बच्चा चोरी हो जाता है, तो पहला कदम लाइसेंस निलंबित करना होना चाहिए। पीठ ने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा।

# साइबर ठगों ने राजद एमएलसी कारी सुहैब को 12 घंटे डिजिटल अरेस्ट रखा

**केटी न्यूज/पटना**

राष्ट्रीय जनता दल के विधान पार्षद को साइबर ठगों ने अपने चंगुल में फंसाकर करीब 12 घंटे तक डिजिटल अरेस्ट करके रखने का मामला सामने आया है। अब इस पूरे मामले में राजद के विधान पार्षद ने साइबर थाने में मामला दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय जनता दल के विधान पार्षद कारी सुहैब को साइबर ठगों ने करीब 12 घंटे तक डिजिटल अरेस्ट करके रखा। कारी सुहैब ने अपनी शिकायत दर्ज कराई है। विधान पार्षद ने बताया कि आठ अप्रैल को दो नंबर +648308507 02, 7866865784 से उन्हें कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को साइबर क्राइम ब्रांच का अधिकारी बता मनी लॉड्रिंग के मामले में फंसाने की धमकी दी। इसके बाद अरेस्ट कर लिया।







## भारतीय मौसम विभाग ने इस साल होने वाली मानसून की बारिश को लेकर जारी किया अनुमान

# इस साल देश में औसत से 105 फीसदी अधिक बारिश का अनुमान

**एजेंसी/नई दिल्ली**

भारतीय मौसम विभाग ने इस साल होने वाली मानसून की बारिश को लेकर अनुमान जारी किया है। मौसम विभाग की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक, इस साल भारत में औसत से 105 फीसदी अधिक मानसूनी बारिश हो सकती है। इसके साथ ही आईएमडी ने का कहना है कि इस साल भारतीय उपमहाद्वीप में मानसून के दौरान अल नीनो स्थितियां विकसित होने की संभावना नहीं है।

अल नीनो का नहीं दिखेगा असर

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी)



के प्रमुख मृत्युंजय महापात्रा ने कहा, भारत में चार महीने के मानसून सत्र (जून से सितंबर) में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है। राष्ट्रीय मौसम विभाग ने कहा कि उसे मानसूनी बारिश लॉन्ग पीरियड एवरेज के न्यूनतम 105 प्रतिशत रहने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि भारतीय उपमहाद्वीप में सामान्य से कम मानसून वर्षा के लिए जिम्मेदार अल नीनो की स्थिति इस बार विकसित होने की संभावना नहीं है। अल नीनो मौसम से जुड़ी एक वैश्विक घटना है, जिसका दक्षिण-पश्चिम मानसून पर गहरा असर पड़ता है। अल नीनों की स्थिति तब बनी है जब प्रशांत महासागर के कुछ हिस्सों में समुद्री सतह का तापमान बढ़ जाता है, जिससे दुनिया के कई क्षेत्रों में मौसमी पैटर्न बिगड़ जाते हैं। देश के कई हिस्से पहले से ही भीषण गर्मी से जूझ रहे हैं और अप्रैल से जून की अवधि में काफी अधिक गर्मी वाले दिन होने की उम्मीद है। इससे बिजली ग्रिड पर दबाव पड़ सकता है और पानी की कमी हो सकती है। भारत में खेती योग्य जमीन का 52 प्रतिशत प्राथमिक वर्षा प्रणाली पर निर्भर करता है। यह देश भर में बिजली उत्पादन के अलावा पीने के पानी के लिए महत्वपूर्ण जलाशयों को फिर से भरने के लिए भी महत्वपूर्ण है। इसलिए, मानसून के मौसम में सामान्य वर्षा की भविष्यवाणी देश के लिए एक बड़ी राहत की बात है। जलवायु वैज्ञानिकों का कहना है कि बारिश के दिनों की संख्या घट रही है जबकि भारी बारिश की घटनाएं (थोड़े समय में अधिक बारिश) बढ़ रही हैं, जिससे लगातार सूखे और बाढ़ की स्थितियां उत्पन्न हो रही हैं।

### बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर आरजेडी, कांग्रेस के नेताओं की दिल्ली में हुई बैठक

# बोले तेजस्वी यादव... इस बार बिहार में हमारी सरकार बनना तय है, सीटों का बंटवारा जल्द

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर आरजेडी और कांग्रेस की मीटिंग हुई। यह मीटिंग लगभग 45 मिनट चली। बैठक के बाद खड़गे आवास के बाहर मीडिया से बात करते हुए तेजस्वी ने कहा कि जो भी चीजें हैं, मिलकर बैठकर तय हो जाएंगी। सीएम फेस के सवाल पर उन्होंने कहा कि बातचीत से सब फाइनल होगा। आपलोग चिंता न करें। कितने सीट पर कौन चुनाव लड़ेगा इस सवाल पर तेजस्वी यादव ने कोई जवाब नहीं दिया। उन्होंने दावा किया कि इस बार बिहार में हमारी सरकार बनेगी यह तय है। बैठक में राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे, कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल मौजूद रहें। वहीं राजद की ओर से तेजस्वी यादव के साथ-साथ राजद सांसद मनोज झा, और संजय यादव भी शामिल हुए। वहीं बिहार कांग्रेस से प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम और प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरू मीटिंग में शामिल हुए। प्रदेश प्रभारी बनने के बाद पहली बार अल्लावरू और तेजस्वी की ये पहली मुलाकात रही। वहीं 6 अप्रैल को राजेश राम ने राबड़ी आवास जाकर तेजस्वी से मुलाकात की थी। तेजस्वी यादव ने कहा कि हम सभी ने बैठक की है और काफी सकारात्मक चर्चा हुई है और हम सभी 17 तारीख को पटना में अपने गठबंधन सहयोगियों के साथ बैठेंगे। हम पूरी तरह से तैयार हैं।



### पिताजी ही होंगे बिहार के मुख्यमंत्री : निशांत

पटना। जनता दल (यूनाइटेड) प्रमुख नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार ने मंगलवार को स्पष्ट कहा कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के बाद भी उनके पिता ही मुख्यमंत्री बने रहेंगे। उन्होंने यह दावा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के हालिया बयान के आधार पर किया। निशांत कुमार ने बताया कि चुनावों में राजग की जीत के बाद मेरे पिता के मुख्यमंत्री बने रहने को लेकर कोई संदेह नहीं है। अमित शाह ने बिहार दौरे के दौरान यह स्पष्ट कर दिया था। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी यही बात कही है। चुनाव के बाद भाजपा जदयू से नाता तोड़ सकती है और नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद से हटा सकती है, तो निशांत ने आश्चर्य जताते हुए इसे सिरे से खारिज कर दिया। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने बिहार दौरे के दौरान अमित शाह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ मंच साझा किया था और उनके नेतृत्व की सराहना की थी। दोनों नेता मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित राजग के घटक दलों की बैठक में भी साथ दिखे थे। निशांत से जब यह पूछा गया कि क्या वे आगामी विधानसभा चुनाव लड़ सकते हैं और सक्रिय राजनीति में प्रवेश करने को तैयार हैं, तो उन्होंने इस सवाल को टाल दिया। हालांकि, उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि इस बार राजग को 2020 से भी बड़ा जनादेश दें। वर्ष 2020 में जदयू-भाजपा गठबंधन ने 243 सदस्यीय विधानसभा में 200 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज की थी। विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव द्वारा बार-बार लगाए जा रहे इस आरोप पर कि नीतीश कुमार मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ नहीं हैं, निशांत ने पलटवार करते हुए कहा कि मेरे पिता शत-प्रतिशत स्वस्थ हैं और अगले पांच साल तक सरकार चलाने में पूरी तरह सक्षम हैं। उनके स्वास्थ्य के बारे में गलत अफवाह फैलायी जा रही है।


### बोले खड़गे... इस बार बिहार में बदलाव निश्चित

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि इस बार बिहार में बदलाव निश्चित है। आज हमने बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से मुलाकात कर महागठबंधन की मजबूती पर चर्चा की। कांग्रेस प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने कहा कि आज शुरुआती बैठक थी, आगे हम सभी साथ बैठ कर इस पर निर्णय लेंगे। अगली बैठक 17 तारीख को पटना में होगी, आगे की रणनीति वहां तय होगी। सीएम फेस के सवाल पर अल्लावरू ने कोई जवाब नहीं दिया। खड़गे बोले- इस बार बिहार में बदलाव निश्चितबिहार विधानसभा चुनाव को लेकर दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी के साथ करीब एक घंटे की बैठक के बाद आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि बातचीत सकारात्मक हुई। गुरुवार (17 अप्रैल) को पटना में आरजेडी और कांग्रेस के साथ वाम दलों और वीआईपी के नेताओं की बैठक होगी। हालांकि, गठबंधन में सीट बंटवारे का फामूर्ला सामने नहीं आया है महागठबंधन के मुख्यमंत्री के फेस के सवाल पर तेजस्वी ने कहा कि परेशान होने की जरूरत नहीं है. हम बैठ कर तय करेंगे और बात सामने आ जाएगी तेजस्वी ने उल्टे एनडीए के सीएम उम्मीदवार को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि नीतीश कुमार हाईजैक हो चुके हैं।

## बिहार के हजारों एनजीओ का कैंसिल हो सकता है रजिस्ट्रेशन

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में हजारों की संख्या में ऐसे एनजीओ हैं, जिन्होंने अब तक अपना वार्षिक ब्यौरा दाखिल नहीं किया है। ऐसा नहीं करने वाले सभी एनजीओ और संस्थाओं का निबंधन रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी। निबंधन विभाग ने ऐसी सभी संस्थाओं और स्वयंसेवी संगठनों को वार्षिक ब्यौरा ऑनलाइन जमा कराने के लिए 31 मई 2025 तक की समय सीमा दी है। अभी बिहार में हजारों की संख्या में ऐसे एनजीओ हैं, जिन्होंने अब तक अपना वार्षिक ब्यौरा दाखिल नहीं किया है। ऐसा नहीं करने वाले सभी एनजीओ व संस्थाओं का निबंधन रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के मुताबिक यह रिपोर्ट अब भौतिक रूप से विभाग में स्वीकार नहीं किए जायेंगे बल्कि इसे ऑनलाइन अपलोड करना जरूरू होगा। रजिस्ट्रीकरण नियमावली के अनुसार सभी संस्थाओं को अपनी वार्षिक रिपोर्ट, ऑडिट रिपोर्ट, प्रपत्र ग और विदेशी अंशदान की प्राप्ति एवं उपयोगिता से संबंधित ब्यौरा हर साल देना अनिवार्य है। बावजूद कई संस्थाओं ने पांच सालों से अधिक समय से वांछित रिपोर्ट जमा नहीं कराया है। विभाग ने इनको अंतिम मौका देते हुए 31 मई तक रिपोर्ट ऑनलाइन अपलोड करने का निर्देश दिया है।




## गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठी राजधानी, जमीन विवाद को लेकर कई राउंड हुई फायरिंग

**केटी न्यूज/पटना**

राजधानी पटना एक बार फिर गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा है। मामला पटना के पॉश इलाका गांधी मैदान थाना क्षेत्र के लालजी टोला का बताया जा रहा है, जिसका वीडियो सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई है।बताया जा रहा है कि जमीन विवाद को लेकर कई की संख्या में असामाजिक तत्व ने मारपीट के साथ कई राउंड गोलियां भी चलाया। वहीं, थानाध्यक्ष गांधी मैदान को इसकी सूचना दी गई। सूचना के आलोक में गांधी मैदान थानाध्यक्ष समेत आसपास के कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। वहीं, पुलिस ने घटना स्थल से कई खोखा भी बरामद किया। वहीं, टाउन डीएसपी-2 प्रकाश कुमार भी मौके वारदात पर पहुंचकर जांच में जुटी। एक युवक को चोट लगी है, जिसे स्थानीय लोगों द्वारा बेहतर इलाज के निजी अस्पताल भेजा गया। डीएसपी प्रकाश कुमार ने कहा कि लालजी टोला स्थित



विद्या भूषण नाम के व्यक्ति का घर है। जहां जानकारी मिली है कि सदानंद नाम के पक्ष ने जमीन विवाद में मारपीट कर गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया। वीआईपी पार्टी के प्रवक्ता आनंद मधुकर दर्जन भर लोगों के साथ घटना को अंजाम दिया। पूरे मामले की जांच में पुलिस जुटी है। पुलिस के लिए यह बड़ी चुनौती है, पुलिस इस चुनौती को स्वीकार करती है।

### उप डाकघर में लूट की कोशिश, हथियार के साथ एक अपराधी गिरफ्तार

**पूर्णिया।** पूर्णिया के एक उप डाकघर में नकाबपोश अपराधियों ने दिनदहाड़े लूट की कोशिश की। हालांकि, डाकघर के कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए एक अपराधी को पकड़ लिया। जबकि दूसरा भागने में सफल रहा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने डाक कर्मियों ने पकड़े गए अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा अपराधी कोढ़ा थाना क्षेत्र के अभिषेक सिंह के रूप में की गई। उप डाकघर के कर्मी मनोज कुमार ने बताया कि उप डाकघर में दिनदहाड़े लूट की कोशिश हुई। बाइक सवार दो नकाबपोश अपराधी डाकघर में घुसे और कर्मियों से पोस्टल ऑर्डर और रुपये की मांग करने लगे।




### औरंगाबाद की अदालत ने तत्कालीन डीएम को किया तलब

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के तत्कालीन डीएम को कंवल तनुज को सिविल कोर्ट ने तलब किया है। मामला गलत अभियोजन की स्वीकृति देने से जुड़ा है। मामले में औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय के जिला एवं सत्र न्यायाधीश-2 विश्व विभूति गुप्ता की अदालत ने तलब करते हुए कहा कि तत्कालीन डीएम और पुलिस के निर्णय में अंतर क्यों है। मामले को लेकर अदालत में चल रहे एसटीआर-354/17, 313/23 एवं दाउदनगर थाना कांड संख्या-53/17 की सुनवाई करते हुए जिला जज ने मंगलवार को तत्कालीन जिलाधिकारी कंवल तनुज को अधिकारिक रूप से न्यायालय में उपस्थित होने को कहा। कोर्ट ने तत्कालीन डीएम को तलब करते हुए सुनवाई की अगली तारीख पांच मई निर्धारित की है।

## दवा आपूर्ति में देश का सिरमौर बना बिहार, 20 सालों में 10 गुना बढ़ी मेडिकल कवरेज

**केटी न्यूज/पटना**

वर्ष 2005 के बाद से राज्य की स्वास्थ्य प्रणाली में जो व्यापक सुधार हुए हैं। उनमें सबसे अहम पहलू है शुल्क दवा नीति। इस नीति के तहत बिहार आज देश में सबसे अधिक 611 प्रकार की औषधियां मरीजों को मुफ्त उपलब्ध कराने वाला राज्य बन चुका है। इसमें कैंसर, हार्ट से लेकर वायरल से लेकर अन्य सभी महत्वपूर्ण श्रेणी की बीमारियों की दवाईयां शामिल हैं। पिछले 20 वर्ष में सरकारी अस्पतालों से दवा आपूर्ति में 10 गुणा की बढ़ोतरी हो गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहल ने वर्ष 2005 में स्वास्थ्य सुधार की नई दिशा प्रारम्भ की। इस कदम से बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था में व्यापक सुधार हुआ, जिससे मुफ्त दवा नीति को मजबूती मिली। इन प्रयासों का परिणाम है कि आज बिहार स्वास्थ्य सेवाओं और दवा वितरण में देश का अग्रणी राज्य बन गया है। बीते पांच वर्षों में राज्य सरकार ने मुफ्त दवा नीति के तहत दवा आपूर्ति और वितरण पर 10 गुणा तक खर्च बढ़ाया है। जहां पहले यह खर्च सीमित था, वहीं वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह बढ़कर लगभग 762 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक 2025-26 में यह खर्च 1100 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। स्वास्थ्य सेवाओं में जो गुणवत्तापूर्ण सुधार आया है, इससे साफ नजर आ रहा है कि वर्ष 2005 से पहले अस्पतालों में दवाइयां नहीं मिलती थी लेकिन वर्ष 2005 के बाद से अस्पतालों में जीवनरक्षक दवाइयां मिलने लगी हैं, जिससे गरीब तबके के मरीजों को अब जेब ढीली नहीं करनी पड़ती है। केंद्र सरकार के डीवीडीएमएस (ड्रग्स एंड वैक्सिन डिस्ट्रीब्यूशन मैनेजमेंट सिस्टम) पोर्टल के अनुसार बिहार लगातार 5वें महीने देश में दवा आपूर्ति और वितरण के क्षेत्र में पहले स्थान पर बरकरार है। यह राज्य सरकार की स्वास्थ्य सुधार के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है।इस पहल की शुरूआत 1 जुलाई 2006 से हुई, जब कैबिनेट की मंजूरी के बाद राज्य में मुफ्त दवा वितरण की नींव रखी गई। वर्ष 2006 में सिर्फ 47 प्रकार की औषधियां उपलब्ध थी। वर्ष 2008 में ओपीडी मरीजों के लिए 33 प्रकार और आईपीडी मरीजों के लिए 112 प्रकार की दवाइयां सूचीबद्ध वर्ष 2023 में सूची में वृद्धि होकर 611 प्रकार की दवाइयां और 132 प्रकार के डिवाइसेज शामिल हो चुके हैं।

### छात्र-शिक्षक स्कूल स्तर पर चल रहे विकास कार्यों के बारे में शिकायत कर सकते हैं

# शिक्षा विभाग से जुड़ी शिकायतों के लिए जारी किए गये एक टोल फ्री व 5 अलग-अलग मोबाइल नंबर

**केटी न्यूज/पटना**

शिक्षा विभाग ने शिक्षण व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए एक टोल-फ्री नंबर और पांच मोबाइल नंबर जारी किए हैं। अब छात्र शिक्षक और नागरिक स्कूल स्तर पर चल रहे विकास कार्यों और अन्य समस्याओं के बारे में शिकायत कर सकते हैं। इसको लेकर खुद शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एक्टिव नजर आ रहे हैं। इसी कड़ी में शिक्षा विभाग के तरफ से किसी भी तरह की शिकायत के लिए नया नंबर जारी किया गया है। शिक्षा विभाग के टोल फ्री नंबर 14417/18003454417 या मोबाइल नंबर 9229206201 पर आधारभूत संरचना -विद्यानय का भवन व कमरों की स्थिति, निमार्णाधीन कार्य की गुणवत्ता, छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय की उपलब्धता,



उपयोगिता, पेयजल की सुविधा, विद्युत कनेक्शन, पंखा, ट्यूब लाइट, बल्ब की उपलब्धता, चारदीवारी की उपलब्धता की शिकायत कर सकते हैं। प्रत्येक शुक्रवार को अंडा -मौसमी फल का वितरण, साफ-सफाई, स्वच्छता, शामिल है। जबकि, मोबाइल नंबर 9229206203 योजना संबंधी शिकायत दर्ज की जाएगी। इसी तरह 9229206204 पर निविदा व भुगतान संबंधित जैसे निविदा, भुगतान, आनबोडिंग से संबंधित शिकायत की जा सकती है। इधर, टोल फ्री नंबर-14417/18003454417 और मोबाइल नंबर - 9110054295 पर विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय से संबंधित शिकायतें दर्ज की जाएगी। इसके अलावा टोल फ्री नंबर पर शिक्षा विभाग के कर्मचारी द्वारा अवैध राशि वसूलने की भी शिकायत की जा सकती है।शिक्षा विभाग के मोबाइल नंबर 9229206202 पर शिक्षकों स्थापना से संबंधित शिकायत दर्ज की जाएगी। जिसमें वेतन भुगतान, वेतन वृद्धि, बकाया राशि का भुगतान, वेतन निर्धारण, मातृत्व, चिकित्सा, सीएल, एसएल, ईएल की स्वीकृति, सेवानिवृत्ति लाभ से संबंधित भुगतान, चिकित्सा दावा की प्रतिपूर्ति, सेवा पुस्तिका अद्यतीकरण, नए शिक्षक का एचआरएमएस, आइडी से संबंधित आंकड़े में सुधार शामिल है।



## मुख्य पथ पर महाजाम के बाद लिंक पथों पर भी लगा जाम, मीडिया की पहल के बाद टूटी प्रशासन की तंद्रा

# एक किलोमीटर की दूरी तय करने में स्कूली वैन को लगे साढ़े चार घंटे, बिलख गए बच्चे

◆ पैदल भागते हुए स्कूल पहुंचे शिक्षक, प्रशासन बेफिक्र

**केटी न्यूज/डुमरांव**

मंगलवार का दिन स्कूली बच्चों व शिक्षकों के लिए भारी फजीहत वाला रहा। फजीहत का कारण स्टेशन रोड में अहले सुबह से लगा भयंकर जाम रहा। इसका अंदाजा इसी से लगाय जा सकता है कि स्कूली वैन को महज एक किलोमीटर की दूरी तय करने में साढ़े चार घंटे का समय लग गया। इस दौरान करीब दो दर्जन स्कूली बसों में सैकड़ो बच्चें फंसे रहे तथा भूख प्यास व ट्रैफिक में फंसे वाहनों के कर्कश आवाज से परेशान रहे।

बच्चों के साथ ही आम यात्रियों, रेल यात्रियों, एंबुलेंस आदि भी जाम में फंसी रही। इस जाम में फंस कई यात्रियों की टेज्न छूट गई, जबकि कई अपने निर्धारित वाहन को छोड़ पैदल ही अपने गंतव्य पर पहुंचे। वहीं, विभिन्न स्कूलों के शिक्षक व छात्र भी पैदल जाते नजर आए। जबकि कई छात्रों को उनके अभिभावक या तो अपने बाइक से स्कूल छोड़े या फिर बैरंग लौटा लाए।

इस दौरान कही भी पुलिस प्रशासन नजर नहीं आ रहा था, जबकि यूपी प्रशासन द्वारा सोमवार की देर शाम से ही ट्रकों का परिचालन रोक दिया गया था। जिस कारण रात से एनएच 922 व एनएच 120 पर ट्रकों की लंबी लाइन लगी रही। सुबह करीब नौ बजे मीडिया की पहल पर पुलिस प्रशासन सक्रिय हुआ, इसके बाद ही जाम हटाया जा सका तथा जाम में फंसे स्कूली वाहन तथा अन्य यात्री वाहन अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए।

**गंभीर होते जा रही है यातायात की समस्या : शहर के मुख्य सड़क स्टेशन रोड** में यातायात की व्यवस्था गंभीर समस्या बनती जा रही है। फोरलेन से जुड़ाव के कारण यह सड़क अत्यधिक व्यस्त रहता है, लेकिन ट्रैफिक नियंत्रण के लिए कोई प्रशासनिक तैनाती नहीं है। परिणामस्वरूप, प्रतिदिन जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे स्थानीय लोगों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बालू लदे ट्रकों के कारण जाम की स्थिति और विकराल बन गई है। जाम की वजह से मरीजों को ले जा रही एंबुलेंस भी घंटों फंसी रह जाती हैं। स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि लोग एंबुलेंस को रास्ता देने में भी असमर्थ हो जाते हैं, जिससे मरीजों की जान जोखिम में पड़ रही है। प्रशासन की उदासीनता के कारण इस समस्या का कोई समाधान नहीं निकल पाया है, जिससे नागरिकों में भारी आक्रोश है। मंगलवार को इस सड़क पर कई स्कूली वाहन घंटों तक जाम में फंसा रहा। गर्मी और ट्रैफिक के शोर से बच्चे घबरा गये। स्थिति को देखते हुए आसपास के लोगों ने मानवीयता दिखाते हुए बच्चों को वाहन से बाहर निकाला और उन्हें पानी पिलाया। यह घटना दशार्ती है कि जाम से केवल वाहन चालक ही नहीं, बल्कि मासूम स्कूली बच्चे भी प्रभावित हो रहे हैं।

**बाइपास सड़क का हैं आभाव :** डुमरांव में बाइपास सड़क का अभाव है जिस कारण मालवाहक वाहनें बीच शहर से होकर गुजरती है। बता दें कि शहर के बीच से होकर गुजरने वाली एनएच 120 सड़क भी बहुत पुरानी है। इस बीच वाहनों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। शहर की आबादी भी तेजी से बढ़ी है। वाहनों के भारी दबाव के कारण ही स्टेशन रोड में हर समय जाम की समस्या बनी रहती है। इस समस्या का स्थायी समाधान बाइपास सड़क निर्माण को बताया जाता है।

शहरवासियों की बढ़ती नाराजगी, **समाधान की मांग :** स्थानीय लोग लंबे समय से इस समस्या का समाधान चाहते हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। जाम के कारण व्यापारियों को भी नुकसान झेलना पड़ रहा है, क्योंकि ग्राहकों को आने-जाने में दिक्कत होती है। शहरवासियों का मानना है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आने वाले समय में स्थिति और गंभीर हो सकती है। ट्रैफिक नियंत्रण के लिए पुलिस तैनाती हर जगह करने की मांग की।

**जाम के दौरान बच्चे स्कूल बस छोड़ खेलने लगे क्रिकेट :** मंगलवार को अहले सुबह से जाम में फंसे जहां अधिकांश छात्र परेशान हो गए थे, वहीं कई छात्रों ने इस स्थिति जमकर मनोरंजन किया। इस दौरान नगर के विष्णुमंदिर त्रिमुहानी के पास फंसे शहर के एक बड़े निजी स्कूल के बच्चे बस से नीचे उतर स्टेशन रोड के किनारे एक खाली मैदान में क्रिकेट खेलने लगे। बच्चे करीब एक घंटा तक क्रिकेट खेलते रहे। इस दौरान टैजफिक में फंसी गाड़िया टस से मस नहीं हुई। क्रिकेट खेलने वाले बच्चों ने बताया कि वे स्कूल में खेल की घंटी में क्रिकेट खेलने के लिए अपने साथ बैट व गेंद लेकर जा रहे थे। इस दौरान बस जाम में फंस गई तथा जब एक घंटे तक जाम से निजात नहीं मिला तब हमलोगों ने क्रिकेट खेलने का प्लान बनाया।






## एनएच 922 पर बक्सर गोलंबर से ब्रह्मपुर तक लगी रही ट्रकों की लंबी कतार

**बक्सर।** वहीं इस जाम से एनएच 922 भी अछूता नहीं रहा। जाम के दौरान बक्सर पटना राष्ट्रीय राजमार्ग पर बक्सर गोलंबर से ब्रह्मपुर के आगे तक करीब 40 किलोमीटर लंबा लाइन लग गया था।

इस दौरान कई जगहों पर एक लाइन में तो कई जगहों पर दो लाइन में भी ट्रक खड़ी रही। जिस कारण बक्सर व डुमरांव के बीच आवाजाही करने वालों को भारी फजीहत का सामना करना पड़ा। वहीं, ट्रक चालक की काफी परेशान थे। कई ट्रक चालक तो ऐसे थे जो रात से ही इस जाम में फंसे थे तथा सुबह तक अपनी जगह से टस से मस नहीं हुए थे। इस दौरान उन्हें भूख प्यास से परेशान होना पड़ा। नासिरीगंज से बालू लेकर मउ जा रहे ट्रक चालक मनोज कुमार, आजमगढ़ जा रहे सुनील कुमार आदि ने बताया कि रात में अचानक यूपी प्रशासन द्वारा ट्रकों का परिचालन रोक दिया गया, जिसके बाद से वे जाम में फंसे है। ट्रक चालकों का कहना है कि अक्सर उन्हें जाम का दंश झेलना पड़ता है। पिछले दो-तीन महीने से यह स्थिति बनी हुई है। यूपी प्रशासन द्वारा अचानक ट्रकों का परिचालन रोक दिया जा रहा है। इससे बक्सर जिला में भीषण जाम लग रहा है। वहीं, स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों ने भी इसकी पुष्टि की है। उनका कहना है कि यूपी प्रशासन के अड़ियल रवैया के कारण जाम का सामना करना पड़ रहा है।



### जल्द होगा प्रयास, जिससे सुबह में जाम लगने की नौबत न आए

" शहर में जाम व उसमें बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों के फंसने की जानकारी मिली है। इसकी जानकारी मिलते ही तत्काल डुमरांव व नया भोजपुर थाने को जाम हटवाने का निर्देश दिया। दोनों थानों की पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए जाम हटवाया। बहुत जल्द ऐसा प्रयास किया जाएगा, जिससे सुबह में जाम लगने की नौबत न आए।

**- अफाक अख्तर अंसारी, एसडीपीओ, डुमरांव**

## एक नजर

### सरस्वती विद्या मंदिर, सोनवर्षा में छात्रों की स्वास्थ्य जांच के लिए शिविर आयोजित



**नावानगर।** विद्या भारती के वार्षिक कार्य योजना के तहत मंगलवार को सोनवर्षा के शिव कुमारी कुंवर सरस्वती विद्या मंदिर बाली प्रांगण में स्वास्थ्य पखवाड़ा गया। जिसके तहत विभिन्न कार्य दिवस को लेकर छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही छात्रों का रक्त समूह की जांच कर इसका प्रमाण पत्र भी उन्हें प्रदान किया गया। विद्यालय के आचार्य ने बताया कि स्वास्थ्य पखवाड़ा में कुल 107 छात्रों का स्वास्थ्य जांच व रक्त समूह हेतु रक्त संग्रह किया गया। इधर विद्यालय समिति के सदस्य डॉ. विश्वनाथ साह ने कहा कि यह एक अच्छी पहल है। स्कूलों में स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम छात्रों के स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती को बढ़ावा देने में मदद करते हैं। सरस्वती विद्या मंदिर जैसे शैक्षणिक संस्थान छात्रों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान केंद्रित करते हैं। स्वास्थ्य जांच के दौरान छात्रों को अपने स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता मिलती है। साथ ही आवश्यकतानुसार उचित उपचार या सलाह भी मिलती है। मौके पर विद्यालय के सभी शैक्षणिक स्टाप मौजूद थे।

### धावा दल ने बाल श्रमिक को कराया मुक्त दुकानदार के खिलाफ दर्ज करायी प्राथमिकी

**डुमरांव।** डुमरांव के प्रभारी श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी अमित कुमार के नेतृत्व में गठित धावा दल ने कोरानसराय बाजार में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान एक 13 वर्षीय बाल श्रमिक को मुक्त कराया गया, जबकि उससे काम लेने वाले जय बजरंग बली आइसक्रीम प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर धनजी साह पर बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम 1986 के तहत जुमार्ना लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराया गया। श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी ने कहा कि मुक्त कराए गए बाल श्रमिक को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी ने बताया कि बाल श्रम कराना अपराध है तथा बाल श्रम कराने वाले दुकानदारों या प्रतिष्ठान संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के साथ ही उनपर जुमार्ना लगाया जाता है। उन्होंने कहा कि बाल श्रम अधिनियम का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के खिलाफ आगे भी अभियान चलाया जाएगा। वहीं, कोरानसराय थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि धावा दल द्वारा एक बाल श्रमिक को मुक्त कराया गया है।

### आंधी में कचरा प्रसंस्करण इकाई क्षतिग्रस्त, स्वच्छता पर्यवेक्षक ने बीडीओ को दी जानकारी

**केसठ।** प्रखंड के कतिकनार गांव में स्थित कचरा प्रसंस्करण इकाई सोमवार की शाम आई तेज आंधी-तूफान के कारण बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। इकाई की छत में लगा टीन का शेड उड़ गया, जिससे उसमें रखे उपकरणों और संरचनाओं को नुकसान पहुंचा है। लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत संचालित इस इकाई की देखरेख कर रहे स्वच्छता पर्यवेक्षक प्रदीप कुमार ने मंगलवार को इस मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश बिहारी वर्मा को एक आवेदन सौंपा है। आवेदन में उन्होंने इकाई की मरम्मत और पुनः संचालन के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह इकाई क्षेत्र की सफाई व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही थी। यदि जल्द इसकी मरम्मत नहीं कराई गई तो स्वच्छता अभियान पर असर पड़ सकता है।बीडीओ ने आश्वासन दिया है कि वे शीघ्र ही उच्च अधिकारियों को इसकी जानकारी देंगे।

### ट्रक की टक्कर से बाइक चालक जख्मी

**बक्सर।** बक्सर पटना एनएच-922 पर चुरामनपुर के पास मंगलवार की शाम हुए एक हादसे में बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसके डायल 112 की टीम ने गोलंबर के पास स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां गंभीर स्थिति में उसका इलाज चल रहा है। जख्मी की पहचान नया भोजपुर थाना क्षेत्र के चिलहरी गांव निवासी मनमोहन राय के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार वह किसी काम से अपने गांव से बाइक द्वारा बक्सर जा रहा था। इसी दौरान एनएच 922 पर चुरामनपुर के पास उसकी बाइक में एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दिया। इस हादसे में उसका एक हाथ टूट गया है तथा सर में भी गंभीर चोटें आई है। बहरहाल प्राथमिक इलाज के बाद उसकी हालत स्थित बनी हुई है। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में पीड़ित द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं कराया गया था। वहीं, घटना की जानकारी मिलते ही उसके स्वजन तथा मित्र अस्पताल पहुंच गए है।

### वंचित लोगों से आवेदन लेकर सरकारी योजनाओं का दिया जाएगा लाभः बीडीओ



**केटी न्यूज/बक्सर**

राजपुर बीडीओ सिद्धार्थ कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को एक बैठक की गई। इस दौरान भीमराव अंबेडकर समग्र सेवा अभियान को सफल बनाने पर चर्चा की गई।

बीडीओ ने बताया कि सरकार की विभिन्न योजनाओं को महादलित बस्ती में पहुंचाना प्रशासन का लक्ष्य है। इसलिए यह अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत आगामी 19 अप्रैल से सभी पंचायत में आयोजित की जाएगी। जिसमें सभी विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

इस दौरान ऐसे लोग जिनको सरकारी योजना का लाभ नहीं मिला है, उन्हें तत्काल आवेदन प्राप्त करते हुए जांच के बाद उन्हें उस योजना का लाभ दिया जाएगा।

17 अप्रैल से 13 जून तक महिला संवाद कार्यक्रम किया जाएगा। इसके लिए सभी 19 पंचायत में गठित 142 ग्राम संगठनों में इसकी सभा की जाएगी. सभा के दौरान लगभग तीन घंटे के शो में एलईडी पर्दे पर सरकार की सभी योजनाओं को बिंदुवार दिखाया जाएगा। इस दौरान सभी जीविका कर्मियों की छुट्टी भी रद्द कर दी गई हैं।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**डुमरांव।** दानापुर डीडीयू रेलखंड के स्थानीय रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई है। इसकी जानकारी मिलते ही जीआरपी ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजा। वहीं, जीआरपी शव की शिनाख्त में जुट गई है। इस कारण पोस्टामार्टम के बाद जीआरपी द्वारा शव को नियमानुसार 72 घंटे के लिए सुरक्षित रखवाया गया है। युवक की उम्र 20-22 वर्ष के आस पास बताई जा रही है तथा वह पीले रंग का टीशर्ट तथा ग्रे रंग का फूलपैंट पहने हुए था तथा गले में एक गमछा भी था। उसके कपड़े को देख आशंका जताई जा रही है कि वह मजदूरी करता था। मिली जानकारी के अनुसार उसका शव पूर्वी रेलवे क्रासिंग से करीब 300 मीटर पूरब अप मेन लाइन पर मिला है। जीआरपी प्रभारी ने बताया कि शव की शिनाख्त के लिए उसकी तस्वीर को आस पास के थानों तथा सोशल मीडिया पर डाला गया है।







## मंगलवार को संपन्न हुई प्रख्यात वाचक देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज की कथा, बोले....

# बंगाल में हिन्दुओं पर हो रहा अत्याचार चिंतनीय

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुरजी महाराज की कथा मंगलवार को संपन्न हो गई। अंतिम दिन की कथा के बाद उन्होंने इस कथा के आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले श्रद्धालुओं को अपने हाथों सम्मानित किया।



कथा में पूज्य श्री चिन्मयानंद बापू जी महाराज एव श्री गंगापुत्र त्रिदंडी स्वामी जी महाराज शामिल हुए व व्यासपीठ का आशीर्वाद प्राप्त कर कथा श्रवण किया एवं कथा पंडाल में उपस्थित भक्तों को संबोधित किया। कथा के दौरान पूज्य महाराज श्री ठाकुर जी महाराज ने बताया कि पहले हमारे घरों में गाय जैसे पवित्र पशुओं को स्थान दिया जाता था, जो हमारी संस्कृति और सनातन परंपरा के प्रतीक माने जाते हैं, लेकिन आजकल लोग कुत्ते पालने को अधिक महत्व दे रहे हैं। उन्होंने बंगाल में हिन्दुओं पर लगातार हो रहे हमले पर चिंता जताते हुए कहा कि भारत के प्रत्येक नागरिक को बंगाल की मुख्यमंत्री से यह प्रश्न करना चाहिए कि वहां के हिन्दू नागरिकों की रक्षा क्यों नहीं हो रही है, क्या वे इस देश के नागरिक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी मुख्यमंत्री से अपने राज्य के नागरिकों की सुरक्षा नहीं हो रही, चाहे वे किसी भी धर्म के हों, तो यह उनकी विफलता है और उन्हें त्यागपत्र दे देना चाहिए।

**अतिथि देवो भव के विपरित आचरण कर रहे है लोग :** कथा के दौरान स्वामी जी महाराज ने कहा कि पहले जब घर में मेहमान आते थे तो घरवाले खुशी से स्वागत करते थे, परंतु आज के समय में मेहमानों को बोझ समझा जाता है। यह मानसिकता हमारे समाज के मूल स्वभाव - अतिथि देवो भव के विपरीत है।

बाएं हाथ से जल पीना शास्त्रों में मदिरा सेवन के समान माना गया है। इसी प्रकार खड़े होकर जल या भोजन करना भी अनुचित बताया गया, क्योंकि यह पशुवत व्यवहार है। मानव को भोजन और जल का सेवन हमेशा शांति से, आसन में बैठकर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब बांग्लादेश में हिन्दुओं की हत्या हुई, तब भी हम मौन रहे, और आज स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि हमारे ही देश के राज्य बंगाल में हिन्दुओं के साथ हिंसा हो रही है और देश चुप है। उन्होंने यह आह्वान किया कि अब मौन रहने का समय नहीं है।

# समाज में बदलाव व विकास के लिए नेताओं से अधिक जनता को होना होगा तत्पर: रवि उज्जवल

- लिखित एग्रीमेंट स्टांप का लोगों का रवि उज्जवल को मिल रहा है अपार समर्थन
- केसठ प्रखंड के दो पंचायतों में पदयात्रा के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने दिया रवि उज्जवल को समर्थन

## दूसरे दिन केसठ पहुंची रवि उज्जवल की पदयात्रा



**केटी न्यूज/डुमरांव**

समाज में बदलाव लाने व विकास की गंगा बहाने के लिए जनप्रतिनिधियों तथा नेताओं से अधिक आम जनता को तत्पर रहना होगा, तभी हमारे गांव, समाज व राज्य का विकास होगा। उक्त बातें अपने जनता एग्रीमेंट पदयात्रा के दूसरे दिन जदयू नेता रवि उज्जवल कुशवाहा ने केसठ प्रखंड के रामपुर व कतिकनार पंचायतों में कही।

रवि उज्जवल कुशवाहा अपने बहुचर्चित जनता एग्रीमेंट पद यात्रा के दूसरे दिन मंगलवार को डुमरांव विधानसभा क्षेत्र के केसठ प्रखंड के रामपुर व कतिकनार पंचायत के विभिन्न गांवों में अपने समर्थकों के साथ पद यात्रा किए। इस दौरान उन्होंने हर गांव में लोगों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुना तथा कहा कि यदि जनता ने मौका दिया तो मैं साढ़े चार साल में हर गांवों की तस्वीर बदल कर रख दूंगा। उन्होंने इस दौरान आम जनता की कुछ प्रमुख समस्याओं के समाधान के लिए स्टांप पेपर पर लिखकर उसके समाधान का आश्वासन दिया और यह भी लिखा कि यदि चुनाव जीतने के साढ़े चार साल के अंदर मैं इन समस्याओं को समाधान नहीं कर पाउंगा या आपकी सड़की, नली, गली आदि समस्याओं का समाधान नहीं करा पाउंगा तो आप मेरे खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर सकते है।

### स्टांप पेपर पर लिखित एग्रीमेंट देने वाली पहल पर लोगों ने जाहिर की खुशी

रवि उज्जवल ने दोनों पंचायतों में आमसभा भी किया। जिसमें लोगों का अपार समर्थन मिला। स्टांप पेपर पर लिखित एग्रीमेंट देने वाली पहल पर लोगों ने खुशी जाहिर की। रवि उज्जवल ने पद यात्रा के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि काम करने वाले को यदि पहचाना है तो उससे आप काम की लिखित एग्रीमेन्ट स्टांप पेपर पर लें, यदि नहीं देता है तो समझ जाइए कि यह काम नहीं चोरी करने के लिए चुनाव लड़ रहा है। आम सभा के दौरान रवि ने स्पष्ट कहा कि जनता को भी समझना होगा कि प्रतिनिधि से अपनी जन समस्याओं पर ही काम ले, व्यक्तिगत मामलों या आपसी विवाद में जनप्रतिनिधि की मदद नहीं लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता नोट ले कर वोट ना दे, वैसे व्यक्ति जो आपके हित में सोचता है उसे वोट देकर विजयी बनाये। क्योंकि यदि आप पैसे लेकर प्रतिनिधि चुनने का काम करेंगे तो चुनाव जीतने के बाद नेता भी आपका हक का पैसा मारेगा। उन्होंने कहा कि अपने समाज में बदलाव के लिए नेताओं से ज्यादा जनता को तत्पर रहना होगा। जनता से यही अपील है कि इस चुनाव में उम्मीदवारो से वादा नहीं लिखित एग्रीमेन्ट ले, ताकि चुनाव जीतने के बाद जन प्रतिनिधि अपने वायदों से मुकर नहीं सकें।

पद यात्रा में साथ चलने वालों में डुमरॉव जदयू के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष बीरेन्द्र कुशवाहा, रामपुर पंचायत अध्यक्ष राधेश्याम साह, राजन कुशवाहा, कतिकनार सरपंच जय शंकर महतो, काशीनाथ कुशवाहा, निरंजन कुशवाहा, असनी कुशवाहा, जगजीवन राम, नंदजी राम, टनटन कुमार, सचिन कुमार, मनजी राम, प्रितम कुमार, गोलु कुशवाहा, टनमन सिंह, करिया राम, दिपू कुशवाहा, सरोज कुशवाहा, कामेश्वर कुशवाहा, इन्द्रजीत कुशवाहा इत्यादि लोग शामिल रहे।

## जनसंवाद कार्यक्रम में खुली नप की पोल, शिकायत की रही भरमार; बोले मोहल्लेवासी...

# नहीं आता हर घर नल योजना का पानी, दबंगों ने गली का अतिक्रमण कर बना ली है सीढ़ियां

- जिला प्रशासन के निर्देश पर डुमरांव नप के वार्ड नं-एक में आयोजित हुआ जन संवाद
- लोगों ने खुलकर रखी समस्याएं



**केटी न्यूज/डुमरांव**

नगर विकास एवं आवास विभाग के निर्देश पर मंगलवार को डुमरांव नगर परिषद के विस्तारित क्षेत्र वार्ड संख्या एक स्थित सरकारी भवन के परिसर में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस जन संवाद में जिलाधिकारी द्वारा सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग के नोडल पदाधिकारी निखिल कुमार को लोगों द्वारा की गई शिकायतों की निदान के लिये भेजा गया था। मुख्यरूप से आयोजित जन संवाद में वार्ड के लोगों को शामिल होकर उनकी बातों को सुनना और जवाब देना था। जबकि इस जन संवाद में स्थानीय वार्ड पार्षद के अलावे अन्य जन प्रतिनिधियों को शामिल होना था। जन संवाद कार्यक्रम के दौरान नागरिकों में अपनी बात रखने की काफी उत्सुकता देखी गई। अपनी शिकायत लेकर पहुंचे वार्ड एक के मुसाफिर मास्टर ने कहा कि वार्ड में मुख्यमंत्री नल जल योजना का लाभ नहीं मिलता है। इस वार्ड के 100 घरों में यह योजना फेल साबित हो रहा है। कई घरों में पानी के लिए कनेक्शन तक नहीं किया गया है, जिससे गरीब परिवार के लोग भटकते नजर आ रहे हैं। गर्मी का मौसम भी दस्तक दे चुका है, लेकिन हम नागरिकों को कोई सुविधा नहीं मिल रहा है। जिस कारण लोगों को प्यास बुझाने के लिए पानी-पानी होना पड़ रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि वार्ड एक के गलियों में अतिक्रमण कर लोगों के द्वारा अपने-अपने घरों के सामने सीढ़ी भी बना दिया गया है। जिससे गलियां पतली हो गई है। आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में जितना जल्दि हो गलियों को अतिक्रमण से मुक्त किया जाए।

शौचालय निर्माण को लेकर भी नागरिकों ने जमकर आवाज उठाई। वार्ड के लोगों ने कहा कि शहर की तरह हमलोगों के वार्ड में भी सामुदायिक शौचालय का निर्माण होना चाहिए। गर्मी के बढ़ते प्रकोप व मौसम को ध्यान में रखते हुए। सभी खराब चापाकल को ठीक कराया जाए। ताकि लोग इसका लाभ ले सके। बोरिंग लगाकर घर-घर पानी पहुंचाने की व्यवस्था होनी चाहिए। नल जल योजना से लोगों को भरोसा उठता जा रहा है।

कार्यक्रम लोगों ने शहरी आवास योजना के लाभ को लेकर भी आवाज उठाया। इनका कहना था कि बाप-दादा के नाम पर जमीन होने के कारण आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। जमीन के दास्तावेज को परिमार्जन करने के बाद सुधार के लिए अंचल कार्यालय में कार्यरत कर्मी बिना पैसा लिए कुछ काम नहीं करते है। वहीं सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए विस्तारित क्षेत्र में ठेला भी मौजूद कराया जाए। ताकि सफाई और भी बेहतर हो। लोगों में इस बात को लेकर आक्राश था कि जन संवाद को लेकर कोई प्रचार-प्रसार नहीं कराया गया, जिससे बहुत लोगों को जानकारी नहीं मिली।

मौके पर सिटी मिशन मैनेजर स्तुति कुमारी, प्रधान सहायक दुर्गेश सिंह, स्वच्छता पदाधिकारी राजीव कुमार, मंजर हुसैन सहित सैकड़ो ग्रामीण व कई अन्य मौजूद थे।

### जन संवाद में छाया रहा होल्डिंग टैक्स का मुद्दा

इस दौरान उपस्थित नागरिकों के द्वारा एक स्वर में होल्डिंग टैक्स पर आवाज उठाया गया। नागरिकों ने कहा कि सरकार को हमलोग कर देने के लिए तैयार है, लेकिन सुविधा भी तो मिलनी चाहिए। नगर परिषद क्षेत्र में शामिल हुए आज तीन वर्ष होने को है। अबतक यहां डोर-टू-डोर सफाई को छोड़कर कोई सुविधा नहीं मिला है। आज तक हमलोगों के वार्ड में स्ट्रीट लाइट तक नहीं लगा। अब होल्डिंग टैक्स को लेकर दबाव बनाया जा रहा है। लोगों का कहना था कि पहले नप को सर्वे करा लेना चाहिए कि कौन होल्डिंग टैक्स देने योग्य है और कौन नहीं। लोगों ने होल्डिंग टैक्स के भारी भरकम राशि पर भी नाराजगी जताई तथा होल्डिंग टैक्स वसूलने से पहले इसका रिव्यू करने की मांग की गई।

## एक नजर

### गर्मी में लोगों को पेयजल पिलाने में नप असफल




**डुमरांव।** गर्म हवा और प्रचंड गर्मी से लोगों के कंठ सूखने लगे हैं। लोगों की प्यास बुझाने को लेकर नगर परिषद ने पेयजल की व्यवस्था शहर के 19 स्थानों पर कर रखी। पेयजल प्वाइंट पर दो घड़ा रखा गया है। इसकी शुरूआत पिछले शनिवार से ही की गई है। जिस दिन रखा गया, उस दिन दोनों घड़ा में पानी तो भरा गया, जो उसी दिन समाप्त हो गया। घड़ा के पानी के समाप्त होने के बाद फिर उसमें भरा नहीं गया, जिससे लोग वहां पहुंच लौट जाते हैं। वर्तमान समय में पानी का लेयर भाग जाने से चापाकल पानी देना बंद कर दिये हैं। ऐसे में पेयजल के लिय लोग भटकने लगे हैं। अनुमंडल मुख्यालय होने के कारण नगर में काम से लोगों का आना-जाना सुबह से लेकर शाम तक लगा रहता है। ऐसे में उनकी प्यास बुझाने के लिये नप ने 19 स्थानों पर पेयजल की व्यवस्था कर रखी है। पहले दिन उसमें पानी रखा गया जरूर, लेकिन दूसरे दिन से उसमें पानी है कि नहीं कोई झांकने तक नहीं गया। अनुमंडल व्यवहार न्यालय गेट के बाहर पेयजल प्वाइंट बनाया गया है। यह स्थान बहुत ही उपर्युक्त स्थान है, क्योंकि व्यवहार न्यायालय, अनुमंडल कार्यालय और अनुमंडलीय अस्पताल जाने के लिये लोगों का यही रास्ता है। यहां रखा गया घड़ा दोनों खाली पड़ा हुआ है। वहां के दुकानदरों और अधिवक्ताओं और आने-जाने वाले लोगों का कहना है कि नप ने केवल दिखावटी रूप में पेयजल प्वाइंट बनाकर लोगों को बेवकूफ बना रहा है। इस संबंध में नप के बड़ा बाबू दुर्गेश सिंह ने बताया की पेयजल के लिये रखे घड़े में पानी भरने के लिये एक कर्मी की ड्यूटी लगाई गई है। इसकी जानकारी लेकर उसे बात कर व्यवस्था कराया जा रहा है।

## यह अभियान समाज में पोषण स्तर सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम: चंदन प्रसाद

**केटी न्यूज/बक्सर**



पिरामल फाउंडेशन के बक्सर स्थित कार्यालय में गैर-सरकारी संगठनों की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का नेतृत्व फाउंडेशन के जिला प्रतिनिधि चंदन प्रसाद ने किया। बैठक में इनरेम फाउंडेशन, बिहार वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन, रेडरी संस्था समेत विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रस्ताव लेखन पर चर्चा करना था, ताकि विभिन्न एनजीओ अपने कार्यों के लिए बेहतर तरीके से संसाधन जुटा सकें। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण जैसे विषयों पर भी गंभीर विमर्श हुआ। पिरामल फाउंडेशन की ओर से गांधी फेलोशिप के उद्देश्यों और कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। बताया गया कि यह फेलोशिप युवाओं को ग्रामीण विकास एवं सामुदायिक उत्थान में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करती है।

पोषण पखवाड़ा की उपयोगिता पर चर्चा करते हुए पिरामल फाउंडेशन ने बताया कि यह अभियान समाज में पोषण स्तर सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल में समाज कल्याण विभाग को किस प्रकार सहयोग किया जा सकता है, इस पर भी चर्चा हुई।

बैठक में पिरामल फाउंडेशन की ओर से जिला समन्वयक चंदन प्रसाद, डीपीएचओ सिद्धार्थ गौतम, प्रोग्राम लीड राहुल कुमार, प्रोग्राम ऑफिसर अतुल कुमार, सतीश कुमार, गांधी फेलो मोहम्मद रिजवान और सचिन कुमार उपस्थित रहे।

## डुमरांव प्रखंड में फसल कटनी के बाद मिट्टी जांच के लिए लिये जाएंगे नमूने

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव में मिट्टी जांच प्रयोगशाला खुले चार महीने से अधिक का समय गुजर गया, लेकिन उसमें काम शुरू नहीं किया गया है। अब किसानों के खेतों से मिट्टी जांच का कार्यक्रम विभाग बना रहा है। अप्रैल माह से ही मिट्टी जांच का कार्यक्रम शुरू होने वाला है, लेकिन अभी खेत में रबी फसल की पूरी कटाई नहीं हो पाई है। खेत में से जबतक पुरी तरह से फसल कट नहीं जाती, तबतक मिट्टी की जांच शुरू नहीं होगी।

कृषि समन्वयक मनीष कुमार व मृत्युंजय मिश्र ने बताया कि किसान सलाहकार और समन्वयकों को खेतों से मिट्टी लाने की जिम्मेवारी दी गई है। यदि कोई किसान स्वयं मिट्टी जांच के लिये लाता है तो उसे भी स्वीकार्य होगा। फसल कटने के बाद उम्मीद है कि डुमरांव प्रखंड कार्यालय परिसर के ई-किसान भवन में चार माह पहले मिट्टी जांच प्रयोगशाला का उद्घाटन किया गया था, लेकिन अभी वह काम नहीं कर रहा है, रबी फसल कटने के बाद जो मिट्टी का नमूना लिया जाएगा, उसकी जांच इसी प्रयोगशाला से शुरू किया जाए।

मिट्टी जांच होने के बाद किसानों को उसका प्रमाण पत्र भी निर्गत किया जाएगा। जांच में जैसा रिपोर्ट आएगा उसी के अनुसार आगे की कार्रवाई होगी। मिट्टी की जांच कर उसका प्रमाण पत्र मिलने से किसानों में खुशी व्याप्त है। समन्वयक मनीष ने बताया कि वैज्ञानिक पद्धति से खेती के लिए मिट्टी की जांच जरूरी हैं। मिट्टी की जांच होने से यह पता चलता है कि मिट्टी में किस पोषक तत्व की कमी है तथा इस कमी को कैसे दूर किया जा सकता है। वहीं, जांच के बाद यह पता भी चल पाता है कि इस मिट्टी में किस तरह की फसल का उत्पादन बेहतर होगा। मिट्टी जांच के बाद वैज्ञानिकों द्वारा बताए तरीके से उसके उपचार से फसल का उत्पादन बेहतर होता है। किसान मिट्टी की जांच करा तथा उसकी कमियों को दूर कर उत्पादन दर बढ़ा सकते है।

## अटांव से पुलिस ने किया शराब बरामद

**डुमरांव।** डुमरांव पुलिस ने थाना क्षेत्र के अटांव गांव के समीप झाड़ी में छिपाकर रखे गये 35 पीस ऐट पीएम अंग्रेजी शराब बरामद किया है। वहीं, शराब बरामदगी के बाद पुलिस शराब के अज्ञात धंधेबाज को तलाश करने में जुट गई है। मामले में स्थानीय पुलिस ने यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर धंधेबाज की पहचान में जुट गई है।

## कन्हैया के बयान से आहत हुई करोड़ों देशवासियों की भावनाएं: दीपक

**केटी न्यूज/डुमरांव**



पीएम मोदी पर कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार के आपत्तिजनक बयान के खिलाफ मुखर होते हुए युवा भाजपा नेता दीपक यादव ने कहा है कि एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी का इतिहास देश विरोधी गतिविधियों में शामिल टुकड़े-टुकड़े गैंग से जुड़ा रहा है और वह बार-बार देश को अपमानित करने का काम करते रहा हैं। उसके बयान से देश के करोड़ों लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं।

यह दूषित मानसिकता वाला व्यक्ति हमेशा दूषित बयान देते रहता है, ऐसे दुष्ट व्यक्ति का सामाजिक बहिष्कार होना चाहिए। देश के लोकतांत्रिक ढांचे में चुने गए प्रधानमंत्री को आतंकवादी कहना न केवल शर्मनाक बयान है, बल्कि यह देश की संप्रभुता पर सीधा हमला है। आरएसएस जैसे राष्ट्रवादी संगठन को बदनाम करने की कोशिश करने वाले ऐसे नेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया प्रधानमंत्री नरेन्द्रमोदी के नेतृत्व क्षमता व उनके देशप्रेम की लोहा मान चुकी है। उन्होंने अपने कार्यकाल में दुनियाभर में देश की प्रतिष्ठा बढ़ाई है। ऐसे लोकप्रिय नेता के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी को देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी।




### फ्लैग मार्च निकाल अग्निशमन विभाग के जवानों ने शहर में चलाया जागरूक अभियान

# अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह: विभिन्न कार्यक्रमों का होगा आयोजन, लोगों को दी जाएगी जानकारी

**केटी न्यूज/डुमरांव**



अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के तहत मंगलवार को डुमरांव अग्निशमन विभाग के सभी जवानों ने फ्लैग मार्च निकाल लोगों को आग से बचाव के तरीकों को बता उन्हें जागरूक किया।

इस फ्लैग मार्च कार्यक्रम का नेतृत्व अग्निशमन पदाधिकारी ब्रिज बिहारी चौधरी ने किया। उन्होंने कहा कि इस मार्च का उद्देश्य नागरिकों में आग से बचाव के प्रति जागरूकता फैलाना और आपात स्थिति में तत्परता दिखाना था। उन्होंने कहा कि जागरूकता से अगलगी की घटनाओं को रोका जा सकता है या फिर नुकसान को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अक्सर ऐसा देखा जाता है कि अगलगी की घटनाओं के दौरान जागरूकता के अभाव में बड़ा नुकसान हो जाता है। उन्होंने कहा कि इस फ्लैग मार्च का उदेश्य लोगों में अगलगी से बचाव के लिए जागरूकता फैलाना है।

फ्लैग मार्च के दौरान जवानों ने पूरी सजगता के साथ रूट पर मार्च किया। लोगों को अग्निकांड की स्थिति में क्या करें और कैसे सुरक्षित रहें, इस बारे में जानकारी दी गई। साथ ही, अग्निशमन उपकरणों का प्रदर्शन भी किया गया, जिससे आमजन इनकी कार्यप्रणाली को समझ सकें। इस दौरान अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने मॉक ड्रिल कर भी अगलगी से बचाव के उपाय बताएं। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान अग्निशमन सप्ताह के अंतर्गत चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य जन-भागीदारी के माध्यम से सुरक्षा के उपायों को मजबूत करना है। फ्लैग मार्च ने आम जनता में सुरक्षा के प्रति भरोसा और सतर्कता दोनों को बढ़ावा दिया। अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर नागरिक आपात स्थिति में सही निर्णय ले सके और जान-माल की हानि से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि फ्लैग मार्च न सिर्फ जागरूकता फैलाएगा, बल्कि अग्निशमन जवानों के प्रति सम्मान और भरोसे को भी और मजबूत करेगा। गौरतलब हो कि गर्मी के दिनों में हर साल अगलगी की भयंकर घटनाएं होती है, जिसमें जान माल की भारी क्षति होती है। यही कारण है कि अग्निशमन विभाग लोगों को जागरूकर करने के उदेश्य से अग्निशमन सप्ताह के दौरान कई तरह के कार्यक्रम आयोजित करेगा।

### विवि की कमेटी ने जांच कर अपनी रिपोर्ट सौंपी, तब लिया गया फैसला

# खुशखबरी... वीकेएसयू के 12 कॉलेजों को मिला एफलियेशन

♦ वर्तमान में विवि के अंतर्गत 19 अंगीभूत और करीब 67 संबद्ध कॉलेज हैं

**केटी न्यूज/आरा**




वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के अंगीभूत और संबद्ध कॉलेजों में चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम सत्र 2025-29 में दाखिले की प्रक्रिया आगामी मई माह में शुरू हो जायेगी। इंटर का रिजल्ट जारी होने के बाद उच्च शिक्षा के लिए स्नातक में एडमिशन की चाह रखने वाले इंटर पास विद्यार्थियों ने तैयारी शुरू कर दी है। हालांकि इस बार राज्य सरकार के समर्थ पोर्टल से एडमिशन होगा या विवि की ओर से अपने स्तर से दाखिला लिया जायेगा, यह अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है। इधर, इस वर्ष विवि में डिग्री कॉलेजों की संख्या बढ़ जायेगी, क्योंकि विवि की ओर से एक दर्जन नये कॉलेजों का प्रस्ताव राज्य सरकार को अनुमोदन को भेजा गया है। अगर प्रस्ताव पर शिक्षा विभाग समय पर अपनी स्वीकृति प्रदान करता है, तो वीर कुंवर सिंह विवि में डिग्री कॉलेजों की संख्या बढ़ जायेगी। मालूम हो कि वर्तमान में विवि के अंतर्गत 19 अंगीभूत और करीब 67 संबद्ध कॉलेज हैं। अगर शिक्षा विभाग से नव संबंधन के प्रस्तावों पर अपनी सहमति प्रदान की जाती है, तो संबद्ध डिग्री कॉलेजों की संख्या 79 हो जायेगी। समय पर मिला संबंधन, तो चालू सत्र में होगा दाखिला विवि अंतर्गत आने वाले भोजपुर, बक्सर, रोहतास और कैमूर जिलों में इस बार डिग्री कॉलेजों की संख्या बढ़ेगी। इन जिलों में नये कॉलेज खोलने का प्रस्ताव विवि को आया था, जिसके बाद विवि की कमेटी ने जांच कर अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। जांच कमेटी की रिपोर्ट के आलोक में प्रस्ताव पर संबंधन समिति, एकेडमिक, सिंडिकेट और सीनेट से मंजूरी मिल चुकी है। अगर राज्य सरकार की ओर से ससमय संबंधन की स्वीकृति प्रदान की जाती है, तो इन कॉलेजों में चालू सत्र में एडमिशन होगा। इसके बाद स्नातक में सीटें बढ़ जायेंगी। पिछले वर्ष एक लाख पांच हजार सीटों पर एडमिशन लिया गया था, जिसमें 92 हजार दाखिला हुआ था।

## गुप्ताधाम मंदिर से चोरी हुई मूर्तियां बरामद, 4 आरोपी गिरफ्तार

**रोहतास।** रोहतास के प्रसिद्ध गुप्ताधाम मंदिर से चोरी हुई मूर्तियों का मामला सुलझा गया है। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की गई मूर्तियां बरामद कर ली हैं। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि 12 अप्रैल को मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार से पीतल की चार मूर्तियां चोरी हुई थीं। एसडीपीओ सासाराम के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। गुप्त सूचना के आधार पर लगातार छापेमारी की गई। पुलिस ने 4 आरोपी को किया गिरफ्तार किया है। आरोपियों में चेनारी थानाक्षेत्र के उगहनी गांव के ज्वाला पासवान और काजू शर्मा शामिल हैं। इसके अलावा तेलारी गांव के चंदन कुमार उर्फ नंदलाल और छोटेलाल कुमार को भी पकड़ा गया है। एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। छापामारी दल में चेनारी के थानाध्यक्ष रंजन कुमार सहित अन्य शामिल थे।

## वक्फ बिल के नाम पर प. बंगाल में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की निंदा

♦ ममता बनर्जी एक महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद महिलाओं की अस्मिता की रक्षा करने में असफल है: भाजपा

**केटी न्यूज/आरा**



भारतीय जनता पार्टी भोजपुर के जिला अध्यक्ष दुर्गा राज के अध्यक्षता में जिला कार्यालय बामपाली आरा में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पश्चिम बंगाल के अंदर हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की निंदा करते हुए कहा की पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तुष्टिकरण नीति के तहत पूरे पश्चिम बंगाल को आततायियों और बंगलादेशी एवं रोहंगिया घुसपैठियों के हवाले कर दिया है,जो पूरे पश्चिम बंगाल के अंदर खुलेआम नंगा नाच कर रहे हैं पश्चिम बंगाल मे हिंदू महिलाओं के साथ खुलेआम दुव्र्यार्हार एवं चीर हरण का कार्य नित्य दिन हो रहा है, लेकिन मुस्लिम वोट बैंक के कारण एक महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद महिलाओं की अस्मिता की रक्षा करने में असफल है,बल्कि उनके संरक्षण में आतातायियो एवं टीएमसी गुंडों द्वारा हिंदुओं पर अत्याचार हो रहे है,और उनके इज्जत एवं जान माल की भी लूट पाट की जा रही है,ममता बनर्जी के इशारे पर प्रशासन मुकदर्शक बना हुआ है,लगता है कि ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल को बांग्लादेश के जैसा बनाना चाहती हैं हिंदू को पलायन को मजबूर कर रही है, भाजपा भोजपुर उसका घोर भर्त्सना करती है और माननीय राष्ट्रपति और केंद्र सरकार से मांग करता है कि महिलाओं की अस्मिता की रक्षा में विफल एवं हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने में अक्षम पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग करती हैं।

## रोहतास जिला बार एसोसिएशन चुनाव में रिकॉर्ड मतदान, 1109 में से 888 वकीलों ने डाला वोट

♦ वित्त सचिव के एक पद के लिए 3, संयुक्त सचिव के तीन पदों के लिए 9, सहायक सचिव के तीन पदों के लिए 5 और अंकेक्षक के एक पद के लिए 5 उम्मीदवार चुनाव मैदान में

**केटी न्यूज/सासाराम**



रोहतास जिला विधि संघ के कार्यकारिणी चुनाव में मंगलवार को भारी मतदान हुआ। कुल 1109 मतदाताओं में से 888 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मुख्य चुनाव आयुक्त रुद्र नारायण प्रताप ने बताया कि मतदान सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक चला। अधिवक्ताओं की सुविधा के लिए चार मतदान बूथ बनाए गए थे। मतदाताओं को दो बैलेट पेपर दिए गए, जिन पर उन्होंने अपनी पसंद के उम्मीदवारों के नाम के आगे सही का निशान लगायाचुनाव में अध्यक्ष पद के लिए चार उम्मीदवार मैदान में है। जिनमें विनोद कुमार मिश्रा, जगदंबा प्रसाद सिंह, नर्वदेश्वर पांडे और प्रेमचंद का नाम शामिल हैं। उपाध्यक्ष के तीन पदों के लिए दस उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। महासचिव पद के लिए छह उम्मीदवारों ने ताल ठोकी है।

**बुधवार को होगी मतगणना:** वित्त सचिव के एक पद के लिए तीन, संयुक्त सचिव के तीन पदों के लिए नौ, सहायक सचिव के तीन पदों के लिए पांच और अंकेक्षक के एक पद के लिए पांच उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। सदस्य पद के सात पदों पर सात उम्मीदवारों को पहले ही निर्विरोध चुन लिया गया है। मतगणना बुधवार सुबह 8 बजे से शुरू होगी और परिणाम आने तक चलेगी।

## दो पक्षों में मारपीट, 12 लोग गिरफ्तार

**रोहतास।** रोहतास के काराकाट थाना क्षेत्र के सिकरिया गांव में दो पक्षों के बीच हुई झड़प के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बिक्रमगंज एसडीपीओ कुमार संजय ने बताया कि सिकरिया गांव से विवाद और मारपीट की सूचना मिली। इस पर काराकाट, नासरीगंज और कच्छवां थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। काराकाट सीओ ने 18 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की है। आरोपियों पर सरकारी काम में बाधा डालने और कानून व्यवस्था बिगाड़ने का आरोप है। गिरफ्तार लोगों में सादाब हुसैन, तसलीम अंसारी, इफ्तेखर अंसारी, खुर्शीद आलम और जुलेखा खातून शामिल हैं। इसके अलावा नाहौना के सैयद, भड़कुड़िया दरिहट के तसलीम अंसारी और छपरा गांव अकोढ़ीगोला के सलामत अंसारी को भी गिरफ्तार किया गया है।

### हाल के समय में महिलाओं, खासकर छोटी बच्चियों के खिलाफ यौन हिंसा बढ़ा

# कोमल,काजल एवं स्नेहा कुशवाहा को न्याय दिलाने के लिए माले–ऐपवा ने निकाला मार्च

**केटी न्यूज/आरा**




संविधान-आजादी-न्याय सुरक्षा सप्ताह के तहत भाकपा-माले के राज्यव्यापी आह्वान के तहत कोमल पासवान, काजल मंडल और स्नेहा कुशवाहा के लिए न्याय की मांग को लेकर आरा पूर्वी रेलवे गुमटी से निकलकर शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए आरा रेलवे स्टेशन परिसर पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया। न्याय मार्च के दौरान कोमल, काजल,स्नेहा को न्याय दो, बच्चियों की हत्या, बलात्कार की घटनाओं पर रोक लगाओ, भाजपा-जदयू शर्म करो, बलात्कारियों का संरक्षण बंद करो, हत्या, बलात्कार के सभी आरोपियों को गिरफ्तार करो, कोमल, काजल, स्नेहा के परिवार को 25-25 लाख रु मुआवजा दो आदि नारे लगा रहे थे। सभा का संचालन जिला कार्यालय सचिव दिलराज प्रीतम ने किया।न्याय मार्च को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि हाल के समय में महिलाओं,खासकर छोटी बच्चियों के खिलाफ यौन हिंसा, हत्या, बलात्कार की घटनाओं में बाढ़-सी आ गई है। सासाराम की छात्रा स्नेहा कुशवाहा की बनारस में हत्या का मामला ताजा ही था कि होली के रोज खुद लोजपा नेता के परिवार के सामंती मनबढुओं ने कोमल पासवान,12 वर्ष की गाड़ी से कुचलकर हत्या कर दी। कोमल पर आरोप था कि उसने लोजपा नेता की दीवाल को कीचड़ से गंदा कर दिया है। हाल ही में पूर्णिया में घास काटने गई धानुक जाति की काजल कुमारी,14 वर्ष की बलात्कार के बाद सामंती अपराधियों ने हत्या कर दी। इसी रोज पूर्णिया में एक 8 वर्ष की बच्ची के साथ भी हैवानियत की घटना घटी। इसी 5 अप्रैल 25 को औरंगाबाद के नवीनगर प्रखंड में चंद्रवंशी जाति की 12 और 14 वर्ष की दो सगी बहनों के साथ सामंती मनबढुओं ने बलात्कार की कोशिश की। विरोध करने पर दोनों को बुरी तरह पीटा और बांह व कमर की हड्डी तोड़ दी। बेगुसराय में हाल ही में एसिड से हमला की घटना सामने आई है। आगे माले नेताओं ने कहा कि भाजपा के डबल इंजन के राज में और इनके ही संरक्षण में समाज के दलित-अतिपिछड़े-वंचित समुदाय की महिलाओं के खिलाफ हिंसा की हर रोज कोई न कोई घटना घट रही है। दरअसल भाजपा-जदयू राज में सामंती ताकतों का मनोबल काफी बढ़ गया है।






## संक्षिप्त समाचार

### बोकारो में अवैध शराब तस्करी का भंडाफोड़, भारी मात्रा में शराब बरामद

**बोकारो, एजेंसी।** जिले के पेटरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत बोकारो–रामगढ़ मुख्य मार्ग स्थित पेटरवार बाजार के समीप पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध शराब की तस्करी का भंडाफोड़ किया है. इस संबंध में बेरमो एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी ।उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पेटरवार थाना पुलिस ने एक पिकअप बोलेरो वाहन को रोककर उसका भंडाफोड़ किया. तलाशी के दौरान वाहन में नारियल के बोरे के नीचे छिपाकर रखी गई अवैध शराब बरामद की गई. 166 कार्टन में 750 एमएल की कुल 1992 बोतलें बरामद की गईं. इसकी बाजार कीमत करीब चार लाख रुपये बताई जा रही है. मौके से चालक अमिया चरण खुटिया के पुत्र बबलू खुटिया को गिरफ्तार किया गया है, जो पूर्वी सिंहभूम जिले के बिरसानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बारीडीह गांव का निवासी है ।उन्होंने बताया कि बबलू खुटिया शराब तस्करी के मामले में पहले भी जेल जा चुका है. पूछताछ में बबलू ने बताया कि उक्त शराब बोकारो के बालीडीह स्थित पेट्रोल पंप के पास से लोड कर सरायकेला जिले के चौका ले जाई जा रही थी. चालक ने यह भी खुलासा किया कि उसे यह डिलीवरी जमशेदपुर के मानगो निवासी शंकर गोराई के निर्देश पर दी गई थी. मामले में महेशपुर निवासी प्रदीप मंडल और कुंदोरी निवासी राजा बाबू की संलिप्तता सामने आई है. छापेमारी टीम में थाना प्रभारी राजू मुंडा, पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) दुर्गाचरण मुर्मू, रामावतार यादव शामिल थे. पुलिस इस पूरे नेटवर्क की कड़ियों को जोड़कर आगे की जांच में जुट गई है।

### रेलवे स्टेशन के पास लूट की योजना नाकाम, हथियार के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**पलामू, एजेंसी।** डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन के पास से शहर थाना पुलिस ने एक अपराधी को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। दूसरा अपराधी मौके से फरार हो गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कुम्हार टोली निवासी चंदन वर्मा के रूप में हुई है। फरार आरोपी कांदु मोहल्ला का नितेश शर्मा है। दोनों रविवार रात 11:30 बजे स्टेशन से सटे ओवरब्रिज के पास शिव मंदिर रोड पर ट्रेन से उतरने वाले यात्रियों को लूटने की फिराक में थे। सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने सोमवार को बताया कि पुलिस को दो संदिग्ध युवकों की सूचना मिली थी। एसपी के निर्देश पर टीओपी टू प्रभारी राकेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। टीम ने रेलवे स्टेशन से अंडरपास की ओर जाने वाले रास्ते पर शिव मंदिर के पास दोनों को देखा। पुलिस को देखते ही दोनों भागने लगे। चंदन को पकड़ लिया गया, जबकि नितेश बैग छोड़कर भाग निकला। चंदन के पास से एक देशी रिवॉल्वर और दो गोली मिली। नितेश के बैग से एक देशी कट्टा बरामद हुआ। चंदन पर शहर, सदर, सतबरवा और रेल थाने में कुल नौ मामले दर्ज हैं। वह श्याम साव की हत्या में भी शामिल था और जेल जा चुका है। फरार नितेश पर पांच मामले दर्ज हैं।

### भुरकुंडा बाजार में दो दुकानों में लगी भीषण आग, 25 लाख रुपए का सामान जलकर राख

**रामगढ़, एजेंसी।** रामगढ़ जिले के भुरकुंडा बाजार स्थित सहेली स्टोर और सहेली मैचिंग सेंटर के दो दुकानों पर मंगलवार सुबह चार बजे के आसपास आग लग गई। सुबह जैसे ही लोगों की नजर आग पर पड़ी अफरातफरी की स्थिति बन गई। लोगों ने फौरन दुकान के मालिक, पुलिस और फायरब्रिगेड को सूचना दी। इस घटना में दोनों दुकानों में करीब 25 लाख रुपए की संपत्ति जलकर खाक हो गई। इधर, सूचना मिलते ही अग्निशमन और जिंदल फायरब्रिगेड सहित भुरकुंडा थाना प्रभारी निर्भय गुप्ता पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और आग बुझाने का काम शुरू किया गया। हालांकि तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया था और देखते ही देखते सहेली स्टोर सहित कपड़े की दुकान पूरी तरह से जलकर राख हो गई। आशंका है कि शॉर्ट सर्किट से यह आग लगी है। दोनों दुकानें अरुण कुमार सिन्हा और अरविंद कुमार नाम के दो भाइयों की हैं। दुकान मालिकों का कहना है कि आग में एक भी सामान नहीं बच पाया। इतने बड़े नुकसान से उबरना उनके लिए बेहद मुश्किल होगा।

## पहले शरियत फिर संविधान,

# आंबेडकर जयंती पर झारखंड के मंत्री के बयान से बवाल

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। राज्यपाल गंगवार ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को सामाजिक न्याय, समानता और समरसता का प्रेरणास्रोत बताया। वहीं झारखंड के मुख्यमंत्री सोरेन ने बाबा साहेब को समता और समानता का अधिकार देने वाला बताया। इसी बीच झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन का एक ऐसा बयान सामने आया है जिसे लेकर सूबे की सियासत गरमा गई है।

एक चैनल से बातचीत में झारखंड के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि मेरे लिया शरियत बड़ा है। हम कुरान सीने में रखते हैं और हाथ में संविधान... मुसलमान कुरान सीने में और संविधान हाथ में लेकर चलता है। ठीक है, तो हम पहले शरियत को पकड़ेंगे फिर संविधान को।

हसन ने कहा कि मुसलमानों के लिए शरीयत पहले आती है, फिर देश का संविधान... इसके बाद विपक्षी भाजपा हमलावर हो गई और बयान पर सियासी माहौल गरम हो गया। झारखंड





भाजपा ने एक्स पर लिखा- जिनके दिल में शरीयत है, उनके लिए पाकिस्तान और बांग्लादेश के दरवाजे खुले हैं। भारत केवल बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के संविधान पर चलेगा और सर्वोच्च रहेगा।

बीजेपी नेता बाबूलाल मरांडी ने एक्स पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें मंत्री हसन कह रहे हैं कि शरीयत मेरे लिए बड़ा है... हम पहले शरीयत फिर संविधान अपनाएंगे। मरांडी ने अपने पोस्ट में आगे लिखा- मंत्री हफीजुल हसन के लिए संविधान नहीं, शरीयत मायने रखता है, क्योंकि ये अपने लक्ष्य के प्रति स्पष्ट हैं और सिर्फ अपने कौम के प्रति वफादार... चुनाव के समय इन्होंने गरीब, दलित, आदिवासियों के सामने हाथ जोड़कर वोट मांगा और अब इस्लामिक एजेंडा चलाने की कोशिश कर रहे हैं।

बीजेपी नेता बाबूलाल मरांडी ने आगे कहा- हफीजुल की यह कट्टर सोच पूरे प्रदेश खासकर संथाल परगना की सांस्कृतिक पहचान और आदिवासी अस्मिता के लिए खतरा बनती जा रही है। संवैधानिक पद पर बैठा कोई भी व्यक्ति यदि कट्टरपंथी विचारधारा को बढ़ावा देता है तो वर्तमान के साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए भी खतरा पैदा करता है।

इसके साथ ही बाबूलाल मरांडी ने सभी दलों के नेताओं से एक अपील भी की। उन्होंने कहा कि इस विषय पर सभी पक्षों के नेताओं को राजनीतिक सीमाओं से ऊपर उठकर आत्ममंथन करने की जरूरत है। शरीयत, बाबासाहब के रचित संविधान की मूल भावना के विपरीत है। यदि राहुल गांधी और हेमंत सोरेन में संविधान के प्रति सच्ची आस्था है, तो उन्हें तुरंत हफीजुल हसन को कैबिनेट से बर्खास्त करना चाहिए।

फिर जब झारखंड के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन से इस बयान पर स्पष्टीकरण मांगा गया तो राज्य के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन ने यू-टर्न ले लिया। उन्होंने कहा कि संविधान और शरीयत दोनों ही समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। मैंने कहा था कि शरीयत मेरे सीने में है, लेकिन बाबा साहब का संविधान हमारे हाथ में है। संविधान और शरीयत दोनों ही समान रूप से महत्वपूर्ण हैं।

झारखंड के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन का यह बयान ऐसे वक्त में सामने आया है जब पूरा देश बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित कर रहा है। मंत्री हफीजुल हसन के बयान पर झारखंड के अलावा देश के अन्य हिस्सों से भी प्रतिक्रियाएं आ रही हैं।

उत्तर प्रदेश के मंत्री संजय निषाद (निषाद पार्टी, एनडीए की सहयोगी) ने हसन पर हमला बोलते हुए कहा कि शरीयत के लोगों ने अल्लाह के नाम पर अपनी एक जगह बनाई, जिसका नाम पाकिस्तान है। ऐसे लोग जिनको शरीयत का पालन करना है, उन्हें पाकिस्तान चले जाना चाहिए। उनके वहां जाने के लिए वीजा बनाए जाएंगे।

## कोल्हान में नक्सलियों के खिलाफ बड़े ऑपरेशन की तैयारी, डीजीपी खुद करेंगे मॉनिटरिंग



**रांची, एजेंसी।** माओवादियों के खिलाफ सीआरपीएफ और पुलिस की चौतरफा घेराबंदी अब निर्णायक जंग की ओर बढ़ती दिख रही है. झारखंड के ज्यादातर जिलों से उखाड़ने के बाद कोल्हान के घने जंगल और पहाड़ियों का फायदा उठाकर लैंड माइंस की आड़ में छिपे टॉप माओवादियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने की तैयारी है. वहीं इस ऑपरेशन को अंजाम देने के लिए खुद डीजीपी अनुराग गुप्ता सुबह 9:30 अपनी टीम के साथ पहुंच चुके हैं. वह यहां शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। दरअसल कोल्हान क्षेत्र में ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों को नुकसान झेलना पड़ रहा है. 12 अप्रैल को आईईडी की चपेट में आने से झारखंड जगुआर के जवान सुनील धान शहीद हो गए थे. 13 अप्रैल को टेंडर ग्राम स्थित जगुआर मुख्यालय में श्रद्धांजलि देते वक्त मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने साफ कहा था नक्सलवाद पूरे देश की समस्या है, जो अब समाप्ति की ओर है. हमारे जवानों की आहुति जाया नहीं जाएगी।

**माओवादियों के खिलाफ बड़े ऑपरेशन की तैयारी :** सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता चाईबासा का दौरा कर सकते हैं. उनके साथ आईजी अभियान के अलावा दूसरे पुलिस अधिकारी भी रहेंगे. इस दौरान प्लान तैयार किया जाएगा कि जंगल, पहाड़ी और लैंड माइंस की आड़ में छुपकर बैठे टॉप माओवादियों को कैसे सरेंडर करने के लिए बाध्य किया जाए. क्योंकि इसी क्षेत्र में माओवादियों का पोलित ब्यूरो सदस्य और एक-एक करोड़ का इनामी मिसिर बेसरा और केंद्रीय कमेटी सदस्य अनल दा उर्फ तूफान उर्फ पतिराम मांझी उर्फ पतिराम मरांडी के छिपे होने की संभावना है. दोनों टॉप माओवादी मूल रूप से गिरिडीह जिला के पीरटांड़ के रहने वाले हैं. दरअसल, माओवादियों ने कोल्हान के जंगलों में तरह-तरह के लैंड माइंस बिछा रखा है, जो सुरक्षा बलों के ऑपरेशन के दौरान बाधक बन रहे हैं. लिहाजा, बृहद ऑपरेशन चलाने की तैयारी की जा रही है।चाईबासा में 22 दिन के भीतर सुरक्षा बलों को दूसरा बड़ा नुकसान झेलना पड़ा है. 22 मार्च 2025 को चाईबासा में ही नक्सलियों से लोहा लेते हुए सीआरपीएफ के सब इंस्पेक्टर सुनील मंडल वीरगति को प्राप्त हुए थे.

## धनबाद से चंडीगढ़ के लिए चलेगी गरीब रथ ट्रेन, दिल्ली के लिए बुक कराएं कंफर्म टिकट

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद से चंडीगढ़ के लिए मंगलवार से गरीब रथ स्पेशल ट्रेन धनबाद होकर चलने वाली हावड़ा-कालका नेताजी एक्सप्रेस में लंबी वेटिंग लिस्ट से बचने के लिए यात्री चंडीगढ़ के लिए चलने वाली गरीब रथ स्पेशल का चयन कर सकते हैं।

जून तक सप्ताह में दो दिन चलने वाली ट्रेन के हर फेरे में 500 से अधिक सीटें उपलब्ध हैं। दिल्ली के लिए भी इस ट्रेन में कंफर्म सीटें बुक करा सकते हैं।

धनबाद-चंद्रपुरा रेल मार्ग से चलने वाली धनबाद-लोकमान्य तिलक स्पेशल ट्रेन को यात्री मिलने लगे हैं। इस ट्रेन की बुकिंग ने रफ्तार पकड़ ली है। मंगलवार को चलने वाली ट्रेन के थर्ड एसी व थर्ड एसी इकोनॉमी श्रेणी की सभी सीटें फुल हो गई हैं। अब केवल सेकेंड एसी की ही सीटें खाली हैं। जून तक चलने वाली ट्रेन के थर्ड एसी व थर्ड एसी इकोनॉमी श्रेणी में आगे की तिथियों में भी टिकटों की बुकिंग का रिस्पॉन्स बेहतर है। धनबाद से 4 घंटे 29 मिनट विलंब से रवाना होने के कारण धनबाद-चंडीगढ़ एसी स्पेशल ट्रेन नौ घंटे 16 मिनट लेट से सोमवार अलसुबह 4:30 के बदले दोपहर 1:46 पर चंडीगढ़ पहुंची। विलंब से पहुंचने के कारण सोमवार सुबह 6:00 बजे चंडीगढ़ से चलने वाली एसी स्पेशल 10 घंटे 30 मिनट देर से शाम 4:30 पर रवाना हुई।

इस कारण मंगलवार सुबह 9:00 बजे धनबाद आनेवाली ट्रेन के देर शाम तक पहुंचने की संभावना है। चंडीगढ़-धनबाद स्पेशल धनबाद-लोकमान्य तिलक (एलटीटी) स्पेशल के रैक से चलती है। चंडीगढ़ से आनेवाली ट्रेन के विलंब से आने से मंगलवार की रात चलने वाली धनबाद-लोकमान्य तिलक स्पेशल के भी लेट से चलने से संभावना है।



धनबाद से भुवनेश्वर के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन के पहिए सोमवार से थम गये। 24 अप्रैल तक रेलवे ने इस ट्रेन को रद कर दिया है। वापसी में भुवनेश्वर से धनबाद के बीच 23 अप्रैल तक नहीं चलेगी।

पूर्व तटीय रेल के खुर्दा रोड मंडल में होनेवाले नॉन इंटरलॉकिंग को लेकर इस ट्रेन को 11 दिनों के लिए रद कर दिया गया है। सोमवार की सुबह चलने वाली झाड़ग्राम-धनबाद मेमू रद कर दी गई। इस वजह से दोपहर में चलने वाली धनबाद-झाड़ग्राम मेमू भी नहीं चली। 17 अप्रैल को भी दोनों ओर से रद रहेगी।

## झारखंड स्वास्थ्य विभाग से जारी हुई एडवाइजरी, बड़े फर्जीवाड़े को लेकर आम जनता से की गई अपील

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में एक बार फिर फर्जी विज्ञापन के आधार पर लोगों से ठगी की जा रही है। इसके शिकार कई लोग हो चुके हैं। इस बार ई-औषधि नाम से एक फर्जी वेबसाइट बनाकर नौकरी का विज्ञापन देकर ठगी की जा रही है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान, झारखंड के निदेशक अबु इमरान ने मामला संज्ञान में आने के बाद लोगों से इस फर्जी विज्ञापन के झांसे में नहीं आने तथा इससे सावधान रहने की अपील की है।

झारखंड ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन समिति की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ही आवेदन करें। फर्जी वेबसाइट ई औषधि झारखंड डाट आनलाइन के माध्यम से झारखंड ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन समिति के नाम पर विभिन्न पदों की नियुक्तियों के लिए आवेदन मांगे जा रहे हैं।

अभियान निदेशक ने लोगों से अपील की है कि वे स्वास्थ्य विभाग में नौकरी दिलाने वाले फर्जी विज्ञापनों से सावधान रहें। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और इसकी अनुषंगी इकाइयों में भर्ती विज्ञापन आइपीआरडी द्वारा जारी रिक्ति सूचना के माध्यम से की जाती है।विज्ञापन की जानकारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड की अधिकृत वेबसाइट जेआरएचएमएस डाट झारखंड डाट जीओवी डाट इन पर भी दी जाती है।

उन्होंने कहा है कि उक्त फर्जी वेबसाइट के विज्ञापन से झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विभाग और इसकी अनुषंगी इकाइयों का कोई संबंध नहीं है। यह विज्ञापन पूरी तरह फर्जी है।

उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान, झारखंड के वरिष्ठ अधिकारियों को इस संबंध में जांच और कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

इधर, प्रभारी आयुष निदेशक सीमा उदयपुरी ने भी स्पष्ट किया है कि आयुष निदेशालय द्वारा ई औषधि के लिए कोई भी बहाली नहीं निकाला गया है।न ही किसी तरह की राशि की मांग की गई है। उन्होंने इंटरनेट मीडिया पर दिए जा रहे ऐसे फर्जी विज्ञापनों से बचने की अपील की है।

## मोबाइल के लिए हुआ झगड़ा, 2 सगी बहनों ने खाया जहर



**रनिया, एजेंसी।** रनिया थाना क्षेत्र के कराकेल सिरका लापा गांव में दो सगी बहनों ने कीटनाशक दवाइयां खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रनिया में दोनों बहनों का इलाज किया जा रहा है।

घटना रविवार को सुबह 10 बजे की कराकेल सिरका लापा गांव की है। बीचु तोपनो की बेटी 15 वर्षीय बिनसरी तोपनो तथा 13 वर्षीय एतवारी तोपनो मोबाइल देख रही थी। अचानक से दोनों बहनें झगड़ने लगीं।

झगड़ते-झगड़ते घर में रखे खेतीबाड़ी में उपयोग होने वाले कीटनाशक दवाइयां दोनों बहनें खा गईं। इससे दोनों की हालत बिगड़ने लगी, तो तुरंत रनिया अस्पताल इलाज के लिए लाया गया। यहां दोनों बहनों का इलाज किया जा रहा है।

वहीं, दूसरी ओर चाईबासा में घरेलू विवाद में टोंटो थाना अंतर्गत सानकुचिया गांव निवासी रसाय कारवा की पत्नी 32 वर्षीय तिरसी कारवा ने जहर खाकर जान दे दी।

पुलिस ने गांव से शव बरामद किया और पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। बताया जा रहा है कि शनिवार को सुबह में किसी बात को लेकर तिरसी कारवा का अपने पति के साथ विवाद हो गया था।

विवाद के बाद उसका पति दूसरे गांव में काम करने के लिए चला गया। इस बीच दोपहर में खाना खाने के बाद महिला जंगल की ओर चली गई और वहां पर जहर खा लिया, जिससे उसकी स्थिति गंभीर हो गई।

वह किसी तरह घर आकर खटिया में सो गई। उसके नाक और मुंह से झाग निकलने लगा। यह देखकर उसके बच्चे आसपास के लोगों को बुलाकर लाये। महिला के पति को घटना की सूचना दी गई।

जब उसका पति घर आया तो पत्नी को मरा हुआ पाया। इसके बाद ग्रामीण मुंडा के द्वारा पुलिस को घटना की सूचना दी गई। पुलिस घटना स्थल पर आ कर शव को अपने कब्जे में लेकर थाना ले गयी।

रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए पुलिस सदर अस्पताल लायी। मृतिका का पति रसाय कारवा ने बताया कि घर में कोई नहीं था। संभवत: उसी समय जंगल जाकर पत्नी ने जहर खा लिया जिससे उसकी मौत हो गई।

## मुसलमान की जमीनों को हड़पना चाहती है केंद्र सरकार, मंत्री इरफान अंसारी का बड़ा बयान, बीजेपी पर लगाए ये आरोप

**नारायणपुर (जामताड़ा), एजेंसी।** झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने सोमवार को धबको-शिमला जोरिया पर तथा अर्जुनडीह-लोहारंगी जोरिया पर मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना से बनने वाले पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज देश के संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती है। आज विकास योजनाओं का शिलान्यास हो रहा है। ये सभी योजनाएं दलित, आदिवासी व मूलवासियों को समर्पित है। उन्होंने आगे कहा कि विकास उनकी प्राथमिकता सूची में सबसे ऊपर है। सभी वर्गों को साथ लेकर विकास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार वक्फ संशोधन कानून के जरिए मुसलमान की जमीनों को हड़पना चाह रही है। ऐसा हरगिज नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि मुसलमान के बाद आदिवासी ईसाइयों की बारी है। यह सरकार उनकी भी जमीन छीनने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा वाले जात-पात के नाम पर लोगों को बांटकर राज करना चाहते हैं, परंतु ऐसा नहीं होने वाला है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विरोध को तत्पर है। हम सब साथ देकर जनता की आवाज बनेंगे। विधानसभा चुनाव में भी यहां जात-पात के राजनीतिक की गई थी, जिसे यहां के आदिवासियों, मूल वासियों ने विफल कर दिया है।

उन्होंने कहा कि आज जनता के आशीर्वाद से मैं विधायक फिर मंत्री बना हूं, तो क्षेत्र का विकास हो रहा है। विकास से जनता खुश है। शिलान्यास से पूर्व आदिवासी रीति रिवाज के अनुसार पूजा-अर्चना हुई, इसके बाद विकास योजना का शिलान्यास किया गया।

इस अवसर पर अब्दुल कयूम अंसारी, मोहम्मद महताब, अंजुम शेख, सत्यनारायण मंडल, भवानी राय, करमाटांड़ प्रमुख छोटेलाल कोल, मुखिया सुनिता मरांडी, मो फिरोज आदि उपस्थित थे।

शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे भवानी राय को देखकर मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी भी एकाएक अवाक रह गए।

## झामुमो का 13वां महाधिवेशन, पार्टी संविधान में संशोधन, कार्यकारी अध्यक्ष पद खत्म

**रांची, एजेंसी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का 13वां दो दिवसीय महाधिवेशन सोमवार को खेलगांव में शुरू हो गया। शुरुआत केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन ने की। महाधिवेशन में पार्टी के संविधान में बड़ा बदलाव किया गया है। अब कार्यकारी अध्यक्ष का पद खत्म किया जा रहा है। पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन संस्थापक संरक्षक होंगे। स्वागत भाषण देते हुए सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि झामुमो आंदोलन से उपजी हुई पार्टी है। झारखंड को बिहार से अलग करने के लिए झामुमो का गठन किया गया था। गुरुजी (शिबू सोरेन) के नेतृत्व में जब आंदोलन की रूपरेखा तैयार हो रही थी, तब झारखंड के विभिन्न इलाकों से लोग आंदोलन को समर्थन देने आते थे।

गुरुजी के साथ कई लोगों ने अपना सब कुछ बलिदान किया। त्याग और समर्पण के माध्यम से झारखंड को एक अलग राज्य के रूप में पहचान मिली। पर सत्ता जिनके हाथों में रही, उनका आदिवासियों और मूल निवासियों से कोई संबंध नहीं था। उन्होंने सिर्फ झारखंड को लूटा। झामुमो अध्यक्ष शिबू सोरेन, उपाध्यक्ष और मुख्यमंत्री की मां रूपी सोरेन खराब स्वास्थ्य के बावजूद कार्यक्रम में पहुंचे।

अधिवेशन के दौरान वरिष्ठ विधायक स्टीफन मरांडी ने पार्टी का 16 राजनीतिक प्रस्ताव पढ़ा। जिसे पास कर दिया गया। प्रस्ताव में वक्फ संशोधन बिल का विरोध जताया गया। जातिगत जनगणना करने का प्रस्ताव रखा गया। ओबीसी के लिए 27% आरक्षण, 1932 आधारित स्थानीय नीति और परिसीमन का विरोध हुआ। महाधिवेशन में गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, विधायक बसंत सोरेन, मंत्री हफीजुल हसन समेत पार्टी के कई पदाधिकारी भाग ले रहे हैं।



महाधिवेशन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि उन्हें सत्ता का मोह नहीं है। झारखंड और झारखंडियों की रक्षा करना उद्देश्य है। राज्य सरकार ने छह महीने में कम से कम 30 योजनाओं को धरातल पर उतारा है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जेपीएससी परीक्षा में 75 प्रतिशत एसटी, एससी, ओबीसी और स्थानीय छात्रों का उत्तीर्ण होना विपक्ष को चुभ रहा है, क्योंकि पहले ये आंकड़ा बाहरी छात्रों का हुआ करता था।

हेमंत सोरेन ने कहा कि कार्यकर्ता सिपाहियों की मेहनत की बदौलत हमने-अपने विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बोलने वाले दल को हराया है। राज्य में सबसे बड़ी पार्टी बनने का आशीर्वाद हमें मिला है। सभी साथी भी महसूस कर रहे होंगे कि आज हमारे महाधिवेशन में पूर्व से बेहतर भव्यता है, इसी प्रकार हमें राज्य के लोगों के लिए भी दिन-रात काम कर उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है।

### झारखंड न कभी डरा, न कभी झुका

हेमंत ने कहा- झारखंड ही नहीं, पूरे देश-दुनिया के लोग दिशोम गुरुजी को आदर-सम्मान की नजरों से देखते हैं। गुरुजी जी के नेतृत्व और असंख्य क्रांतिकारियों के संघर्ष और बलिदान के बाद हमें झारखंड अलग राज्य मिला। उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा का जो विशाल पेड़ लगाया है और जिस पेड़ की जड़ें झारखंड के घर-घर में फैली हुई हैं, उसे सींचने का काम हमें करना है। हमारे अगुआ नेताओं के संघर्ष को सम्मान देने का काम हमें करना है।

## देवघर में धूमधाम से मनाई गई अंबेडकर जयंती, दलित समुदाय के छात्रों को किया गया पुरस्कृत

**देवघर, एजेंसी।** पूरे देश के साथ देवघर में भी संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई. देवघर के विभिन्न चौक-चौराहों पर जुलूस निकालकर बाबा भीमराव अंबेडकर को याद किया गया. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर शहर में होने वाले कार्यक्रम के बारे में पूर्व शिक्षाविद् डीपी यादव ने कहा कि भीमराव अंबेडकर हमेशा कहा करते थे कि व्यक्ति के जीवन के लिए शिक्षा सबसे जरूरी है. शिक्षा के बिना कोई भी व्यक्ति सिद्धांतों के साथ जीवन नहीं जी सकता. उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए उन्होंने विदेश का भी दौरा किया. विदेश में शिक्षा प्राप्त करने के बाद वे भारत आकर दलितों और पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए आवाज बुलंद की. जिसके कारण आज दलितों और पिछड़े वर्ग के लोगों को भारत में बराबरी का दर्जा मिल पाया है।वहीं सड़क पर रैली में शामिल भीम आर्मी के लोगों ने कहा कि बाबा साहब ने हमेशा भारत के दलितों और पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए आवाज उठाई है, ताकि पिछड़े वर्ग के लोगों को उनका हक मिल सके. देवघर नगर निगम के नगर आयुक्त रोहित सिन्हा ने भी भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले दलित छात्रों को पुरस्कृत करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. इसके अलावा देवघर के अंबेडकर पुस्तकालय में भी कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

## सुभाषितम्

दंड द्वारा प्रजा की रक्षा करनी चाहिए लेकिन बिना कारण किसी को दंड नहीं देना चाहिए। - रामायण

# एससी-एसटी वर्गीकरण का पहला राज्य बना तेलंगाना

तेलंगाना की कांग्रेस सरकार ने एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) समुदायों के भीतर वर्गीकरण की नीति को लागू करने का निर्णय लिया है। तेलंगाना देश का पहला राज्य बन गया है। जिसने सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ के निर्णय के अनुसार वर्गीकरण का काम कर केंद्र सरकार और भाजपा को कड़ी चुनौती देने का काम किया है। तेलंगाना सरकार का यह निर्णय सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में एक बड़ा और साहसिक कदम है। आजादी के बाद देश में आरक्षण की व्यवस्था, समग्र सामाजिक विकास के उद्देश्य से पिछड़े वर्गों को मुख्यधारा में लाने के लिए की गई थी। कई दशकों बाद यह महसूस हुआ, एससी-एसटी समुदाय के भीतर की कुछ जातियाँ ही आरक्षण का लाभ मिला हैं। जबकि अन्य समूह 75 साल के बाद भी हाशिए पर ही रह गए है। इस असंतुलन को दूर करने के लिए अब समूह के बीच वर्गीकरण की आवश्यकता पैदा हुई है। तेलंगाना सरकार ने एक अध्ययन समिति का गठन किया था। उसकी रिपोर्ट के आधार पर सरकार ने उपसमूह के आधार पर यह निर्णय लिया है। समाज के भीतर सबसे पिछड़े वर्गों को वास्तविक लाभ कैसे पहुँचाया जाये। इस वर्गीकरण से अब आरक्षण और अन्य सामाजिक योजनाओं का लाभ उनको नहीं मिलेगा, जो पहले से सशक्त हैं। सरकारी योजनाओं का लाभ उन उपवर्गों तक पहुँचेगा। जिन्हें अब तक आरक्षण के लाभ से नजर अंदाज रखा गया है।यह कदम सामाजिक ही नहीं, संवैधानिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ इस विषय पर पहले ही फैसला कर चुकी है। इस तरह के वर्गीकरण को सिद्धांततः सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ वैध ठहरा चुकी है। सुप्रीम कोर्ट की शर्त थी, इसका आधार ठोस और न्यायसंगत हो। तेलंगाना सरकार ने इस बात का ध्यान रखते हुए सर्वे के माध्यम से व्यापक आंकड़ों और सामाजिक विश्लेषण के साथ नीति तैयार की है। यह निर्णय देश के बाकी राज्यों के लिए भी एक उदाहरण बन सकता है। इस निर्णय को पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ लागू किया जाएगा, तो निश्चित रूप से यह नीति उन समुदायों के लिए वरदान साबित हो सकती है।जो अब तक सरकारी योजनाओं का लाभ पाने से बहुत दूर है। तेलंगाना ने यह सिद्ध किया है, केवल घोषणाओं से नहीं, बल्कि ठोस नीतिगत निर्णयों से ही सामाजिक न्याय को सुनिश्चित और जवाबदेह बनाया जा सकता है। तेलंगाना सरकार की यह पहल देश में आरक्षण नीति के पुनः परीक्षण और नवचिंतन का नया आधार बन सकता है। तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार है। कांग्रेस नेता एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जाति आधार पर जनगणना की मांग पिछले कई वर्षों से कर रहे हैं। जिस तरह की स्थिति देश में अब बन गई है। सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ ने आरक्षण के मसले पर जो दिशा निर्देश जारी किए हैं। उसके अनुसार तेलंगाना सरकार ने काम करते हुए जो नई नीति लागू की है। वह देश के विकास की एक नई आधार शिला बन सकती है। 2021 की जनगणना का काम अभी तक शुरू नहीं हुआ है। केंद्र सरकार को चाहिए 2021 की, जो जनगणना होना है। उसमें सभी वर्गों के साथ उनके उप वर्गों को भी शामिल किया जाए। आर्थिक एवं सामाजिक जानकारी के आंकड़े सामने लाये जाएं, ताकि भारत के सभी नागरिकों समान अवसर प्राप्त हों, जो अभी तक वंचित है। वंचित और जरूरत मंदों को आरक्षण का सहारा देकर मुख्य धारा में लाने का काम सामाजिक व्यवस्था के लिए जरूरी है। केंद्र सरकार और राज्य सरकारों की यह जिम्मेदारी होनी चाहिए। वह कमजोर वर्गों को राहत देकर उन्हें विकास की दौड़ में समान अवसर प्रदान करें। आरक्षण को लेकर विगत कई दशकों से समय-समय पर जो विवाद देखने को मिलते है। तेलंगाना सरकार के इस निर्णय से समाज के सभी वर्ग ओर समुदाय को आरक्षण का लाभ मिलना तय होगा। इसके लिए तेलंगाना सरकार ने जो पहल की है सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला दिया है। इन दोनों की सराहना की जानी चाहिए। इस फैसले ओ राजनीतिक नजरिए से न देखकर सामाजिक विकास के नजरिए से देखना होगा।

## चिंतन-मनन

### संयम से जीवन की उन्नति

कार्तिय माहात्म्य प्रवचनों में पं. रामनिवास ब्रजवासी जी ने कहा शरद ऋतु में की जाने वाली उपासनाओं से जहाँ चंद्र किरणों से प्राप्त होने वाले अमृत तत्व से देह का सिंचन होता है, वहीं सूर्य की रश्मियों की प्रचुर ऊर्जा से उस अमृत तत्व की शरीर में स्थिरता होती है इसीलिए कार्तिक मास में प्रात पवित्र नदियों में स्नान कर भगवान विष्णु शालीग्राम स्वरूप की पूजा की जाती है। इन दिनों ब्रजवासी जी कार्तिक माहात्म्य के माध्यम से श्रद्धालुओं को उपदेश दे रहे हैं। उन्होंने कहा भगवान विष्णु के सहस्त्रनाम का पाठ करने से मनुष्य के जीवन में संयम एवं धर्म में चलने की प्रेरणा मिलती है। जीवन को उन्नत बनाने में संयम का बहुत महत्व है। संयमी व्यक्ति कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य को नहीं छोड़ता। शालिग्राम पूजन में पंचामृत का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा गाय का दूध, दही, घी व शहद और शक्कर से शालिग्राम भगवान का अभिषेक करना चाहिए। वस्तुतः इन पांचों का मंत्रोच्चारण के साथ मिल जाना ही पाँच प्रकार के अमृतों का मिलना है। इसमें तुलसीदल डाल देने के बाद यह चरणामृत बन जाता है जिसका प्रसाद में ग्रहण कर लेने पर सभी प्रकार की आधियाँ-व्याधियाँ अर्थात मानसिक रोग तथा शारीरिक रोग दूर हो जाते हैं। हमारी उपासना विधियाँ जहाँ मनुष्य को धार्मिक बनाती है वही शारीरिक-मानसिक रूप से स्वस्थ भी बनाती है।

# अमेरिका-ईरान के बीच न्यूक्लियर प्रोग्राम पर वार्ता

**-किशन सनमुखदास भावनानीं**

वैश्विक स्तरपर चल रही अशांति, युद्ध,बम गोला बारूद के बीच रूस-यूक्रेन इजरायल-गाजा में युद्ध व लेबनान सीरिया व यमन में अशांति के बीच एक सकारात्मक पहलू हुआ कि ओमान की राजधानी मस्कट में ईरान अमेरिका के बीच न्यूक्लियर प्रोग्राम को लेकर वार्ता हुई, जिसे ईरान ने अप्रत्यक्ष वार्ता बताया तोअमेरिका ने प्रत्यक्ष बताया जिसकी चर्चा हम नीचे पैराग्राफ में करेंगे। लंबे समय से दुश्मन रहे ईरान और अमेरिका शनिवार (12 अप्रैल, 2025) को मस्कट में संभावित परमाणु समझौते पर पहुंचने के उद्देश्य से वार्ता किए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोमवार (7 अप्रैल, 2025) को चौंकाने वाली घोषणा की थी। परंतु मेरा मानना है कि दुनियाँ के हर देश को वैश्विक शांति के लिए जरूरत के अनुसार चार कदम पीछे हटना चाहिए व पावर दिखाने वाले देशों को भी नम्र होकर शांति समझौते करना समय की मांग है।चूँकि अमेरिका ईरान के बीच मस्कट में न्यूक्लियर प्रोग्राम को लेकर वार्ता हुई,जो 19 अप्रैल 2025 को फिर बैठने का निर्णय लिया गया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे अंतरराष्ट्रीय मुद्दों को सुलझाने,कूटनीति को सद्भावना, सहयोग, मुद्दे सुलझाने के संकल्प कर सकारात्मक नतीजे के अंजाम तक लाना जरूरी है। बता दें यह पूरी जानकारी मीडिया में अपडेट्स के सहयोग से उठाई गई है।

साथियों बात अगर हम मस्कट में 12 अप्रैल 2025 को हुई वार्ता की करें तो,ईरान और अमेरिका के दूतों ने शनिवार को ओमान में तेहरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत शुरू की। हालांकि तत्काल कोई समझौता होने की संभावना नहीं थी,लेकिन दोनों देशों के बीच आधी सदी से चली आ रही दुश्मनी के कारण बातचीत में बहुत कुछ दांव पर लगा हुआ है। हाल के दिनों में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान को धमकी दे रहे हैं कि अगर वह अपने परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिका के साथ आम सहमति बनाने में विफल रहता है तो वह ईरान को ऐसा करने से रोकेगा।राष्ट्रपति ट्रंप ने बार-बार ईरान के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाते हुए तेहरान पर हमला करने की धमकी दी है, यदि समझौता नहीं हुआ,इसपर ईरान ने चेतावनी दी है कि वह हथियार स्तर के करीब संवर्धित अपने यूरेनियम भंडार के साथ परमाणु हथियार बनाने की कोशिश कर सकता है। ईरान ने वार्ता को अप्रत्यक्ष बताया,ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा,ये वार्ता ओमानी मेजबान द्वारा नियोजित स्थान पर होगी, जिसमें इस्लामी गणराज्य ईरान और संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रतिनिधि हॉल और किनारों में बैठेंगे, तथा ओमानी विदेश मंत्री के माध्यम से एक-दूसरे को अपने विचार और स्थिति से अवगत कराएंगे, जबकि ट्रंप और विटकॉफ दोनों ने वार्ता को प्रत्यक्ष बताया है, ईरानी पक्ष इसे अप्रत्यक्ष वार्ता कहता है।लेकिन दोनों दलों के बीच सीधी वार्ता नहीं हो रही है।दोनों दल अलग-अलग कमरों में बैठे हैं और वे ओमान के विदेश मंत्री के जरिये वार्ता कर रहे हैं। यह जानकारी ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक्स पर दी है।

साथियों बात अगर हम ईरान अमेरिका वार्ता के बैकग्राउंड की करें तो,अमेरिका-ईरान के बीच तनाव गहराता जा रहा है। इस बीच ईरान की शनिवार को अमेरिका के साथ ओमान में बातचीत हुई है। ओमान में हुई इसी बैठक को लेकर ईरान ने बड़ा बयान दिया था। विदेश मंत्री ने कहा था कि ईरान ईमानदारी से न्यूक्लियर डील को अंतिम रूप देने के इरादे से बातचीत में शामिल होने को तैयार है, लेकिन साथ ही उन्होंने साफ किया कि ये वार्ता सीधी नहीं बल्कि अप्रत्यक्ष होगी, और अमेरिका को पहले ये मानना होगा कि सैन्य विकल्प कोई विकल्प नहीं है,हाल ही में अमेरिका केराष्ट्रपति ने ईरान को न्यूक्लियर डील पर बातचीत कहने को कहा था और साथ ही धमकी दी थी कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो ईरान को बमबारी का सामना करना पड़ेगा।ट्रंप की चेतावनी थी, बात नहीं बनी तो भुगतना होगा, अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोमवार को व्हाइट हाउस में इजराइली प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान वार्ता का खुलासा करते हुए चेतावनी दी थी कि अगर बातचीत नाकाम रही, तो ईरान के लिए ये बहुत बुरा दिन होगा। ईरान के विदेश मंत्री ने वॉशिंगटन पोस्ट में प्रकाशित एक लेख में लिखा है कि हमारा देश गर्वित है, और दबाव या धमकी के आगे नहीं झुकेगा, उन्होंने कहा कि अमेरिका अगर ईमानदार है, तो उसे साबित करना होगा कि वह डील को निभाएगा, ईरान कभी भी परमाणु हथियारों की दिशा में नहीं बढ़ा, लेकिन हम अपनी मंशा को लेकर स्पष्टीकरण देने को तैयार हैं।

साथियों बात अगर हम ईरान अमेरिका तनाव में इजरायल की एंट्री की करें तो, ईरान अमेरिका के बीच चल रही तनातनी में अब ईजराइल ने भी एंट्री मार ली है। दरअसल इजराइल के प्रधानमंत्री ने कहा है कि वह ईरान के लिए लीबिया जैसा मॉडल चाहते हैं, जहां अमेरिका खुद जाकर परमाणु स्थलों को खत्म करे, उन्होंने कहा है कि अगर अमेरिका के साथ ईरान की बात नहीं बनी, तो सैन्य कार्रवाई तय है। ईरान की दो टूक न डील खत्म करेंगे, न झुकेंगे ईरानी अधिकारियों ने बीबीसी को बताया कि वे अपने परमाणु कार्यक्रम को कभी नहीं खत्म करेंगे और लीबिया मॉडल किसी भी हालत में स्वीकार नहीं होगा। उन्होंने यह भी दोहराया कि उनका परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण है। 2015 की डील से बाहर निकलने के बाद अमेरिका और ईरान के रिश्तों में तल्खी बढ़ती गई है। जो अभी 19 अप्रैल को देखना होगा।

साथियों बात अगर हम देर रात मीडिया में आई जानकारी के अनुसार वार्ता के नतीजे की करें तो, अमेरिका के राष्ट्रपति के तौर पर ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में, ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर दोनों देशों के बीच हुई पहली सीधी वार्ता में इस मुद्दे पर 19 अप्रैल को और चर्चा करने पर सहमति बनी है। ईरान के विदेश मंत्री ने यह जानकारी दी। ईरान के सरकारी टेलीविजन की खबर के मुताबिक, वार्ता के अंत में अमेरिका के पश्चिम एशिया में दूत स्टीव विटकॉफ और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ओमान के विदेश मंत्री की उपस्थिति में संक्षिप्त बातचीत की। इससे दशकों से तनावपूर्ण संबंध वाले दोनों देशों के बीच सीधी वार्ता होने का संकेत मिलता है। मीडिया के अनुसार अमेरिकी अधिकारियों ने ईरान की ओर से आ रही खबरों की तत्काल पुष्टि नहीं की है। खबरों के मुताबिक, दोनों पक्षों ने ओमान के बाहरी इलाके में एक स्थान पर दो घंटे से अधिक समय तक बातचीत की, दोनों देशों के बीच करीब 50 साल से जारी दुश्मनी के बीच बातचीत का महत्व और भी बढ़ गया है। बता दें बघेई ने कहा था,हम कूटनीति को एक वास्तविक और ईमानदार अवसर दे रहे हैं, ताकि बातचीत के माध्यम से हम एक ओर परमाणु मुद्दे पर आगे बढ़ सकें, और दूसरी ओर हमारे लिए अधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रतिबंधों को हटाया जाए। बघेई ने कहा था, देखिए, यह तो बस एक शुरूआत है। इसलिए यह स्वाभाविक है कि इस चरण में दोनों पक्ष ओमानी मध्यस्थ के माध्यम से अपनी मौलिक स्थिति प्रस्तुत करेंगे।इसलिए,हमें उम्मीद नहीं है कि वार्ता का यह दौर लंबा चलेगा। इससे पहले अराघची ने ईरानी पत्रकारों से बात की थी। एक आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना द्वारा जारी एक ऑडियो क्लिप में अराघची ने कहा,अगर दोनों पक्षों में पर्याप्त इच्छाशक्ति है, तो हम कार्यक्रम तय करेंगे। लेकिन इस बारे में बात करना अभी भी जल्दबाजी होगी।

# अभिवादन से दीर्घजीवी होने का रहस्य

**-डॉ. नरेंद्र कुमार मेहता**

भारतीय संस्कृति में सभी धर्मशास्त्रकारों ने, अभिवादनशीलता को महान् धर्म और सदाचार का प्रमुख लक्षण बतलाया है। महाराज मनु ने अपनी स्मृति के प्रारम्भ में ही अभिवादनशील व्यक्ति को दीघार्यु, सद्विद्या, उत्तम यश और महान् बल परार्क्रम की सहज ही प्राप्ति बतलायी है। मूलतः महर्षि मार्कण्डेयजी अभिवादनशीलता के सर्वश्रेष्ठ उदाहरण हैं। उनमें विनय, नम्रता,शिष्टाचार, मयार्दा रक्षण, अभिवादनशीलता श्रेष्ठजन, वृद्धों तथा गुरूजन के प्रति आदर - बुद्धि, सेवाभाव आदि सद्गुणों का भण्डार भरा था, एवं नित्य विप्रों के अभिवादन करने से जो उन्हें आशीर्वाद प्राप्त हुआ, उसी से वे कालजयी महात्मा हुए तथा सदा - सदा के लिए अजर - अमर हो गये।

अपने इस धर्माचरण से ऋषि मार्कण्डेयजी ने संसार में यह सन्देश दिया है कि ह्यह्य अपने माता - पिता, गुरू तथा श्रेष्ठजन को सदा प्रणाम करना चाहिये और विनीत भाव से सदा उनका अभिवादन करना चाहिये। इससे दीघार्यु प्राप्त होती है और जीवन सफल हो जाता है। इस बात के प्रमाणीकरण में पुराणों में एक कथा प्रसिद्ध है ऐसा वर्णन है कि जब मार्कण्डेय पांच वर्ष के थे, एक दिन वे अपने पिता महर्षि मृकण्डुजी की गोद में खेल रहे थे, उसी समय संयोग से एक महाज्ञानी मर्मज्ञ वहाँ आ पहुँचे और उन्होंने उस बालक के विशिष्ट लक्षणों को देखकर महर्षि मृकण्डु से कहा मुने! आपका यह बालक कोई सामान्य बालक नहीं है, यह दैवीगुणों से सम्पन्न है और इससे संसार का महान कल्याण होने वाला है। इसके शरीर में जो शुभ लक्षण हैं, ऐसे लक्षण किसी में हो तो वह अजर - अमर होता है, किन्तु इस बालक में एक विशेष लक्षण हैं , जिससे सूचित होता है कि आज के दिन से छः महीने होते ही वह मृत्यु को प्राप्त होगा। अतः आप आज, अब से ही इसके दीर्घ जीवन हेतु कार्य करें तथा इतना कह कर वे सिद्ध महात्मा चले गये।

महात्माओं की भविष्यवाणी कभी भी मिथ्या नहीं होती है यह सोचकर महर्षि मृकण्डुजी ने मृत्यु टालने हेतु समय के पूर्व ही बालक का यज्ञोपवीत संस्कार कर दिया और कहा बेटा! तुम जिस किसी भी ब्राह्मण को देखना तब विनयपूर्वक प्रणाम करना।

यं कंचिद्वीक्षसे पुत्र भ्रममाणं द्विजोत्तमम।
तस्यावश्यं त्वयां कार्य विनयादभिवादनम।।

ऐसा निर्देश देकर मृकण्डुजी निश्चिंत हो गये क्योंकि वे ब्राह्मणों के आशीर्वाद की शक्ति व महत्ता से भलीभाँति परिचित थे। मार्कण्डेयजी पिता की आज्ञा मानकर अभिवादन व्रत में लग गये। जो भी श्रेष्ठ जन दिखते, मार्कण्डेयजी बड़े ही भक्ति एवं विनयपूर्वक उन्हें प्रणाम करते।

इस प्रकार छः महीने बीतने में केवल 3 दिन शेष रह गये। इसी बीच तीर्थयात्रापरायण सप्तर्षिगण उधर आ निकले, वहाँ वटुवेष में मार्कण्डेयजी खड़े थे। उनका दर्शन कर मार्कण्डेयजी को बड़ा आनन्द हुआ। उन्होंने श्रद्धा भक्तिपूर्वक बड़े ही विनीत भाव से बारी - बारी सभी महर्षियों को प्रणाम किया और सबने पृथक - पृथक दीघार्यु होने का आशीर्वाद दिया। महर्षि वसिष्ठजी ने उस बालक की ओर जब ध्यान से देखा तो वे समझ गये और सप्तर्षियों से कहने लगे, अरे! यह महान् आश्चर्य है जो हम लोगों ने इस बालक का दीघार्यु होने का आशीर्वाद दे दिया क्योंकि इस बालक की तो केवल 3 दिन की ही आयु शेष रह गई है, अतः अब कोई ऐसा उपाय करना चाहिये, जिससे हम लोगों का आशीर्वाद झूठा सिद्ध न हो। हम भी जानते हैं कि विधाता का विधान भी असत्य नहीं हो सकता। अतः इस बालक के चिरंजीवी होने की कोई युक्ति निकालनी चाहिये।

सप्तर्षिगण ने परस्पर विचार कर यह निश्चय किया कि ब्रह्माजी को छोड़कर दूसरा कोई भी इस समस्या को हल नहीं कर सकता। अतः इस बालक को उनके आगे ले जाकर उन्हीं की आज्ञा से इसे चिरंजीवी बनाना चाहिये। ऐसा निर्णय करके तीर्थभ्रमण का कार्य रोककर उस ब्रह्मचारी को साथ ले वे शीघ्र ही ब्रह्लोक में जा पहुँचे। वहाँ ब्रह्माजी को प्रणाम करके वेदोक्त स्तोत्रों द्वारा उनकी स्तुति करने पश्चात सब मुनि बैठे।

इसके बाद उस बालक ने भी ब्रह्माजी को प्रणाम किया, और ब्रह्माजी ने भी उसे दीघार्यु होने का आशीर्वाद दिया। तत्पश्चात ब्रह्माजी ने सप्तर्षियों से पूछा - आप लोग कहाँ से और किसलिए इस समय यहाँ आये हो और यह उत्तम व्रत धारण करने वाला बालक कौन है? सप्तर्षियों ने आने का प्रयोजन और उस बालक के सम्बन्ध में सारी घटना बताकर कहा कि प्रभु! आपने भी इस बालक को यशस्वी, विद्वान तथा दीर्घायु होने का आशीर्वाद दिया है। अतः अब आप और हम सब सत्यवादी बने रहें। हमारी बात झूठी न होने पाये, ऐसा कोई उपाय करें।

उनकी बात सुनकर ब्रह्माजी मुस्करा उठे और कहने लगे - मुनिवरों! आप लोग चिन्तित न हो। इस बालक ने अपने विनय और अभिवादन के बल पर काल को भी जीत लिया है। तब ब्रह्माजी ने विचार कर अपनी विशिष्ट शक्ति से मार्कण्डेय जी को अजर - अमर तथा जरामुक्त होने का वर प्रदान किया। ब्रह्माजी ने मार्कण्डेयजी को उनके माता - पिता के आश्रम में भेजने को कहा। सप्तर्षिगण बालक को उसके माता - पिता के आश्रम में छोड़कर तीर्थ यात्रा पर निकल गये। मार्कण्डेयजी ने सारी कथा अपने माता - पिता को बता दी तथा कहा कि अभिवादन, विनय नम्रता, शिष्टाचार, मयार्दा रक्षण से दीर्घजीवन होने का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

अभिवादन में अमीर - गरीब छोटे - बड़े का कोई भेद नहीं करना चाहिए क्योंकि अभिवादनकर्ता को इसका आनन्द - सुख उसे सदा मिलता ही है। एक प्रसंग है कि एक कम्पनी का सबसे बड़ा अधिकारी प्रतिदिन कम्पनी में आने एवं जाने पर हँसता हुआ सबको गुड बाय करता था। एक दिन कार्यालय के बन्द होने के समय लिफ्टमैन को वह अधिकारी दिखाई नहीं दिया तो उस लिफ्टमैन को चिन्ता हुई तथा वह कम्पनी के तलघर में उस अधिकारी को ढूँढने गया। वहाँ उसे वह अधिकारी अपने काम में व्यस्त दिखा तथा कार्यालय बन्द होने के समय का ज्ञान उसे न रहा। लिफ्टमैन ने उसे कहा कि सर! कार्यालय पूरा बन्द हो चुका है, आप अन्तिम व्यक्ति हैं जो कि लिफ्ट से ऊपर न आये। मुझे आपके गुड बाय की याद आयी तथा मैं यहाँ आ पहुँचा। यदि आपके गुड बाय की याद न होती तो लिफ्ट तथा पूरा कार्यालय बन्द कर घर चला जाता इस प्रकार उस अधिकारी को गुडबाय के अभिवादन ने उसे कार्यालय में बन्द होने से बचाया।

यही बात श्रीरामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास ने मानव जीवन में दीघार्यु -यशस्वी होने के लिए बाल्यावस्था में इसे अनुकरण करने को तथा श्रीरामजी के जीवन से प्रेरणा प्राप्त करने को कहा है।

प्रातःकाल उठि के रघुनाथा। मातु पिता गुरू नावहिं माथा।।

(मानसश्री मानस शिरोमणि,एवं विद्यावाचस्पति)

# भाजपा के पोस्टरों के पोस्टर बॉय हैं दिग्विजय

**- राकेश अचल**


कोई माने या न माने लेकिन मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह भाजपा के लिए आज भी हौवा बने हुए हैं। वक्फ (संशोधन) विधेयक का राज्यसभा में विरोध करने पर कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह को गद्दार बताने वाले पोस्टर प्रदेश के अनेक शहरों में लगे हुए हैं लेकिन इससे न दिग्विजय सिंह विचलित हैं और न उन्होंने अपना रुख बदला है,उलटे वे भाजपा पर और आक्रामक हो उठे हैं। उन्होंने पलटवार करते हुए भाजपा की जन्मकुंडली खोलना शुरू कर दी है।

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह 78 साल के हो गए हैं और पिछले 54 साल से कांग्रेस के साथ काम कर रहे है। उनके साथ और बाद में आये तमाम राजे-महाराजे और खुद उनके भाई इस बीच कांग्रेस छोड़कर भाजपा में चले गए लेकिन दिग्विजय सिंह आज भी राजनीति की क्रीज पर हैं क्रीज पर हैं। 2003 में कांग्रस के सत्ताच्युत होने के बाद उन्होंने पूरे एक दशक तक कोई चुनाव नहीं लड़ा लेकिन 2018 में प्रदेश की सत्ता में कांग्रेस की वापसी के बाद वे एक बार फिर कांग्रेस के लिए महत्वपूर्ण हो गये। दिग्विजय सिंह ने पार्टी के महासचिव के रूप मेंही नहीं बल्कि राज्य सभा सदस्य के रूप में अपनी उपस्थिति से भाजपा को परेशान करके रखा।

वक्फ बोर्ड कानून के मुद्दे पर खुद को गद्दार बताने पर दिग्विजय सिंह ने भाजपाइयों को ही गद्दार कह दिया। उन्होंने दावा किया कि गद्दार तो वे भाजपा कार्यकर्ता हैं जिन्होंने आईएसआई एजेंट के रूप में काम किया है।दिग्विजय सिंह ने याद दिलाया कि आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने मध्य प्रदेश के विभिन्न स्थानों से 2017 में जासूसी गिरोह का हिस्सा होने के आरोप में 11 लोगों को गिरफ्तार किया था।दिग्विजय सिंह पहले भी आरएसएस को लेकर अदालतों का सामना कर चुके हैं। अदालतों ने दिग्विजय को बरी कर दिया ,लेकिन वे आज भी अपने सुर बदलने को तैयार नहीं हैं। दिग्विजय के जितने विरोधी भाजपा में हैं उतने ही कांग्रेस में भी हैं किन्तु वे ऐसे अकेले कांग्रेसी नेता हैं जो आरोपों-प्रत्यारोपों से विचलित नहीं होते उलटे उनका सामना करते है। पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमा भर्ती ने दिग्विजय सिंह को मिस्टर बंटाधार कहा लेकिन वे मुस्कराते रहे। कांग्रेस में उनके ही विरोधियों ने उन्हेंभाजपा का एजेंट कहा लेकिन वे पीछे नहीं हटे। आपको बता दें की वक्फ बोर्ड के नए कानून का विरोध करने वाले दिग्विजय सिंह अकेले नेता नहीं है लेकिन उनका विरोध भाजपा को सबसे ज्यादा खटकता है। इसी मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में वक्फ संशोधन कानून पर सुनवाई से पहले सात राज्यों की सरकारें सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई हैं. महाराष्ट्र, असम, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हरियाणा, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड की सरकारों ने आवेदन दाखिल कर नए कानून का समर्थन किया है. इन राज्यों ने कहा है कि नया कानून पारदर्शी, न्यायपूर्ण और व्यवहारिक है. कानून के खिलाफ दाखिल याचिकाओं का विरोध करते हुए इन सभी राज्यों ने अपना पक्ष भी सुने जाने की मांग कोर्ट से की है। इस नए कानून के विरोध में बंगाल सहित देश के अनेक राज्यों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं ,लेकिन निशाने पर दिग्विजय सिंह ही सबसे ज्यादा हैं।

## दैनिक पंचांग

**16 अप्रैल 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | मेष | 05.32 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | वृष | 07.16 बजे से |
| मंगल | कर्क में | मिथुन | 09.14 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 11.27 बजे से |
| गुरु | वृष में | सिंह | 13.44 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 15.56 बजे से |
| शनि | मीन में | तुला | 18.06 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 20.21 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 22.37 बजे से |
| राहुकाल 12.00 से 1.30 बजे तक | | मकर | 00.42 बजे से |
| | | कुंभ | 02.29 बजे से |
| | | मीन | 04.01 बजे से |

**बुधवार** 2025 वर्ष का 106 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946 **मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** तृतीया 13.18 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** अनुराधा अहोरात्र। **योग** व्यतीपात 00.18 बजे रात्र को समाप्त। **करण** विष्टि 13.18 बजे तदनन्तर बव 02.23 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 17.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 10° 08' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872316 **जूलियन दिन** 2460781.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** सव्वाल **तारीख** 17 **विशेष** संकष्टी चतुर्थी, अनुसूया जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से | 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से | 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से | 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से | 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से | 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से | 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## विशेष

### राज्यपाल ने लगवाये जय श्री राम के नारे

तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवी रोजाना नए-नए विवाद के लिए जाने जाते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में जो फैसला दिया है।उसके बाद भी उनमें कोई शर्म और हया देखने को नहीं मिल रही है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को भी एक तरह से चुनौती दे दी है।तमिलनाडु के राज्यपाल एक इंजीनियरिंग कॉलेज के पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल हुए थे।वहां पर उन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में छात्रों से जय श्री राम के नारे लगवाए। यह नारे लगवाना इसलिए भी जरूरी हो गया था। उन्हें राज्यपाल के पद पर बने रहना है।जब तक वह अपनी निष्ठा संघ और जय श्री राम के प्रति प्रदर्शित नहीं करेंगे। उनका पद पर बने रहना शायद मुश्किल होगा। तमिलनाडु मैं उनके इस्तीफा या बर्खास्त करने की मांग तेज होने लगी है।

### हिंसा के बाद पश्चिम बंगाल में पलायन मुख्य मुद्दा

पश्चिम बंगाल की राजनीति बड़ी अजब गजब की है। मुख्यमंत्री के पद पर ममता बनर्जी विराजमान हैं। वही राज्यपाल के पद पर केंद्र सरकार के राज्यपाल महोदय राज भवन में विराजमान है। पश्चिम बंगाल में राज्यपाल और मुख्यमंत्री दोनों की ही सत्ता चल रही है। पुलिस प्रशासन और अधिकारी परेशान हैं। पश्चिम बंगाल की न्यायपालिका की आंखों में हमेशा पट्टी बंधी रहती है। ममता सरकार के खिलाफ और भाजपा के पक्ष में निर्णय करने की छवि न्यायपालिका की बन चुकी है।

## कार्टून कोना




## आज का इतिहास

1840 ब्रिटिश इस्ट इंडिया कम्पनी और इंदौर के होलकर के बीच लड़ाई भड़की. 1844 प्रसिद्ध उपन्यासकार अनातोले का फ्रांस में जन्म हुआ. 1853 भारतीय रेलवे का उद्घाटन हुआ. 1889 अभिनेता, निर्देशक चार्ली चैपलिन का जन्म हुआ. 1897 निकोलाई लेनिन वर्षों निर्वासित रहने के बाद रूस लौटे. 1922 जर्मनी ने सोवियत संघ को एक महाशक्ति के रुप में मान्यता दी और उससे राजनायिक एवं व्यापारिक संबंध कायम किसे. 1947 नाईट्रेट लदे फ्रांसीसी मालवाहक में विस्फोट से टेक्सास सिटी में 500 से अधिक लोग मारे गये. 1960 अमेरिका और प्रशांत महासागर में केबल बिछाने का काम पूरा हुआ. 1970 फ्रांस ने हिमस्खलन से 72 लोगों की मृत्यु हुई. 1972 अमेरिका ने अपोलो 16 को अंतरिक्ष यात्रियों सहित प्रक्षेपित किया.

## आज का राशिफल

**मेष** आज दिन अच्छा है और आपको काफी हद तक आर्थिक परेशानियों से छुटकारा मिलेगा।

**तुला** आज दिन परेशानी और चिंता वाला रहेगा और आपका ऑफिस में किसी से झगड़ा हो सकता है।

**वृषभ** आज लाभ का दिन है और आपके घर में कोई शुभ कार्य आयोजित हो सकता है।

**वृश्चिक** लाभ और तरक्की मिलेगी और आपके सभी कार्य बिना किसी रुकावट के पूर्ण हो सकते हैं।

**मिथुन** आज करियर में लाभ होगा और आपको अपने जीवन में आगे बढ़ने के मौके हासिल होंगे।

**धनु** आज ज्यादातर समय बेकार के कामों में बर्बाद हो सकता है। गलत काम करने से बचें।

**कर्क** आज करियर में फायदा होगा और आपका काफी समय से रुका कोई कार्य पूर्ण हो जाएगा।

**मकर** आज सोमवार का दिन सुख-सुविधाओं के लिहाज से अच्छा रहने वाला है।

**सिंह** आज लाभ होगा और आपका दिन लाभ से भरा होगा। कारोबार में सम्मान मिलेगा।

**कुंभ** आज निष्पक्ष रूप से अपने काम को पूरा करेंगे। आपके साथी कर्मचारी भी आपकी मदद करेंगे।

**कन्या** आज दिन करियर में सफलता से भरा होगा और आपके लिए तरक्की के योग बने हैं।

**मीन** आज अप्रत्याशित लाभ का संयोग बन रहा है। विरोधी और शत्रुओं का प्रभाव कम होगा।



# रेलवे ट्रैक की चोरी है नामुमकिन, जानें इसकी वजह

इंडियन रेलवे दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है। यह भारत के लोगों को एक छोर से दूसरे छोर तक पहुंचाने का काम करते हैं। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि एक दिन में पूरे देशभर से करीब 1300 ट्रेनों का संचालन होता है। लोग ट्रेन में सफर करने से पहले तरह-तरह की तैयारी कर लेते हैं। जैसे बैग पैकिंग या फिर खाने की पैकिंग। हालांकि, इससे पहले लोग अपनी सीट बुक कर लेते हैं, ताकि उन्हें अपने गंतव्य तक पहुंचने में किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। इसमें आपको सीट नंबर, कोच नंबर, डेट ऑफ़ जर्नी, सहित अन्य तमाम जानकारी दी जाती है।

जब ट्रेन में सफर की शुरुआत होती है, तो आपको तरह-तरह के लोग मिलेंगे। तरह-तरह की चीजें देखने को मिलेंगे। इस दौरान आप बहुत से राज्यों की खूबसूरती को अपनी आंखों से निहार सकते हैं। हालांकि, इस दौरान आपके मन में बहुत सारी बातें चल सकती है। जैसे रेलवे का विस्तार किसने किया है, रेलवे ट्रैक कैसे बनाया जाता है, ट्रेन एक पटरी से दूसरी पटरी पर किस तरह जाती है या फिर कितने समय अंतराल में एक पटरी पर 2 ट्रेनें एक साथ चलती है, सिग्नल कैसे काम करता है, ड्राइवर को कौन ऑपरेट करता है, इत्यादि। ऐसी तमाम तरह के सवाल मन में हलचल पैदा करती है। वहीं, कई बार आपने यह भी सोचा होगा कि सारी चीजों की चोरी संभव है, लेकिन कभी अपने समाचार में यह नहीं सुना होगा कि रेलवे ट्रैक का लोहा कभी किसी ने चुराया हो। इसके पीछे क्या वजह है यह जानना काफी दिलचस्प भरा है।

## रेलवे ट्रैक की चोरी क्यों है नामुमकिन?

भारत का रेलवे ट्रैक लाखों करोड़ों किलोमीटर तक बिछा हुआ है। यह एकमात्र ऐसी चीज है, जिसे चोर या डकैत द्वारा चोरी नहीं किया जा सकता है। इसके पीछे एक बड़ी वजह है। सबसे पहली वजह तो यह है कि रेलवे की पटरिया स्लिपर्स की मदद से बहुत सुरक्षित तरीके से बांधे जाते हैं, जिसे खोलना एकदम आसान काम नहीं होता है और यह मिश्र धातु की बनी होती है, जिसे किसी भी चीज से काटना पॉसिबल नहीं होता है। इसके अलावा, दूसरी वजह यह है कि रेलवे ट्रैक का लोहा आप कहीं भी बेचे जाएंगे, तो इसे कोई खरीदना नहीं चाहता है क्योंकि अगर इसके बारे में किसी को भी भनक लग गई, तो उसे जेल हो सकती है। इसके साथ ही उस पर जुर्माना भी लग सकता है। इसलिए चोर या डकैत द्वारा कभी भी रेलवे ट्रैक नहीं चुराया जाता।







# दुनिया की सबसे महंगी मछलियां, कीमत इतनी ज्यादा कि खरीद लेंगें कई सारी ज्वेलरी

**दुनिया में नॉनवेज खाने वालों की कोई कमी नहीं है। खासकर बंगाली परिवार में हर रोज सब्जी की तरह मछली बनाई जाती है। कुछ लोग मछली खाने के इतने ज्यादा शौकीन होते हैं कि वह तरह-तरह की मछलियां ट्राई करते हैं। अक्सर आपने मंहगी मछलियों में इलिश मछली का नाम सुना होगा, जिसे शादियों में बनाया जाता है, लेकिन आज हम आपको उन मछलियों के बारे में बताएंगे जो कि दुनिया भर में सबसे महंगी मछलियों की लिस्ट में शामिल है। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि दुनिया में एक ऐसा बाजार है, जहां मछलियों का ऑक्शन होता है। जिसमें लोग मछलियों पर बोली लगाकर उसे खरीदते हैं। इसके लिए लोग लाखों रुपये भी लगा देते हैं। समुद्री इलाके में रहने वाले लोग अधिकतर नॉनवेज खाना ही पसंद करते हैं, जिनमें उनका फेवरेट व्यंजन मछली-चावल होता है।**

## मछली पालने के भी होते हैं शौकीन

इससे यह साफ पता चलता है कि दुनिया में तरह-तरह के लोग रहते हैं। सभी को अलग-अलग तरीके का शौक होता है। कुछ लोगों को घूमना पसंद होता है, तो कुछ लोगों को अकेले रहना ज्यादा पसंद आता है। कुछ लोग फ्रेंड्स के साथ ज्यादा समय बिताना पसंद करते हैं, तो कुछ लोग अकेले ही एडवेंचर करते रहते हैं। कुछ ऐसे भी लोग होते हैं, जिन्हें जानवरों से लगाव होता है। तो वहीं मछली पालने के भी लोग बेहद शौकिन होते हैं।

## ब्लूफिन टूना



दुनिया की सबसे महंगी मछली की लिस्ट में सबसे पहला नाम ब्लूफिन टूना का आता है, जो इस साल की सबसे महंगी बिकने वाली मछली रही है। जिसकी कीमत 5000 प्रति पाउंड है। भारतीय रुपए के हिसाब से इसकी कीमत लगभग 4 लाख 20 हजार रुपये है। इसका स्वाद बाकी सभी मछलियों से काफी अलग होता है। जिसे लोग काफी चावल से खाना पसंद करते हैं।

## अमेरिकन ग्लास ईल



वहीं, दूसरे स्थान पर अमेरिकन ग्लास ईल मछली का नाम आता है। जैसा कि नाम से ही समझ में आ रहा है कि यह अमेरिकन कंट्री में पाई जाती होगी। तो हां यह नॉर्थ अमेरिका के उत्तर पूर्वीय तटों में पाई जाती है। साइज में 3 इंच वाली यह मछली इंडियन मार्केट में 2,52,181 रुपये की बिकती है। इंटरनेशनल मार्केट में इसकी कीमत 3000 डॉलर प्रति पाउंड है। इस मछली की खासियत है कि यह 4 फीट तक बढ़ सकती है।


## जंगली अलास्का किंग सैल्मन



मछली के साथ चावल खाने वाले लोगों को काफी ज्यादा पसंद आने वाले मछलियों में जंगली अलास्का किंग सैल्मन नाम शामिल है। भारतीय मार्केट में इसकी कीमत लगभग रुपये 6000 तक होती है। वहीं, इंटरनेशनल मार्केट में इसकी कीमत 70 प्रति पाउंड है, जो स्वाद में काफी लाजवाब और टेस्टी होता है।

## पफर फिश

इसके बाद पफर फिश का नाम आता है। यह काफी ज्यादा खतरनाक भी होती है, क्योंकि इसके शरीर के चारों तरफ कांटे लगे होते हैं। इनमें विष भी होता है, अगर यह हाथ में गड़ जाए, तो शरीर पर विष फैल सकता है। इसकी सबसे ज्यादा डिमांड अमेरिका में है। इस मछली की कीमत 200 प्रति पाउंड है। इंडियन रुपये के हिसाब से यह रुपये 17000 है।



## स्वोर्ड फिश

आपने अक्सर स्वोर्ड मछली के बारे में सुना होगा। यह तलवार की तरह दिखती है, जिसकी चोंच काफी नुकीली होती है। इंडियन मार्केट में इसकी कीमत 5100 रुपये है। यह मछली अटलांटिक महासागर में पाई जाती है। वहीं, इंटरनेशनल मार्केट की बात करें तो इसकी कीमत 60 प्रति पाउंड है। महंगी शादी, पार्टियों में इसे स्पाईस तरीके से बनाया जाता है।





# दुनिया का इकलौता देश जहां मात्र 40 मिनट की होती है रात

समय का चक्र निरंतर घूमता रहता है। दुनिया के किसी हिस्से में सूर्य चमक रहा होता है, तो किसी हिस्से में रात का अंधेरा छाया होता है। सभी जगह दिन और रात का समय अलग-अलग होता है। भारत और अमेरिका के घड़ी की बात करें, तो इसमें काफी ज्यादा अंतर पाया जाता है। विभिन्न देशों में दिन और रात की लंबाई अलग-अलग होती है। कहीं पर दिन काफी ज्यादा लंबा होता है, तो कहीं रात काफी ज्यादा लंबी होती है। दुनिया में एक ऐसा देश भी है, जहां सबसे कम समय की रात होती है। यहां आधी रात के बाद सूर्य डूबता है और कुछ ही समय में फिर से उग जाता है।

## दुनिया का इकलौता देश

जी हां! यह सुनकर आपको आश्चर्य जरूर हो रहा होगा, लेकिन यह बिल्कुल सच है। दरअसल, इस देश का नाम नॉर्वे है, जहां मात्र 40 मिनट की रात होती है। इसे लैंड ऑफ द मिडनाइट सन भी कहा जाता है। यहां रात करीब 12 बजकर 43 मिनट पर सूरज डूबता है और इसके 40 मिनट बाद, यानी रात के 1 बजकर 30 मिनट पर फिर से सूर्य उदय हो जाता है।

## पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र

दरअसल, यह देश आर्कटिक सर्किल के पास है। जिस कारण गर्मी के महीने में सूर्य की किरणें इस क्षेत्र में सीधे पड़ती है, इसलिए यहां सूर्य बहुत कम देर के लिए ढलता है और रात बहुत छोटी होती है। यही कारण है कि नॉर्वे पर्यटकों के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र है।

## समृद्ध देशों में से एक

नॉर्वे उत्तरी यूरोप में स्थित है। इसके पश्चिम में अटलांटिक महासागर, पूर्व में स्वीडन, उत्तर में फिनलैंड और रूस है। यह दुनिया के सबसे समृद्ध देशों में से एक है। यहां की सुंदरता देखने लायक है। यदि आप भी इस जगह जाकर आनंद उठाना चाहते हैं, तो आप अपने फैमिली, फ्रेंड्स या फिर पार्टनर के साथ जा सकते हैं।





**ये बात हैरान कर सकती है कि ब्रह्मांड का सिर्फ 4% हिस्सा ग्रह, तारे और आकाशगंगाओं से बना है। बाकी 96% हिस्सा डार्क मैटर और डार्क एनर्जी से बना है, जिसे वैज्ञानिक अभी तक पूरी तरह समझ नहीं पाए हैं। अगर आप अंतरिक्ष में दो समान धातुओं के टुकड़े एक-दूसरे को स्पर्श करा दें तो वो स्थायी रूप से जुड़ सकते हैं। इस प्रक्रिया को कोल्ड वेल्डिंग कहा जाता है।**

# अंतरिक्ष में 1995 में पहली बार उगाया गया था आलू

क्या आपने कभी आसमान की ओर देखते हुए अंतरिक्ष में जाने की कल्पना की है। अंतरिक्ष..वो ऐसा अनंत विस्तार जहां न कोई सीमा है न किनारा। ये सृष्टि का ऐसा अनदेखा कोना है जहां अनगिनत तारे टिमटिमाते रहते हैं..ग्रह अपनी कक्षाओं में घूमते हैं और धूमकेतु समय की नदी में तैरते हुए अपनी कहानियां लिखते हैं। ये ब्रह्मांड की अनंत गहराइयों में छिपे रहस्यों का भंडार है, जिसे लेकर मनुष्य हमेशा से जिज्ञासा में डूबा रहा है। यही वजह है कि विज्ञान के माध्यम से हमेशा स्पेस को जानने की कोशिश की जाती है।

जब हम रात के आसमान में चमकते तारों को देखते हैं तो एक प्रश्न हमारे मन में उठता है.. क्या वहां कहीं जीवन होगा? क्या अंतरिक्ष सिर्फ शून्य और अंधकार से भरा है या उसके पार भी कुछ है? वैज्ञानिकों का मानना है कि हमारा ब्रह्मांड अनंत है जिसमें न जाने कितने आकाशगंगाएं हैं, कितने ग्रह और जानें क्या-क्या रहस्य छिपे हुए हैं।

## अंतरिक्ष में छिपे हैं जानें कितने रहस्य

आज भी ये प्रश्न अनुत्तरित है कि क्या पृथ्वी के अलावा भी कहीं और जीवन है? कुछ वैज्ञानिक मानते हैं कि किसी न किसी रूप में जीवन की संभावना ब्रह्मांड के किसी न किसी कोने में तो जरूर होगी। खोज में कई ऐसे ग्रह मिले हैं जो हमारी पृथ्वी से काफी मिलते-जुलते हैं। लेकिन ये रहस्य बना हुआ है कि वहां अगर जीवन होगा तो कैसा होगा। हम अपनी कल्पनाओं में एलियंस के चेहरे बनाते मिटाते रहते हैं। साइंस फिक्शन फिल्मों में जाने कितने एलियंस और अंतरिक्ष के छिपे हुए रहस्यों की कल्पनाओं को उकेरा गया है। लेकिन अब भी ये सिर्फ हमारी कल्पनाएं ही हैं। असलियत क्या है..वो जानने में जानें कितनाा समय और लगेगा। मगर अब तक अंतरिक्ष को लेकर जो खोज हुई हैं..

## जानिए स्पेस से जुड़ी ये रोचक बातें

**अंतरिक्ष में बिना सुरक्षा उपकरण के जिंदा रहना नामुमकिन** – अगर कोई व्यक्ति बिना स्पेससूट के अंतरिक्ष में चला जाए तो वो सिर्फ दो मिनट तक ही जीवित रह सकता है। वहां न हवा होती है, न दबाव जिससे शरीर फट सकता है!

**खाने में परेशानी** – स्पेस में भोजन करना भी आसान नहीं। वहां खाने पर नमक या मिर्च सीधे छिड़का नहीं जा सकता क्योंकि वो हवा में तैरने लगेंगे और आंखों में भी जा सकते हैं। इसलिए अंतरिक्ष यात्री खास तरह के liquid food का इस्तेमाल करते हैं।

**सोना भी एक चुनौती** – अंतरिक्ष यात्री जीरो ग्रैविटी के कारण हवा में तैरते रहते हैं, इसलिए उन्हें सोने के लिए खास तरह के स्लीपिंग बैग में खुद को बांधना पड़ता है।

**बृहस्पति का विशाल तूफान** – हमारे सौर मंडल का सबसे बड़ा तूफान बृहस्पति ग्रह पर है, जिसे ग्रेट रेड स्पॉट कहा जाता है। यह धरती से दोगुना बड़ा है और सैकड़ों सालों से लगातार चल रहा है।

**एक स्पेससूट की कीमत करोड़ों में** – नासा के एक स्पेससूट की कीमत लगभग 90 करोड़ रुपये होती है। यह सूट अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित रखने के लिए हाईटेक तकनीक से बना होता है।

**सबसे दूर गया मानव निर्मित यान** – नासा का वॉयेजर 1 अंतरिक्ष यान अब तक 21.7 बिलियन किलोमीटर की दूरी तय कर चुका है और अब भी पृथ्वी से लगातार दूर जा रहा है।

**अंतरिक्ष में आलू की खेती** – 1995 में अंतरिक्ष में पहली बार आलू उगाया गया था जो अंतरिक्ष में भोजन उत्पादन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था।

**अंतरिक्ष में पूरी तरह शांति है** – चौंकाने वाली बात है कि अंतरिक्ष में कोई आवाज़ नहीं होती, क्योंकि वहां हवा नहीं है। यानी अगर आप वहां जोर से चिल्लाएंगे तो भी कोई आपको सुन नहीं पाएगा।

## गोदरेज प्रॉपर्टीज से अहलूवालिया कॉन्ट्रैक्ट्स कंपनी को मिला 396 करोड़ का ऑर्डर




**नईदिल्ली, एजेंसी।** अहलूवालिया कॉन्ट्रैक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड के शेयर 15 अप्रैल, मंगलवार को 8 प्रतिशत से भी ज्यादा की छलांग लगाकर अपने निवेशकों को खुश कर दिए हैं। यह तेजी तब देखने को मिली जब कंपनी ने रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज से बड़ा कंस्ट्रक्शन ऑर्डर हासिल करने की घोषणा की। अहलूवालिया कॉन्ट्रैक्ट्स के शेयरधारकों के लिए यह अच्छी खबर है। इस खबर के बाद बीएसई पर कंपनी का शेयर 933.60 रुपये के इंट्राडे हाई तक पहुंच गया। निवेशकों को उम्मीद है कि यह नया ऑर्डर कंपनी के ऑर्डर बुक और फ्यूचर प्रोजेक्ट्स को मजबूत करेगा।

**क्या है डील–** कंपनी ने सेबी को भेजे एक रेगुलेटरी फाइलिंग में बताया कि उसे गोदरेज प्रॉपर्टीज से 396.50 करोड़ रुपये का डोमेस्टिक कॉन्ट्रैक्ट मिला है। यह प्रोजेक्ट नोएडा के सेक्टर–44 में गोदरेज रिवराइन रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट के चारों टावर्स के मुख्य ढांचे और बाहरी हिस्से (कोर एंड शेल) के काम के लिए है। इसमें क्लब, रिटेल स्पेस, बाउंडरी वॉल, रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, वॉटरप्रूफिंग और एलपीएस जैसे काम भी शामिल हैं। पूरा प्रोजेक्ट 25 महीने में पूरा होना है। लाइव मिंट के मुताबिक गोदरेज प्रॉपर्टीज के साथ यह डील रिलेटेड पार्टी ट्रांजैक्शन नहीं है, यानी कंपनी के प्रमोटर्स का इस सौदे से कोई लेना–देना नहीं।

**शेयर प्राइस ट्रेंड–** यह शेयर अपने 52 हफ्तों के हाई लेवल (1,540 रुपये, जुलाई 2024) से अभी भी 39 प्रतिशत नीचे है, लेकिन फरवरी 2025 के लो लेवल (620.65 रुपये) से इसमें 50 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त दर्ज हुई है। पिछले साल के मुकाबले शेयर में 19 प्रतिशत की गिरावट दर्ज है, लेकिन हाल के महीनों में इसमें तेजी आई है।

## अनिल अंबानी की पावर कंपनी के शेयरों में तूफानी तेजी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** तेजी से झूमते बाजार में अनिल अंबानी के मालिकाना हक वाली कंपनी रिलायंस पावर के शेयरों में तूफानी तेजी आई है। पावर कंपनी के शेयर मंगलवार को बीएसई में 6 पर्सेंट से अधिक चढ़कर 42.60 रुपये पर जा पहुंचे हैं। रिलायंस पावर का मार्केट कैप भी 17,000 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है।



पिछले पांच साल में रिलायंस पावर के शेयरों में 2275 पर्सेंट से अधिक की तेजी देखने को मिली है। स्टैंडअलोन बेसिस पर कंपनी पिछले साल की कर्ज मुक्त हो गई है।

**पांच साल में 1 लाख रुपये के बना दिए 23 लाख रुपये–** अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस पावर के शेयर 17 अप्रैल 2020 को 1.79 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 15 अप्रैल 2025 को 42.60 रुपये पर पहुंच गए हैं। पिछले पांच साल में कंपनी के शेयरों में 2275 पर्सेंट से अधिक की तेजी आई है। अगर किसी व्यक्ति ने 17 अप्रैल 2020 को रिलायंस पावर के शेयरों में 1 लाख रुपये लगाए होते और अपने निवेश को बनाए रखा होता तो मौजूदा समय में 1 लाख रुपये से खरीदे गए शेयरों की वैल्यू 23.79 लाख रुपये होती।

**पुराने स्मार्टफोन्स को नए जैसा...**

# 21 साल के युवा ने किया कमाल, खड़ी कर दी करोड़ों की कंपनी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** गुरुग्राम के 21 साल के नौजवान युग भाटिया ने 2020 में कंट्रोलजेड नाम की एक कंपनी शुरू की थी कंपनी पुराने स्मार्टफोन्स को नए जैसा बनाती है। अब यह शानदार कमाई कर रही है। नई दिल्लीः युग भाटिया ने बेहद कम उम्र में जबर्दस्त सफलता हासिल की है। गुरुग्राम के 21 साल के इस नौजवान ने 2020 में कन्ट्रोल नाम की कंपनी शुरू की थी। यह कंपनी पुराने स्मार्टफोन को नए जैसा बनाने का काम करती है। कंपनी स्मार्टफोन को सिर्फ ऊपर से ही ठीक नहीं करती। अलबत्ता, स्मार्टफोन के अंदर के पाट्र्स को भी बदलती है। कंपनी का लक्ष्य है कि फोन नए जैसे काम करें। युग भाटिया की कंपनी 25 करोड़ रुपये का टर्नओवर करने लगी है। आगे कंपनी का टारगेट इसे बढ़ाकर 100 करोड़ रुपये करने का है। आइए, यहां युग भाटिया की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

### पुराना स्मार्टफोन बन जाता है नया

युग भाटिया कंट्रोल जेड के सीईओ और संस्थापक हैं। यह पुराने स्मार्टफोन को नया बनाने का काम करती है। जब कोई पुराना फोन कंपनी के पास आता है तो उसकी अच्छी तरह से जांच होती है। कुशल इंजीनियर फोन की बैटरी, कैमरा, डिस्प्ले जैसे जरूरी पाट्र्स को ठीक करते हैं। कंपनी फोन के 80 प्रतिशत तक पुराने पाट्र्स को ही इस्तेमाल करने की कोशिश करती है।

**हर पार्ट पर दिया जाता है ध्यान –** युग भाटिया मोबाइलफोन को कंपोनेंट लेवल रिन्यूवल करते हैं। इसका मतलब है कि फोन के हर एक पार्ट को ध्यान से देखा जाता है। जरूरत पड़ने पर वह उसे बदलते हैं। फोन को सिर्फ ऊपर से ठीक नहीं किया जाता है। अंदर के वो सभी जरूरी पार्ट बदल दिए जाते हैं, जिनमें जरा सी भी खराबी की गुंजाइश होती है।

### पर्यावरण पर भी फोकस

युग भाटिया की कंपनी पर्यावरण को बचाने के लिए भी काम कर रही है। नए फोन बनाने से कार्बन का उत्सर्जन होता है, जो पर्यावरण के लिए हानिकारक है। कंपनी पुराने फोनों को ठीक करके बेचती है। इससे कार्बन उत्सर्जन कम होता है। कंपनी ने अब तक 60,000 फोन को ठीक करके बेचा है। इनमें ज्यादातर ऐपल और वनप्लस के हैं। ये फोन नए फोन से 60 प्रतिशत कम कीमत पर बेचे जाते हैं। इसका रिन्यू हब नाम का रिपेयरिंग सेंटर गुरुग्राम में है। यह सेंटर टेक्नोलॉजी और पर्यावरण को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इसका मकसद स्मार्टफोन को नया बनाने के तरीके को बदलना है। यह सेंटर बांस के पेड़ों के बीच में है। इसमें फोन को नया करने के लिए आधुनिक मशीनें, आईएसओ क्लास 7 के साफ कमरे और एआई से चलने वाले जांच सिस्टम हैं।

### 100 करोड़ पर नजर

कंपनी अपनी क्षमता को बढ़ाना चाहती है। वह हर साल 6,00,000 फोन को ठीक करना चाहती है। इसके लिए कंपनी एक रिसर्च डिपार्टमेंट भी बनाने की योजना बना रही है। इससे कंपनी भविष्य में और भी बेहतर तरीके से काम कर पाएगी। कंपनी आगे चलकर 100 करोड़ रुपये के टारगेट को हासिल करना चाहती है। इसका मतलब है कि कंपनी आने वाले सालों में और भी ज्यादा तरक्की करने के मूड में है।

## संस्कारा रिसॉर्ट्स ने ओयो पर करोड़ों के जीएसटी धोखाधड़ी का आरोप लगाया

- **ओयो और उसके मालिक रितेश अग्रवाल के खिलाफ एफआईआर**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जयपुर के एक रिसॉर्ट ने ओयो के खिलाफ एफआई दर्ज कराई है। रिसॉर्ट का कहना है कि ओयो की वजह से उसे करोड़ों रुपये के जीएसटी नोटिस मिले हैं। उसने आरोप लगाया है कि ओयो ने गलत जानकारी दी, जिसके कारण उसे ये नोटिस मिले हैं। मदन जैन, जो संस्कारा रिसॉर्ट्स से जुड़े हैं, उन्होंने अशोक नगर पुलिस स्टेशन में यह शिकायत दर्ज कराई है। उनका कहना है कि उन्हें 2.66 करोड़



रुपये का जीएसटी का कारण बताओ नोटिस मिला है। जैन ने एफआईआर में कहा है कि ओयो ने उनका टर्नओवर बढ़ाने के लिए हजारों फर्जी बुकिंग दिखाई हैं। एफआईआर में ओयो के संस्थापक और ग्रुप सीईओ रितेश अग्रवाल और अन्य लोगों के नाम भी शामिल हैं। ओयो पर धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात, जालसाजी और आपराधिक साजिश के आरोप लगे हैं। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, जयपुर का संस्कारा रिसॉर्ट्स ऑनलाइन बुकिंग और सीधे आने वाले ग्राहकों को सेवाएं देता है। संस्कारा और ओयो के बीच 18 अप्रैल, 2019 को 12 महीने का एक समझौता हुआ था। लेकिन, आरोप है कि ओयो ने वित्तीय वर्ष 2018-19, 2019-20 और 2020-21 के लिए भी संस्कारा में बुकिंग दिखाई।

### रिसॉर्ट का टर्नओवर बढ़ा दिया

मदन जैन ने कहा कि ओयो ने गलत तरीके से बुकिंग दिखाकर उनके रिसॉर्ट का टर्नओवर बढ़ा दिया। इससे उन्हें जीएसटी का भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने पुलिस से ओयो के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। हुसैन खान ने कहा कि ओयो ने कई होटलों को इसी तरह से परेशान किया है। उन्होंने सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप करने और होटलों को न्याय दिलाने की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा कि ओयो के खिलाफ पहले भी कई शिकायतें दर्ज कराई गई हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### एफआईआर में क्या लगाए गए हैं आरोप

एफआईआर में कहा गया है कि 18 अप्रैल, 2019 से 20 अप्रैल, 2020 के बीच ओयो ने संस्कारा को 10.95 लाख रुपये का कारोबार दिया। रिसॉर्ट ने इस पर जीएसटी का भुगतान भी किया। लेकिन, ओयो ने संस्कारा के साथ 22.22 करोड़ रुपये का कारोबार दिखाया है। इस पर 2.66 करोड़ रुपये का जीएसटी और जुर्माना बकाया है। होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष हुसैन खान का कहना है कि लगभग 20 होटलों को ओयो की ओर से दिखाए गए फर्जी बिलों के आधार पर जीएसटी नोटिस मिले हैं।

## गोल्डमैन सैश का दावा: टैरिफ वार और गहराने से बढ़ेगा जोखिम, साल के अंत तक 38 फीसदी महंगा हो सकता है सोना



**नईदिल्ली, एजेंसी।** लगातार नए रिकॉर्ड बना रही सोने की कीमतें व्यापार युद्ध के चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस साल के अंत तक 4,500 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर पहुंच सकती हैं। यह मौजूदा भाव 3,247 डॉलर प्रति औंस से करीब 38 फीसदी अधिक है। यह दावा गोल्डमैन सैश ने किया है। वहीं, कमोडिटी विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक स्तर के अनुरूप घरेलू बाजार में भी सोने की कीमत इस साल के अंत तक 1.30 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच सकती है। गोल्डमैन सैश ने इस साल सोने के दाम के लक्ष्य को तीसरी बार बढ़ाया है। इससे पहले लक्ष्य को बढ़ाकर 3,300 डॉलर प्रति औंस किया था। विदेशी फर्म ने कहा, सामान्य स्थिति में सोना 2025 के अंत तक बढ़कर 3,700 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकता है। अमेरिकी और चीन के बीच व्यापार युद्ध गहराने से अगर जोखिम बढ़ता है, तो कीमती धातु 4,500 डॉलर प्रति औंस का स्तर छू सकती है। सोने की कीमतों में पिछले सप्ताह 6.5 फीसदी का उछाल देखने को मिला था, जो कोविड-19 के बाद सबसे अच्छा साप्ताहिक प्रदर्शन था। देश से कटे एवं तराशे गए हीरे का निर्यात बीते वित्त वर्ष 2024-25 में घटकर करीब दो दशक के निचले स्तर पर आ गया। उद्योग निकाय ने कहा, अमेरिका और चीन में मांग घटने से निर्यात में बड़ी गिरावट आई है।

## गूगल इंडिया को झटका, फेमा उल्लंघन केस में जुर्माने की 50 प्रतिशत राशि जमा करने का निर्देश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने गूगल इंडिया और उसके तीन वरिष्ठ अधिकारियों को विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के कथित उल्लंघन के लिए लगाए गए जुर्माने की 50 प्रतिशत राशि बैंक गारंटी के रूप में जमा करने को कहा है। इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गूगल इंडिया पर 5 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था, साथ ही तीनों अधिकारियों पर संयुक्त रूप से 45 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। यह मामला फेमा की धारा 6(3)(डी) के कथित उल्लंघन से जुड़ा है और इसमें करीब 364 करोड़ रुपये का लेनदेन शामिल है। ईडी के अनुसार, गूगल इंडिया की ओर से गूगल आयरलैंड को वितरक शुल्क के रूप में किए गए भुगतान और गूगल यूएस से उपकरण अधिग्रहण में गड़बड़ी की गई है। एजेंसी ने दलील दी कि गूगल आयरलैंड को देय 363 करोड़ रुपए का भुगतान मई 2014 तक चार वर्षों से अधिक समय तक नहीं किया गया, जबकि गूगल यूएस से प्राप्त 1 करोड़ रुपए मूल्य के उपकरणों का भुगतान जनवरी 2014 तक सात वर्षों से अधिक समय तक नहीं किया गया। ईडी ने इन्हें वाणिज्यिक ऋण के रूप में वर्गीकृत किया, जिसके लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से पूर्व अनुमोदन की आवश्यकता होगी। हालांकि, गूगल इंडिया ने इन आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि उक्त लेनदेन विदेशी मुद्रा ऋण नहीं थे। कंपनी ने इस बात पर जोर दिया कि इसमें कोई ऋण समझौता, आस्थगित भुगतान या ब्याज शामिल नहीं है, तथा उसने 1 जुलाई 2014 को जारी आरबीआई परिपत्र का अनुपालन करने का दावा किया। इससे पहले, 11 जनवरी, 2019 को दिल्ली में एफईएमए के लिए अपीलीय न्यायाधिकरण ने यह कहते हुए जुर्माने पर रोक लगा दी थी कि गूगल इंडिया की अपील में दम है। इसके बाद ईडी ने रोक को चुनौती देते हुए दूसरी अपील दायर की। न्यायमूर्ति वी कामेश्वर राव और न्यायमूर्ति एस रचैया की खंडपीठ ने कहा कि न्यायाधिकरण का स्थगन केवल प्रारंभिक राय पर आधारित था। उन्होंने अब गूगल इंडिया और संबंधित अधिकारियों को दो सप्ताह के भीतर कुल जुर्माने की आधी राशि के लिए बैंक गारंटी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

## डिफेंस कंपनी को डीआरडीओ और पीएसयू से मिले ऑर्डर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एयरोस्पेस एंड डिफेंस इंडस्ट्री की कंपनी अपोलो माइक्रो सिस्टम्स के शेयर मंगलवार को 3 पर्सेंट से अधिक उछलकर 116.60 रुपये पर पहुंच गए हैं। डिफेंस कंपनी के शेयरों में यह उछाल नए ऑर्डर मिलने की वजह से आया है। अपोलो माइक्रो सिस्टम्स ने बताया है कि उसे डीआरडीओ, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और एक प्राइवेट कंपनी से 7.52 करोड़ रुपये के ऑर्डर मिले हैं। इसके अलावा, कंपनी डीआरडीओ और पीएसयू की तरफ से 11.48 करोड़ रुपये के ऑर्डर के लिए लोएस्ट बिडर घोषित की गई है।




**पांच साल में 1930 प्रतिशत से ज्यादा उछल गए हैं कंपनी के शेयर–** अपोलो माइक्रो सिस्टम्स के शेयर पिछले पांच साल में 1930 पर्सेंट से अधिक चढ़ गए हैं। डिफेंस कंपनी के शेयर 17 अप्रैल 2020 को 5.73 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 15 अप्रैल 2025 को 116.60 रुपये पर जा पहुंचे हैं। पिछले चार साल में कंपनी के शेयरों में 1185 पर्सेंट से ज्यादा की तेजी आई है। वहीं, पिछले तीन साल में अपोलो माइक्रो सिस्टम्स के शेयर करीब 700 पर्सेंट उछल गए हैं। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 88.10 रुपये है।

# सप्ताह में 90 घंटे काम करने की बात कर रहे हैं हम, जापान ने 4 दिन का सप्ताह शुरू कर दिया

- **भारत में कुछ उद्योगपति काम के घंटे बढ़ाने की बात कर रहे हैं**
- **टोक्यो शहर की सरकार ने यह नया नियम शुरू किया**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत में फिलहाल एक दिन में आठ घंटे काम करने का नियम है। इसे बढ़ा कर सप्ताह में 70 और 90 घंटे तक करने की बहस चल रही है। इस पर समाज में तीव्र प्रतिक्रिया भी हुई है कि जब दफ्तर में ही इतना समय देंगे तो घर-परिवार का क्या होगा। इस बीच जापान ने इस बारे में एक क्रांतिकारी फैसला किया है। जापान में अब ज़्यादातर लोग हफ़्ते में सिर्फ चार दिन काम करेंगे। टोक्यो शहर की सरकार ने यह नया नियम शुरू किया है। इसका मकसद है कि कामकाजी माता-पिता अपने बच्चों और परिवार का अच्छे से ध्यान रख सकें। एक रिपोर्ट में इसका जिक्र किया गया है। रिपोर्ट में टोक्यो की गवर्नर यूरिको कोइके का जिक्र किया गया है। उन्होंने कहा है कि वह यह सुनिश्चित करना चाहती हैं कि महिलाओं को परिवार और नौकरी में से किसी एक को चुनने के लिए मजबूर न होना पड़े। उन्होंने टोक्यो मेट्रोपॉलिटन असेंबली को बताया, हम एक ऐसा समाज



बनाना चाहते हैं जहां बच्चे पैदा करने जैसी घटनाओं से महिलाओं के करियर पर कोई असर न पड़े। इसका मतलब है कि बच्चे होने के बाद भी महिलाएं आराम से नौकरी कर सकें।जापान ने अपने लोगों के लिए काम और जीवन को संतुलित करने का एक तरीका निकाला है। लेकिन, भारत में कुछ लोग चाहते हैं कि काम के घंटे बढ़ा दिए जाएं। कुछ लोगों का कहना है कि भारतीयों को एक हफ्ते में 90 घंटे तक काम करना चाहिए। एल एंड टी के चेयरमैन एस.एन. सुब्रमण्यन ने हाल ही में कहा था कि भारतीयों को 90 घंटे काम करना चाहिए। इससे पहले, इंफोसिस के संस्थापक एन.आर. नारायण मूर्ति ने भी कहा था कि युवा पेशेवरों को देश के विकास के लिए 70 घंटे काम करना चाहिए। जापान में लोगों की घटती आबादी एक बड़ी समस्या है। वहां बच्चे कम पैदा हो रहे हैं। एक महिला के औसतन 1.2 बच्चे होते हैं, जबकि आबादी को स्थिर रखने के लिए यह संख्या 2.1 होनी चाहिए। इसका मतलब है कि जापान में बच्चे पैदा करने की दर बहुत कम है। जनवरी से जून 2024 तक, जापान में सिर्फ 3,50,074 बच्चे पैदा हुए। ये पिछले साल के मुकाबले 5.7 प्रतिशत कम है।

### आबादी बूढ़ी हो रही है

बूढ़ी होती आबादी की वजह से जापान में काम करने वाले लोगों की कमी हो गई है। रिसर्च से पता चला है कि काम के घंटे कम करने से घर के काम का बोझ कम होता है। इससे पुरुषों को घर के काम और बच्चों की देखभाल में मदद करने का मौका मिलता है। एक रिसर्च में पाया गया कि जो पुरुष हफ्ते में चार दिन काम करते हैं, वे अपने बच्चों के साथ 22 प्रतिशत ज़्यादा समय बिताते हैं और घर के कामों में 23 प्रतिशत ज़्यादा मदद करते हैं।

### कई देशों में काम के कम घंटे

दुनिया भर में अब कई देश काम के घंटे कम करने की कोशिश कर रहे हैं। ब्रिटेन में 5,000 कर्मचारियों वाली 200 से ज़्यादा कंपनियों ने चार दिन काम करने का नियम लागू कर दिया है। डेनमार्क, नॉर्वे और ऑस्ट्रिया जैसे नॉर्डिक देशों में लोग हफ्ते में औसतन 26 से 28 घंटे ही काम करते हैं। यमन में तो लोग सिर्फ 25.9 घंटे ही काम करते हैं। ये आंकड़े इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन ने दिए हैं। भारत में भी एक कंपनी ने काम के घंटे घटाने की घोषणा की है। लेकिन, हर जगह ऐसा नहीं है। भूटान और सूडान में लोग हफ्ते में सबसे ज़्यादा काम करते हैं। वहां लोग औसतन 54.5 और 50.8 घंटे काम करते हैं।

# भारत के बांग्लादेश दौरे के लिए शेड्यूल जारी

**3 वनडे और 3 टी-20 मैच खेले जाएंगे, 17 अगस्त से खेली जाएगी सीरीज**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम इस साल अगस्त में बांग्लादेश दौरे पर जाएगी। इस दौरे पर मेजबान बांग्लादेश टीम इंडिया के साथ 3 मैच की वनडे सीरीज और 3 मैच की टी-20 सीरीज खेलेगा। इसकी शुरुआत 17 अगस्त से होगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने मंगलवार, 15 अप्रैल को इसका शेड्यूल जारी किया।

पहला मैच 17 अगस्त को मीरपुर में खेला जाएगा इस सीरीज का पहला मैच 17 अगस्त को मीरपुर में खेला जाएगा। इसके बाद दूसरा वनडे 20 अगस्त को मीरपुर में ही खेला जाएगा। फिर सीरीज का तीसरा और आखिरी मैच 23 अगस्त को चट्टोग्राम में खेला जाएगा। वनडे सीरीज के बाद 3 मैचों की टी-20 सीरीज भी खेली जाएगी। टी-20 सीरीज का आगाज 26 अगस्त को चट्टोग्राम में ही होगा। 2014 में आखिरी बार बांग्लादेश में जीती सीरीज भारत और बांग्लादेश के बीच अब तक कुल 5 वनडे सीरीज खेली गई है। यह सभी सीरीज बांग्लादेश में ही खेली गई हैं। इसमें से भारत 3 और बांग्लादेश 2 सीरीज जीता। आखिरी के दोनों सीरीज बांग्लादेश ने जीते हैं। भारतीय टीम आखिरी बार 2014 में वनडे सीरीज जीती थी। वहीं, दोनों टीमों के बीच अब तक 2 टी-20 सीरीज खेली गई है। ये दोनों भारत ने जीते हैं। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने इसी महीने बताया कि बोर्ड पटौदी ट्रॉफी को रिटायर करने वाला है। भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाली टेस्ट सीरीज को पटौदी ट्रॉफी कहा जाता है। 2007 में इसकी शुरुआत हुई थी, लेकिन 2025 में ट्रॉफी का नाम बदल दिया जाएगा। नया नाम क्या होगा, यह अब तक तय नहीं हुआ।



## 43 साल 281 दिन...

## एमएस धोनी ने रचा इतिहास, पीओएम अवार्ड पाने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने माही

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान एमएस धोनी ने 11 गेंदों में 26 रनों की नाबाद पारी खेलकर टीम को 3 गेंद शेष रहते 5 विकेट से जीत दिलाई. ये टीम की इस सीजन दूसरी जीत है. मुकाबला लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा था, जहां लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई के सामने 167 रनों का लक्ष्य रखा था. धोनी को प्लेयर ऑफ द मैच के लिए चुना गया. उन्होंने 6 साल बाद ये अवार्ड आईपीएल में जीता है, जिसके बाद उन्होंने नया इतिहास रच दिया है.

एमएस धोनी आईपीएल इतिहास में प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड पाने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं. उन्होंने प्रवीण तांबे का रिकॉर्ड तोा, जिन्होंने 43 साल 60 दिन की उम्र में ये अवार्ड जीता था. एमएस धोनी ने 43 साल 281 दिन की उम्र में प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड जीता. एमएस धोनी का ये आईपीएल में 18वां प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड है. 2008 में जब उन्होंने पहली बार ये अवार्ड जीता था तब उनकी उम्र 25 साल थी. इससे पहले आखिरी बार उन्हें 2019 में ये अवार्ड दिया गया था, तब उनकी उम्र 37 साल थी.



## रोहित को कप्तान बनाओ

**फैन को मुंबई इंडियंस की मालिक नीता अंबानी ने दिया जवाब**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रोहित शर्मा के लिए फैंस का प्यार जग जाहिर है और मुंबई इंडियंस के फैंस अब भी उन्हें कप्तान के रूप में देखते हैं भले ही कप्तानी हार्दिक पांड्या के हाथों में हो। शिरडी मंदिर के बाहर मुंबई इंडियंस के एक फैन ने टीम की मालिक नीता अंबानी से रोहित को फिर से कप्तान बनाने का अनुरोध किया। इस पर अंबानी ने का जवाब वायरल हो रहा है।

पिछले साल जब मुंबई इंडियंस की कप्तानी रोहित के हाथों से छीनकर हार्दिक पांड्या को सौंपी गई थी तो फैंस ने इसका बहुत विरोध किया था। फैंस ने मैचों के दौरान मैदान में हूटिंग भी की थी और पांड्या का काफी मनोबल भी गिरा था। लेकिन फ्रेंचाइजी अपने फैसले पर कायम रही और उन्हें दूर की सोच वाला फैसला बताया था। फैंस ने हार्दिक को कप्तान के रूप में स्वीकार कर लिया है लेकिन वह अभी भी रोहित को ही मुंबई के कप्तान के रूप में देखते हैं जिन्होंने टीम को पांच बार खिताब दिलाने में मदद की है। प्रशंसक ने नीता अंबानी से हाथ जोड़कर अनुरोध किया, रोहित शर्मा को कप्तान बनाओ। इस पर अंबानी ने जवाब दिया, बाबा की मर्जी (भगवान पर छोड़ दो)।

मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2025 अभियान की चुनौतीपूर्ण शुरुआत की है और टीम को 6 मैचों में केवल दो में जीत हासिल हुई है। टीम इस समय 4 अंक के साथ अंक तालिका में 7वें स्थान पर है। जहां तक रोहित शर्मा के प्रदर्शन का सवाल है तो उन्होंने 5 मैचों में 11.20 की औसत से सिर्फ 56 रन बनाए हैं और आईपीएल 2025 के दौरान किसी भी पारी में 20 से अधिक रन बनाने में विफल रहे हैं।


## श्रेयस अय्यर बने आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी, रचिन को पछाड़ा



**दुबई, एजेंसी।** भारत की चैंपियंस ट्रॉफी की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले कलात्मक बल्लेबाज बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने मंगलवार को मार्च महीने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार हासिल किया। अय्यर ने चैंपियंस ट्रॉफी एकदिवसीय प्रतियोगिता में सर्वाधिक 243 रन बनाए थे। उन्होंने इस पुरस्कार की दौड़ में न्यूजीलैंड के जैकब डफी और रचिन रवींद्र को पीछे छोड़ा। अय्यर ने आईसीसी विज्ञप्ति में कहा, 'मार्च महीने के लिए आईसीसी का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुने जाने पर मैं वास्तव में सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह सम्मान अविश्वसनीय रूप से विशेष है, खासकर उस महीने में जब हमने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। एक ऐसा क्षण जिसे मैं हमेशा अपनी यादों में संजो कर रखूंगा। उन्होंने कहा, 'प्रत्येक क्रिकेटर का सपना होता है कि वह इतनी बड़ी प्रतियोगिता में भारत की जीत में योगदान दे। मैं अपने साथियों, कोचों और सहयोगी स्टाफ का उनके अटूट समर्थन और विश्वास के लिए आभारी हूं। प्रशंसकों को भी दिल से धन्यवाद। आपकी ऊर्जा और प्रोत्साहन हमें हर कदम पर आगे बढ़ने में मदद करते हैं।

**हॉकी**

## ऑस्ट्रेलिया में दिखेंगी काशी की पूजा, पहली बार भारतीय महिला हॉकी टीम में जिले का प्रतिनिधित्व



**वाराणसी, एजेंसी।** अपने इस चयन पर पूजा ने कहा कि मैं ऑस्ट्रेलिया में शत-प्रतिशत शानदार प्रदर्शन करूंगी। अनुशासन और ईमानदारी से ही आप आगे बढ़ सकते हैं। सफलता का कोई शॉर्ट कट नहीं होता है।

भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज खेलेगी। भारतीय महिला हॉकी टीम में वाराणसी के गंगापुर की निवासी पूजा यादव का चयन हुआ है। मिडफील्डर पूजा वाराणसी की पहली महिला हॉकी खिलाड़ी बन गई जिसका चयन भारतीय महिला हॉकी टीम में शामिल किया गया है। पूजा ने बैंगलोर से फोन पर बातचीत में बताया कि आज वह अपने माता-पिता की तपस्या के कारण पहुंची है। पिता महेंद्र यादव दूध बेचने का काम करते हैं। माता कलावती देवी ग्रहणी हैं। वह छह बहन व एक भाई हैं। वह पांचवें नंबर पर है। ओलंपियन ललित उपाध्याय की वीडियो देख वह प्रेरित होती हैं। गंगापुर से उसने अपनी हॉकी यात्रा शुरू की। वहां से साई के कोच द्वारा खेल निखारा। अभी लखनऊ साई हॉस्टल में है। पूर्वांचल विश्विद्यालय जौनपुर से बीए कर रही हैं।

हॉकी वाराणसी के अध्यक्ष डॉ. एके सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों के कारण खेलों का बहुत विकास हो रहा है। कहा कि पूजा के चयन के बाद बालिका खिलाडियों मे इस खेल की तरफ और आकर्षित होंगी। हॉकी वाराणसी के सचिव केबी रावत ने कहा कि बनारस के हॉकी के लिए 14 अप्रैल, 2025 यादगार लम्हा बन गया। पहली बार वाराणसी की महिला हॉकी खिलाड़ी को नीली जर्सी पहनने का मौका मिला है।

## विनोद कांबली की मदद के लिए आगे आए सुनील गावस्कर, मेडिकल खर्चे के साथ हर महीने देंगे इतने पैसे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विनोद कांबली के लिए सुनील गावस्कर ने मदद का हाथ बढ़ाया है. ये मदद गावस्कर के फाउंडेशन की ओर से की जाएगी. इस मदद के तहत कांबली को हर महीने 30000 रुपये आगे पूरी जिंदगी दिए जाएंगे. उसके अलावा उन्हें पूरे साल के मेडिकल खर्चे के तौर पर 30000 रुपये अलग से भी मिलेंगे. सुनील गावस्कर के चेम्स फाउंडेशन की शुरुआत 1999 में इसी मकसद के साथ हुई थी कि उससे जरूरतमंद इंटरनेशनल क्रिकेटरों को मदद की जाएगी.

रिपोर्ट के मुताबिक, विनोद कांबली को हर महीने 30000 रुपये फाउंडेशन की ओर से देने की प्रक्रिया को 1 अप्रैल से ही लागू कर दिया गया है. 53 साल के कांबली आगे अब जब तक जिंदा रहेंगे, उन्हें ये पैसे मिलते रहेंगे. इसके अलावा उन्हें 30000 रुपये का सालाना मेडिकल खर्च जो मिलेगा, वो अलग से होगा.

### जनवरी में मुलाकात, अप्रैल में मदद का हाथ

विनोद कांबली से सुनील गावस्कर की मुलाकात वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं सालगिरह पर 11 जनवरी को हुई थी. उस दौरान कांबली, गावस्कर के पैर छूते हुए इमोशनल हो गए थे. उस मुलाकात के बाद अब सुनील गावस्कर के फाउंडेशन का ये फैसला स्वागत के योग्य है.

### कांबली की तबीयत बिगड़ने के बाद लिया मदद करने का फैसला

पिछले साल दिसंबर में विनोद कांबली की तबीयत काफी बिगड़ गई थी. उन्हें यूरिन इंफेक्शन हो गया था, जिसके बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था. कांबली के सेहत के बिगड़ने के बाद से ही गावस्कर उनकी मदद करने को लेकर इच्छुक थे. वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं सालगिरह के दौरान गावस्कर सिर्फ विनोद कांबली से ही नहीं बल्कि उनके दो डॉक्टरों से भी मिले. जिसके बाद उनका बाएं हाथ के पूर्व बल्लेबाज को मदद करने का इरादा और पुख्ता हो गया.

### मदद पाने वाले कांबली दूसरे क्रिकेटर

भारत के लिए 17 टेस्ट और 104 वनडे खेलने वाले विनोद कांबली, सुनील गावस्कर के चेम्स फाउंडेशन से मदद पाने वाले दूसरे क्रिकेटर होंगे. उनसे पहले पूर्व क्रिकेटर सलीम दुर्रानी को भी ये फाउंडेशन मदद कर चुका है.

## ऋषभ पंत को पूर्व क्रिकेटर वसीम जाफर का सुझाव, उसे इस मामले में बेहतर होने की जरूरत है



**नई दिल्ली, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 49 गेंदों में 63 रन बनाकर ऋषभ पंत ने फॉर्म में वापसी के संकेत दिए हैं लेकिन पूर्व भारतीय क्रिकेटर वसीम जाफर ने कहा कि लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान को स्ट्राइक रोटेशन में सुधार करने पर भी ध्यान देना चाहिए। जाफर ने पंत की अटकने और फिर बड़े शॉट लगाने की प्रवृत्ति पर प्रकाश डाला। उन्होंने सुझाव दिया कि पंत को अपने स्ट्राइक रोटेशन कौशल में सुधार करने की जरूरत है, जबकि इस क्षेत्र में कोहली की महारत पर जोर दिया। जाफर ने कहा, मुझे नहीं पता कि वह ऐसा करने की कोशिश करता है या नहीं (स्ट्राइक रोटेट करना), कोहली इसमें माहिर हैं। वह स्ट्राइक से बहुत अच्छी तरह से दूर हो जाता है, क्योंकि वह हर तरफ खेल सकता है। लेकिन पंत कभी-कभी अटक जाता है और यही समस्या है। फिर वह बड़ा शॉट लगाने की कोशिश करता है। मुझे लगता है कि उसे स्ट्राइक रोटेट करने में भी बेहतर होने की जरूरत है।

# इस पाकिस्तानी बल्लेबाज ने पीएसएल में गाड़ा झंडा, 9 पारियों में ठोका चौथा शतक

**कराची, एजेंसी।** भारत में आईपीएल के रोमांच के बीच पड़ोस के देश में पीएसएलका भी तूफान उठा है, जहां 14 अप्रैल की शाम खेले मुकाबले में एक पाकिस्तानी बल्लेबाज ने अपने नाम के झंडे गाड़ दिए. उसने शतक जड़ा. जो कि किसी पाकिस्तानी बल्लेबाज के बल्ले से निकला दूसरा सबसे तेज शतक रहा. हम बात कर रहे हैं साहिबजादा फरहान की, जिन्होंने इस्लामाबाद यूनाइटेड और पेशावर जाल्मी के बीच खेले मुकाबले में शानदार शतक ठोका और टीम की जीत के हीरो बने. साहिबजादा फरहान मैच में बाबर आजम की टीम पेशावर जाल्मी को हराने वाली इस्लामाबाद यूनाइटेड का हिस्सा थे. साहिबजादा फरहान ने किया क्या, अब जरा वो जान लीजिए. उन्होंने सिर्फ 49 गेंदों में पेशावर जाल्मी के खिलाफ अपना शतक पूरा किया. उनकी कुल इनिंग 52 गेंदों की रही, जिसमें 5 छक्के और 13 चौके के साथ



उन्होंने 203.84 की स्ट्राइक रेट से 106 रन बनाए. ये पीएसएल में किसी पाकिस्तानी बल्लेबाज के बल्ले से निकला दूसरा सबसे तेज शतक रहा. इससे पहले पीएसएल 2023 में उस्मान खान ने 36 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया था.

### 9 पारियों में जमाया चौथा शतक

पेशावर जाल्मी के खिलाफ मैच में शतक जड़कर साहिबजादा फरहान एक कैलेंडर ईयर में 4 शतक जड़ने वाले पहले पाकिस्तानी और ओवरऑल दुनिया के 5वें बल्लेबाज बन गए हैं. चारों शतक उन्होंने सिर्फ 9 पारियों में जमाए हैं. पेशावर जाल्मी के खिलाफ जमाए शतक के बाद साहिबजादा फरहान पीएसएल के मौजूदा सीजन में फिलहाल सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बने हैं. उन्होंने अब तक खेले 2 मैचों के पीएसएल 10 में 131 रन बना लिए हैं.

### बाबर आजम की टीम बुरी तरह हारी

साहिबजादा फरहान की शतक की बदौलत इस्लामाबाद यूनाइटेड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 243 रन बनाए. अब बाबर आजम की टीम पेशावर जाल्मी के सामने 244 रन का लक्ष्य था. मगर इसका पीछा करते हुए पेशावर जाल्मी पूरे 20 ओवर भी नहीं खेल सकी और 141 रन पर ही ढेर हो गई. पेशावर जाल्मी की ओर से मोहम्मद हैरिस को छोड़ बाकी सारे बल्लेबाज नाकाम रहे. हैरिस ने 47 गेंदों पर 87 रन बनाए. बाबर आजम का खाता मुश्किल से खुला मगर वो 1 रन से आगे नहीं बढ़. आधी टीम 100 रन के अंदर ही सिमट चुकी है. ऐसे में जीत की उम्मीद बेमानी थी. नतीजा ये हुआ कि इस्लामाबाद यूनाइटेड ने पेशावर जाल्मी को 102 रन से हरा दिया.

## एटली की फिल्म को लेकर आया बड़ा अपडेट

# फिल्म में दो अभिनेत्रियों के साथ रोमांस करेंगे अल्लू अर्जुन

अल्लू अर्जुन तमिल डायरेक्टर एटली की अगली फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगे। वहीं फिल्म को लेकर जानकारी आई है कि इस फिल्म में अल्लू के साथ एक नहीं बल्कि दो अभिनेत्रियां रोमांस करती नजर आएंगी।

जवान फिल्म के निर्देशक एटली अब एक और दमदार फिल्म पर काम कर रहे हैं, जिसमें अल्लू अर्जुन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में अल्लू के साथ दो बॉलीवुड अभिनेत्रियां नजर आएंगी। जानिए कौन हैं वे दो अभिनेत्रियां जो करेंगी अल्लू की फिल्म में कमाल।

### फिल्म के बारे में जानकारी

बहरहाल, फिल्म का प्री-प्रोडक्शन शुरू हो चुका है। पुष्पा 2 की सफलता के बाद अल्लू अर्जुन के फैंस उनकी हर फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अपने जन्मदिन पर उन्होंने एटली के साथ नई फिल्म की घोषणा की थी, जिसे सन पिक्चर्स प्रोड्यूस कर रहा है। हॉलीवुड के बड़े स्टूडियो भी इस प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। फिल्म में खलनायक की भूमिका भी एक बड़ा सितारा निभाएगा, लेकिन अभी उसका नाम फाइनल नहीं हुआ है।



### फिल्म में होंगी दो हीरोइन

ओटीटी प्ले की एक खबर के मुताबिक, अल्लू के साथ इस फिल्म में दो बॉलीवुड हीरोइन होंगी। जान्हवी कपूर का नाम लगभग फाइनल है, जबकि दूसरी हीरोइन के लिए दिशा पटानी और श्रद्धा कपूर जैसी अभिनेत्रियों से बात चल रही है। एटली इस फिल्म को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनाना चाहते हैं, जिसमें ढेर सारे ग्राफिक्स और वीएफएक्स होंगे।

# 'जाट' में अभिनय करके गदगद हुए विनीत सिंह

### सनी देओल के साथ काम करने को बताया सपना



विनीत कुमार सिंह ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के साथ 'जाट' की बीटीएस तस्वीरें शेयर की। इसके साथ ही उन्होंने अपनी पहली साउथ की फिल्म को लेकर निर्देशक और सनी देओल का आभार जताया। अभिनेता विनीत कुमार सिंह 'छावा' में अपने किरदार के लिए प्रशंसा प्राप्त करने के बाद अब 'जाट' में नजर आए हैं। सनी देओल की मुख्य भूमिका वाली फिल्म में अभिनेता ने खलनायक की भूमिका अदा की है। सोमवार को विनीत ने 'जाट' की कुछ बीटीएस तस्वीरें शेयर की। इन तस्वीरों में वह सेट पर सनी देओल निर्देशक के साथ नजर आए। इस पोस्ट के साथ अभिनेता ने एक लंबा-चौड़ा नोट भी लिखा।

**सनी देओल और निर्देशक का जताया आभार**

'जाट' की बीटीएस तस्वीरों को शेयर करते हुए अभिनेता ने लिखा, ''जाट' के कुछ बिहाइंड द सीन पलों को शेयर करते हुए वाकई बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। मुझ पर विश्वास करने और सोमुलु को जीवंत करने के लिए निर्देशक गोपीचंद का दिल से आभार। यह पहली बार है जब मैं खलनायक की भूमिका निभा रहा हूं। मैंने इसके बारे में कभी नहीं सोचा था। उनके दृढ़ विश्वास ने मुझे यह कदम उठाने के लिए प्रेरित किया। इस भूमिका ने मुझे बहुत कुछ सिखाया। मैं इसके लिए आभारी हूं।'

**सनी देओल के साथ काम करने को बताया सपना**

विनीत ने आगे लिखा, 'मेरे बचपन के हीरो सनी देओल सर के साथ काम करना एक सपने के सच होने जैसा था। उनके मार्गदर्शन और गर्मजोशी के लिए आभारी हूं। रणदीप हुड्डा और मेरे सभी शानदार को-एक्टर्स को बहुत-बहुत धन्यवाद। सोमुलु के किरदार के लिए और सेट को परिवार जैसा महसूस कराने के लिए लेखकों विवेक, सौरभ गुप्ता और निश्चित रूप से गोपी सर को धन्यवाद।' साथ ही अभिनेता ने निर्माता और पूरी टीम का धन्यवाद दिया। अभिनेता ने कहा, एक्शन डायरेक्टर राम सर, लक्ष्मण सर, पीटर मास्टर, वेंकटेश सर का शुक्रिया। आप सभी के प्यार से अभिभूत हूं। 'छावा' और 'सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव' के बाद इस साल 'जाट' तीसरी सफल फिल्म है।'

**साउथ की पहली फिल्म करने पर जताया शुक्रिया**

अभिनेता ने साउथ में पहली फिल्म करने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने लिखा, 'यह मेरा पहला साउथ प्रोडक्शन है। मैं इसमें शामिल सभी लोगों के जुनून और प्रतिभा से अभिभूत हूं। इस टीम के साथ काम करना एक सपना रहा है। मैं इस अनुभव के लिए बहुत आभारी हूं।' अभिनेता ने भविष्य में आने वाले अवसरों के लिए उत्साह जताया और कहा कि वह जल्द ही कुछ नया लेकर मिलते हैं।

**'जाट' बॉक्स ऑफिस कलेक्शन**

'जाट' के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो पांच दिनों में फिल्म ने बॉक्स ऑफिस से 42.7 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। सनी देओल की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 100 करोड़ रुपये के बजट में बनी है।



गोल्डन टेंपल पहुंचे अक्षय कुमार-अनन्या पांडे-आर माधवन

# प्रमोशन में जुटी केसरी चैप्टर 2 की स्टार कास्ट

**बॉलीवुड** अभिनेत्री अनन्या पांडे ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक तस्वीर शेयर की हैं, जिसमें उनके साथ आर माधवन और अक्षय कुमार हाथ जोड़े खड़े नजर आ रहे हैं। दरअसल, यह तस्वीर पंजाब के अमृतसर की है, जहां पर केसरी चैप्टर 2 की स्टार कास्ट रिलीज से पहले वाहेगुरु का आशीर्वाद लेने पहुंची है।

केसरी चैप्टर 2 18 अप्रैल 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में अक्षय कुमार, आर माधवन और अनन्या पांडे मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म की रिलीज से पहले पूरी कैस्टरी चैप्टर 2 की पूरी स्टार कास्ट अमृतसर पहुंची, जहां पर उन्होंने गोल्डन टेंपल में फिल्म की सफलता के प्रार्थना की। अनन्या ने कुछ ही देर पहले इंस्टाग्राम पर गोल्डन टेंपल की एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें केसरी चैप्टर 2 के तीनों मुख्य कलाकार नजर आ रहे हैं। माधवन ने सफेद कुर्ता पहना है, अनन्या ने हल्के पिंग रंग का सूट पहना है और अक्षय ने ब्लू रंग का कुर्ता पहना हुआ है। ये तीनों हाथ जोड़े खड़े नजर आ रहे हैं। इस शानदार तस्वीर के साथ अनन्या ने कैप्शन में लिखा, वाहेगुरु जी का खालसा वाहेगुरु जी की फतेह केसरी चैप्टर 2

# श्रुति हासन ने बताया चिल करने के लिए उनकी पसंदीदा जगह



अभिनेत्री श्रुति हासन ने बताया कि चिल करने के लिए उनकी पसंदीदा जगह घर पर उनकी शानदार कंक्रीट की रसोई है। श्रुति ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह गाजर, प्याज और खीरे के साथ किमची पानी, लहसुन, सोया सॉस और तिल के तेल के साथ सलाद बना रही हैं। पोस्ट के साथ अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, मुझे अपने खूबसूरत कंक्रीट की रसोई में आए काफी समय हो गया है, जो चिल करने के लिए मेरी पसंदीदा जगह है। मुझे इनमें से कोई भी रेसिपी बनाए काफी समय हो गया है, जिसे बनाना मुझे बहुत पसंद है, क्योंकि मुझे लोगों के साथ खाना और प्यार बांटना बहुत पसंद है. अभिनेत्री ने आगे लिखा, बोन एपेटिट, इसे बनाना आसान है और यह बहुत हेल्दी और स्वादिष्ट है (यह फ्रिज से निकालते ही और भी स्वादिष्ट लगता है)। वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री अपकमिंग फिल्म कुली में सुपरस्टार रजनीकांत के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करती नजर आएंगी। फिल्म 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। 4 अप्रैल को एक्स पर पोस्ट शेयर कर प्रोडक्शन बैनर सन पिक्चर्स ने घोषणा की थी। प्रोडक्शन हाउस की ओर से एक पोस्ट में लिखा गया, कुली 14 अगस्त से दुनिया भर में। लोकेश कनकराज के निर्देशन में बनी एक्शन-थ्रिलर कुली में रजनीकांत के अलावा, नागार्जुन, उपेंद्र, सौबिन शाहिर और सत्यराज सहित कई सितारे अहम भूमिकाओं में हैं। जानकारी के अनुसार अभिनेता आमिर खान भी फिल्म में कैमियो भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म में रेबे, मोनिका जॉन और जूनियर एमजीआर भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। इस फिल्म के जरिए अभिनेता सत्यराज और रजनीकांत लगभग 38 साल बाद एक साथ काम करते हुए नजर आएंगे। दोनों आखिरी बार सुपरहिट तमिल फिल्म मिस्टर भारत में साथ देखा गया था, जो 1986 में रिलीज हुई थी।



# सामंथा ने फिल्म इंडस्ट्री में वेतन को लेकर उठाए सवाल

अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने सिनेमा की दुनिया में वेतन को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। अभिनेत्री ने फिल्म इंडस्ट्री में हो रही इस तरह की असमानता पर सवाल उठाए हैं। अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने हाल ही में फूडफार्मर से एक इंटरव्यू के दौरान सिनेमा उद्योग के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि वो कई फिल्मों कर चुकी हैं, जिसमें उन्हें उसी समान किरदार के लिए अलग-अलग वेतन दिए गए। यह चीज उनके समझ से परे है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि कुछ बड़ी फिल्मों होती है, जिसमें फिल्म के नायक ही सबकुछ होते हैं क्योंकि वही दर्शकों को सिनेमाघरों तक लाने का काम करते हैं। अभिनेत्री ने कहा कि वह इसे समझती हैं, लेकिन ऐसी भी फिल्में हैं जिसमें अभिनेत्रियों ने समान तरीके के किरदार किए फिर भी उनमें डिमांड में काफी अंतर रहा।

### गलतियों का ना दोहराने की बात कही

आगे बातचीत में अभिनेत्री ने कहा कि उन्हें भी इंडस्ट्री में 15 साल का अनुभव हो चुका है। उन्होंने कहा कि वह अब अपने करियर में चाह रही हैं कि उन गलतियों को ना दोहराएं, जो उन्हें पहले से दिख रही हैं। आगे बातचीत में उन्होंने कहा कि वह अपनी परिस्थिति को तो नहीं बदल सकती हैं, लेकिन अपने भविष्य के बारे में कुछ कर सकती हैं। सामंथा के वर्क फ्रंट की तो अभिनेत्री आखिरी बार वरुण धवन के साथ अमेजन प्राइम की सीरीज सिटाडेल-हनी बनी में नजर आई थीं। अब अभिनेत्री बतौर फिल्म निर्माता के रूप में भी फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने वाली हैं, फिल्म का नाम है 'शुभम'।

# राणा दग्गुबाती को पसंद आई अक्षय कुमार-माधवन की फिल्म

अभिनेता अक्षय कुमार और आर माधवन की फिल्म केसरी 2 जल्द सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म की रिलीज को कुछ दिन बाकी हैं। आज शनिवार को राणा दग्गुबाती ने इस फिल्म की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि यह ऐसी फिल्म है, जिसे अलग-अलग भाषाओं में दिखाया जाना चाहिए। राणा दग्गुबाती ने शनिवार को फिल्म केसरी 2 देखी। यह ऐतिहासिक कोर्टरूम ड्रामा फिल्म है। राणा ने फिल्म के तेलुगु वर्जन के राइट्स खरीदे हैं और फिल्म देखने के बाद उन्होंने इसकी जमकर तारीफ की है। उन्होंने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसके साथ लिखा है, अभी-अभी एक शानदार ऐतिहासिक कोर्टरूम ड्रामा फिल्म देखी। केसरी चैप्टर 2- द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ जलियांवाला बाग।

**तेलुगु दर्शकों तक पहुंचाने की हर संभव कोशिश**

आगे लिखा है, एक मजबूत और महत्वपूर्ण फिल्म, जो आपके अंदर के भारतीय को गहराई से जगाती है। यह ऐसी कहानी है, जो सभी भाषाओं में देखने लायक है। हम सुरेश प्रोडक्शंस इस सिनेमाई रत्न को तेलुगु दर्शकों तक सिनेमाघरों में बेहतरीन तरीके से पहुंचाने की हर संभव कोशिश करेंगे।

# वक्फ एक्ट के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे साउथ एक्टर विजय



तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) पार्टी के अध्यक्ष और दक्षिण भारतीय फिल्मों के मशहूर एक्टर विजय ने वक्फ एक्ट के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने का फैसला लिया है। वह पहले भी मुखर होकर अल्पसंख्यकों के हितों की बात कर चुके हैं।

इन दिनों वक्फ एक्ट का मुद्दा देश भर में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस एक्ट के पास होने के बाद विपक्षी पार्टियां सरकार का विरोध कर रही हैं। हाल ही में राजनिति में सक्रिय हुए साउथ एक्टर विजय भी वक्फ एक्ट के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। जानिए, क्या है ये पूरा मामला?

**सरकार के फैसले को चुनौती**

हाल ही में दोनों सदनों में बहुमत से पास हुए वक्फ एक्ट के खिलाफ साउथ एक्टर विजय सुप्रीम कोर्ट जाने का मन बना चुके हैं। वह सरकार के इस फैसले, वक्फ एक्ट को चुनौती देने का फैसला कर चुके हैं। विजय सिर्फ एक्टर नहीं है, वह तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) पार्टी के अध्यक्ष भी हैं। एएनआई के अनुसार विजय वक्फ एक्ट के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर चुके हैं।

**लोकतंत्र पर सवालिया निशान लगाने की बात कही**

पिछले दिनों भी अभिनेता विजय ने वक्फ एक्ट का विरोध किया था। उनका कहना था कि यह एक्ट पारित होने का अर्थ है कि हम लोकतंत्र के बुनियादी सिद्धांतों पर सवालिया निशान लगा रहे हैं।' इसके अलावा विजय ने यह भी स्पष्ट किया था कि वह इस मामले में अल्पसंख्यकों के साथ खड़े हैं और उनके साथ मिलकर मौजूदा केंद्र सरकार का विरोध करेंगे।

**ये लोग भी कर रहे हैं विरोध**

वक्फ एक्ट का विरोध सिर्फ साउथ के एक्टर विजय ही नहीं कर रहे हैं, कई राजनेता भी इस लिस्ट में शामिल हैं। इसमें सांसद असदुद्दीन ओवैसी सबसे आगे हैं। वहीं आप आदमी पार्टी से जुड़े अमानतुल्लाह खान भी इस एक्ट का विरोध कर रहे हैं। कई और नाम भी इस लिस्ट में शामिल हैं।

### बाबिल खान से नाराज हुईं हुमा कुरैशी?

# बोलीं- मैं इस लड़के को थप्पड़ मारना चाहती हूं



बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी और बाबिल खान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में दोनों के बीच कुछ ऐसी बात हुई, जिसने नेटिजन्स को सोचने पर मजबूर कर दिया कि क्या सब कुछ ठीक है?

बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने हाल ही में मुंबई के एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान वह इरफान खान के बेटे बाबिल खान पर अपना आपा खो बैठीं। उनके बीच की बातचीत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### वायरल वीडियो में क्या है?

वायरल हो रहे वीडियो में बाबिल खान को हुमा से किसी के बारे में शिकायत करते हुए देखा जा सकता है। बाबिल को कहते हुए सुना जा सकता है, 'उसने फोन भी नहीं उठाया मेरा' हालांकि, अभिनेत्री ने सार्वजनिक रूप से बातचीत से बचने की कोशिश की और उन्होंने जवाब दिया, 'बाद में बात करेंगे'। हालांकि, बाबिल का सवाल यहीं खत्म नहीं हुआ उन्होंने फिर से पूछा, 'वो गुस्सा है मुझसे?', लेकिन हुमा यह कहते हुए चली गईं, 'मुझे नहीं पता।' बाद में हुमा को शिखा तलसानिया से फुसफुसाते हुए सुना गया, 'मैं इस लड़के को थप्पड़ मारना चाहती हूं'।

### नेटिजन्स ने दिया रिएक्शन

हालांकि, बाद में हुमा और बाबिल ने पैपराजी के लिए एक दूसरे के साथ पोज भी दिया, लेकिन नेटिजन्स ने दोनों के बीच तनाव महसूस किया। एक यूजर ने लिखा, 'आपको सीखना चाहिए कि एक लड़की और औरत के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए?', एक अन्य ने लिखा, 'वास्तव में वह क्या कर रहा है? परिपक्व नहीं है।'

साभार एजेंसी